मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 36.4 | 26.8 |
| जमशेदपुर | 34.5 | 19.2 |
| डालटनगंज | 38.6 | 21.9 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 09 मई 2024 बैशाख शुक्ल प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 30 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## मोदी का आरोपः अडानी-अंबानी ने कांग्रेस को दिए पैसे, शहजादे बतायें- अब क्यों नहीं ले रहे इनका नाम

# टेंपो भर-भर कर कांग्रेस को कितने नोट पहुंचे

एजेंसी। हैदराबाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के करीमनगर में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. बुधवार को यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सवाल पूछा कि कांग्रेस ने अचानक अडानी-अंबानी का नाम लेना बंद क्यों कर दिया?

पीएम मोदी ने कहा, आपने देखा होगा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे. जबसे उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडेड हो गया, तबसे उन्होंने एक नई माला जपनी शुरू कर दी. पांच साल से एक ही माला जपते थे. पांच उद्योगपति, पांच उद्योगपति. फिर धीरे-धीरे कहने लगे. अंबानी-अडानी. लेकिन जबसे चुनाव घोषित हुआ है. इन्होंने अंबानी-अडानी को गाली देना बंद कर दिया. प्रधानमंत्री ने कांग्रेस से सवाल किया कि शहजादे घोषित करें. इस चुनाव में अंबानी-अडानी से कितना माल उठाया है. उन्होंने पूछा, काले धन के कितने बोरे भरकर रुपए मारे हैं. क्या टेंपो भरकर नोट कांग्रेस के लिए पहुंचे हैं. क्या सौदा हुआ है. आपने रातोंरात अंबानी-अडानी को गाली देना बंद कर दिया. जरूर दाल में कुछ काला है. पांच साल तक गाली दी और रातोंरात बंद हो गई. मतलब कोई ना कोई चोरी का माल टैंपो भर भर कर आपने पाया है. ये जवाब देना पड़ेगा देश को.

### देश डूबे तो डूबे इनको फर्क नहीं पड़ता

मोदी ने कहा, तेलंगाना में बीआरएस ने लोगों के सपने तोड़ दिए. कांग्रेस का भी यही इतिहास है. आजादी के बाद कांग्रेस ने भी यही किया. देश डूबे तो डूबे, लेकिन इनके परिवार को कोई फर्क नहीं पड़ता. फैमिली फर्स्ट की नीति की वजह से कांग्रेस ने पीवी नरसिम्हा राव का अपमान किया. उनके निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस कार्यालय में एंट्री नहीं दी. यह बीजेपी सरकार ने जिसने पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया. तेलंगाना के करीम नगर में पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए एनडीए सरकार की योजनाओं की तारीफ भी की. उन्होंने कहा, पिछले 10 सालों में एनडीए ने हर सेक्टर को आगे बढ़ाने का काम किया है. हम फार्मिंग सेक्टर को मॉर्डनाइज कर रहे हैं. नेचुरल फार्मिंग, नैनो इंडिया और ड्रोन को प्रमोट कर रहे हैं.

# राहुल ने 103 बार अडानी व 30 बार अंबानी का नाम लिया

एजेंसी। नयी दिल्ली



पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी है. कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने है कि राहुल गांधी ने तीन अप्रैल से अबतक अपने भाषणों में 103 बार अडानी और 30 से अधिक बार अंबानी का जिक्र किया है.

रमेश ने आगे कहा कि मोदानी घोटाला कम से कम दो लाख करोड़ का है. 4 जून 2024 को इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने के बाद जेपीसी का गठन कर इसकी जांच होगी. भाजपा की स्थिति इतनी गड़बड़ाई हुई है कि हम दो-हमारे दो के पप्पा अपनी खुद की संतानों का बलिदान कर रहे हैं. उन्होंने अपने बयान में कहा कि 28 जनवरी 2023 से हमने बार-बार मोदानी घोटाले की जांच के लिए जेपीसी के गठन की मांग की है. 23 अप्रैल और सिर्फ पांच दिन पहले तीन मई को भी हमने इसे दोहराया है. जयराम ने कहा कि जिस व्यक्ति ने भाजपा के लिए 8,200 करोड़ रुपए का चंदा इकट्ठा किया. इतना भयंकर घोटाला किया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी उसे असंवैधानिक घोषित किया, वो दूसरों पर आरोप लगा रहा. याद रखें कि अपने चोर रास्ते से मोदी ने भाजपा के निजी स्वार्थ और सत्ता-लोभ के लिए 4 लाख करोड़ का ठेका-लाइसेंस दिया था. अगर आज ऐसी स्थिति है कि 21 अरबपतियों के पास इतना धन है, जितना कि हमारे 70 करोड़ भारतीयों के पास है, तो यह पीएम मोदी की नीयत और नीति का ही परिणाम है.

### डगमगा रही मोदी की कुर्सी अब मित्रों पर ही हमला शुरू

इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बुधवार को दावा किया कि देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की कुर्सी डगमगा रही है और उन्होंने अपने ही मित्रों पर हमला शुरू कर दिया है. इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि यह चुनाव परिणामों के असली रुझान को दर्शाता है. खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वक्त बदल रहा है. दोस्त दोस्त ना रहा...! तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं. इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है. यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं. बता दें कि इस मामले में कांग्रेस के अन्य नेता भी जम कर पलटवार कर रहे हैं. इसके साथ ही आम लोग भी सोशल मीडिया पर मीम बना कर पीएम मोदी की खिंचाई कर रहे हैं.

# मोदी, राहुल और अडानी-अंबानी

सुरजीत सिंह

**त्वरित टिप्पणी**

*गौतम अडानी. मुकेश अंबानी. दो नाम. दोनों गुजराती. गुजराती उद्योगपति. सबसे बड़े. शीर्ष पर. नरेंद्र मोदी. गुजरात से. मोदी भी शीर्ष पर. राहुल गांधी. अडानी-अंबानी को मोदी का दोस्त बताने वाले. ऐसे में यह जानना समझना दिलचस्प होगा कि राजेनता नरेंद्र मोदी या राहुल गांधी के लिए उद्योगपति अडानी-अंबानी के मायने क्या हैं? क्या सच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति अडानी-अंबानी के बीच रिश्ता है. राहुल गांधी यह सवाल पूछते रहे हैं. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को एक चुनावी भाषण में अडानी-अंबानी पर सवाल उठाया. कहा- राहुल गांधी पिछले पांच साल से अडानी-अंबानी का नाम ले रहे थे. लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, तब से अंबानी-अडानी को गाली देना बंद कर दिया. क्या अडानी-अंबानी ने कांग्रेस के लिए टेंपो भर-भर कर नोट पहुंचाया है. क्या सौदा हुआ है. जो रातों-रात गाली देना बंद कर दिया. जरूर दाल में कुछ काला है. इसके जवाब कांग्रेस ने पीएम मोदी के बयान को झूठ बताते हुए कहा है कि राहुल गांधी ने चुनावी भाषणों में 103 बार अडानी और 30 से अधिक बार अंबानी का नाम लिया है.*

*अब पूर्व की घटनाओं पर गौर करें. 10 साल पहले 2014 के चुनावों में जीत के बाद नरेंद्र मोदी अडानी के प्राइवेट प्लेन से ही दिल्ली पहुंचे थे और प्रधानमंत्री के पद शपथ ली थी. विपक्ष ने कई बार अडानी और नरेंद्र मोदी के रिश्तों पर सवाल उठाया. वर्ष 2023 में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद कांग्रेस समेत दूसरी विपक्षी पार्टियों ने लोकसभा-राज्यसभा में कई दिनों तक मामला उठाया. राहुल गांधी ने दो टूक सवाल किया था- मोदी और अडानी के बीच क्या रिश्ता है? लोकसभा-राज्यसभा में हंगामा होता रहा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार भी अडानी का नाम नहीं लिया. ना ही कोई सफाई दी. पर, अचानक मोदी ने अडानी-अंबानी द्वारा कांग्रेस को पैसे देने की बात कर दी. जवाब में कांग्रेस ने राहुल गांधी के उन भाषणों का वीडियो (तारीख-दर-तारीख) सार्वजनिक कर दिया है, जिसमें उन्होंने मोदी और अडानी-अंबानी का नाम लेकर उनके बीच के संबंधों पर सवाल उठाया है.*

*सवाल यह उठता है कि मोदी ने अडानी-अंबानी और कांग्रेस पर झूठे आरोप क्यों लगाये. क्या अडानी और अंबानी की वजह से चुनाव में भाजपा को नुकसान हो रहा है.*

शेष पेज 07 पर ...

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,000 |
| चांदी (किलो) | 84,000 |

## ब्रीफ खबरें

### पित्रोदा ने छोड़ा ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष का पद

**नयी दिल्ली।** अपने बयान से विवाद में फंसे सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है. कांग्रेस अध्यक्ष ने उनके इस निर्णय को स्वीकार किया है. पित्रोदा ने एक बयान दिया था, जिसके बाद पीएम मोदी ने कांग्रेस के खिलाफ हल्ला बोला था. पेज 12 भी देखें

### केजरीवाल की अंतरिम बेल पर फैसला कल

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर शुक्रवार को को अपना आदेश सुनाएगा. यह जानकारी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सूचीबद्ध कर दी गयी है.

### एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके वापस मंगाए

**नयी दिल्ली/लंदन।** ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं. भारत में यह वैक्सीन कोविशील्ड के नाम से लोगों को लगायी गयी थी. कंपनी ने माना था कि वैक्सीन सेहत के लिए खतरनाक है. पेज 12 भी देखें

### हरियाणा में सरकार गिराने की मुहिम

**चंडीगढ़।** भाजपा की पूर्व साझेदार जेजेपी ने 3 विधायकों के हरियाणा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद कहा है कि यदि कांग्रेस सरकार गिराने का प्रयास करेगी, तो वह मदद करने के लिए तैयार है.

## झारखंड मंत्रालय में पहली दफा ईडी की दबिश

# चार घंटे तलाशी, सवा दो लाख रुपये बरामद

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड अलग राज्य बनने के बाद 24 साल में पहली दफा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने झारखंड मंत्रालय में दबिश दी. झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके घरेलू हेल्पर जहांगीर आलम को ईडी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है.

पूछताछ के क्रम में संजीव लाल से मिली जानकारी के आधार पर बुधवार की दोपहर ईडी की पांच सदस्यीय टीम संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय जांच के लिए पहुंची. मंत्रालय पहुंच कर टीम ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय स्थित संजीव लाल के चैंबर की तलाशी ली. ईडी के अधिकारियों ने चैंबर में कई कागजात की जांच की. तलाशी के दौरान ईडी को एक ड्रॉवर से करीब सवा दो लाख रुपये मिले. 1.75 लाख रुपये का बंडल पांच सौ के नये नोटों का था, वही पुराने पांच सौ नोटों का 28 हजार का बंड मिला है.

तलाशी के दौरान कार्यालय के कर्मियों को बाहर जाने की अनुमति नहीं थी. बंद कमरे में कई कर्मियों से ईडी के अधिकारियों द्वारा पूछताछ की गयी. इस दौरान ईडी के एडिशनल ज्वाइंट डायरेक्टर कपिल राज भी झारखंड मंत्रालय पहुंचे, हालांकि वे कुछ देर बाद वहां से निकल गए. ज्ञात हो कि मंत्री आलमगीर के ओएसडी संजीव लाल और जहांगीर आलम की रिमांड अवधि बुधवार से शुरू हो गई है.

शेष पेज 07 पर ...




**1.75** लाख 500 रुपये के नोट

**500** के पुराने नोट लगभग 28 हजार मिले

### कमीशन के नाम पर उगाही का पैसा संजीव तक पहुंचता था

ईडी को जानकारी मिली है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग में भ्रष्टाचार और ठेकों से कमीशन के नाम पर उगाही का पैसा संजीव लाल तक पहुंचता था. पैसों की उगाही के लिए वह विभाग के इंजीनियरों के साथ ही साथ कुछ प्राइवेट लोगों का इस्तेमाल किया करता था. ईडी ने कोर्ट को भी बताया है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निचले अधिकारियों से लेकर उच्चपदस्थ पदाधिकारियों का नेक्सस पूरे करप्शन में शामिल है. अफसर-नेताओं तक करोड़ों रुपये पहुंचाए गए हैं. सभी को कैश में काफी बड़ी रकम पहुंचाये जाने की बात शुरुआती जांच में सामने आयी है.


### 3.2%उगाही, राजनेताओं और अफसरों का कमीशन 1.5 प्रतिशत

ईडी ने जांच में पाया है कि विभागीय ठेकों में कुल 3.2 प्रतिशत की उगाही होती थी. इसमें से 1.5 प्रतिशत का कमीशन कट मनी के तौर पर बड़े राजनेता और विभाग के बड़े अधिकारियों तक पहुंचाया जाता था. जांच में यह बात भी सामने आयी है कि संजीव लाल की देखरेख में ही कमीशन का कलेक्शन प्रभावशाली लोगों तक पहुंचाया जाता था. टेंडर मैनेज करने और कमीशन उगाही में इंजीनियरों का सिंडिकेट सक्रिय रहता था. इसके बाद तय परसेंटेज की राशि सरकार के उच्चपदस्थ लोगों तक पहुंचायी जाती थी. जांच में कुछ आईएएस अधिकारियों और बड़े नेताओं की भूमिका भी संदिग्ध के तौर पर उभरी है.

**तीन माह में कमीशन के 35.23 करोड़ जमा किये गये थे** | जहांगीर के फ्लैट से जो 31.20 करोड़ मिले थे, वो सिर्फ तीन माह में ही जमा किये गये थे. फ्लैट भी कुछ माह पूर्व खरीदारी जहांगीर के नाम पर सिर्फ इसलिए की गई थी, ताकि पैसों को रखा जा सके. मुन्ना सिंह के यहां से मिले 2.93 करोड़ भी यहीं शिफ्ट होने थे, लेकिन इससे पहले ही ईडी ने रेड कर इन पैसों को बरामद कर लिया.

# आदिवासी विरोधी आ जाते हैं वोट मांगने : चंपाई सोरेन

प्रमुख संवाददाता। रांची



*चंपाई सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा- राजभवन रोक देता है ओबीसी आरक्षण और आदिवासी सरना कोड जैसे बिल*

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भाजपा पर जम कर निशाना साधा है. उन्होंने बुधवार को कहा कि आदिवासी विरोधी लोग झारखंड में वोट मांगने आ जाते हैं. झारखंड में स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण सरना धर्म कोड जैसे महत्वपूर्ण विधेयकों को सालों-साल राजभवन द्वारा रोकवाया जाता है. फिर भी भाजपा के नेता झारखंड में वोट मांगने पहुंच ही जाते हैं. सीएम चुनाव प्रचार के लिए पलामू जाने के क्रम में मीडिया से बातचीत कर रहे थे. उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में चल रही आंधी ने संकेत दे दिया है. लोकतांत्रिक अधिकारों को सुरक्षित रखने की इस मुहिम में झारखंड की जनता हमारे साथ है.

शेष पेज 07 पर ...






## हजारीबाग के एक गांव का हाल | विकास के नाम पर निल बटे सन्नाटा

# चीचीखुर्द में एक रुपये भी नहीं किए गये खर्च

हजारीबाग से लौट कर प्रवीण कुमार और प्रमोद उपाध्याय की रिपोर्ट

दो किलोमीटर की दूरी तय करने में आपको कितना वक्त लगेगा? पैदल चले तो ज्यादा से ज्यादा 10 मिनट और अगर बाइक से गये तो यही कोई एक से दो मिनट के करीब. लेकिन हजारीबाग लोकसभा के चुरचू प्रखंड में एक ऐसा गांव है, जहां बारिश के मौसम में जाने पर आपको घंटों लगेंगे. इस गांव का नाम चीचीखुर्द है. चीची कला पंचायत का यह गांव चुरचू प्रखंड और सदर प्रखंड के बॉर्डर पर है. एक ओर विधायक मनीष जायसवाल की विधानसभा है, तो दूसरी तरफ विधायक जेपी पटेल का विधानसभा क्षेत्र. हालांकि यह गांव विधायक जेपी पटेल के विस क्षेत्र में पड़ता है. दोनों लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं. मनीष जायसवाल के विस क्षेत्र से जेपी पटेल के विस क्षेत्र के गांवों को जोड़ने वाली सड़क



कच्ची है. कुछ स्थानों पर बोल्डर जरूर नजर आते हैं, मानो कभी यहां पक्की सड़क बनी ही नहीं. गांव की पहचान कभी मशरूम उत्पादन के लिए पूरे राज्य में थी. लेकिन जर्जर भवन ने यह पहचान भी छीन ली. संथाल आदिवासी बहुल इस गांव के लोगों ने वन पट्टा के लिए आवेदन दिया था, लेकिन 7 लोग को पट्टा दे कर खानापूर्ति कर दी गई. 1000 की आबादी वाले इस गांव में पिछले पांच सालों में सांसद और विधायक मद का एक रुपया भी खर्च नहीं किया गया.

शेष पेज 07 पर ...

### जेपी पटेल के विधानसभा का हाल

- वन पट्टा के लिए 40 ग्रामीणों ने किया था आवेदन, सात को मिले, बाकी का पता ही नहीं
- कोनार नदी पर बना लिफ्ट एरिगेशन 25 साल से ठप, सांसद-विधायक ने नहीं ली सुधि
- मांडू विधायक जेपी पटेल ने किया था पुल का शिलान्यास, अब तक नहीं बना
- गांव के पांच लोगों को मिला अबुआ आवास, अब तक शुरू नहीं हुआ काम
- विकास कार्यों की जानकारी लेने के लिए विधायक-सासंद का इंतजार कर रहे ग्रामीण
- जाहेरथान की नहीं हुई घेराबंदी

### विधायक और सांसद ने नहीं ली मशरूम उत्पादन केंद्र की सुधिः बास्के मुर्मू



गांव के बुजुर्ग बास्के मुर्मू (57) कहते हैं कि गांव में लघु सिंचाई योजना से 1990 में लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम लगाया गया था. लेकिन वह पिछले 20 सालों से खराब है. सांसद और विधायक ने इसकी सुधि नहीं ली. उसी तरह गांव में मशरूम केंद्र की स्थापना 1980 में की गई थी. लेकिन भवन जर्जर होने के कारण 2001 से ही इसे बंद कर दिया गया. गांव की महिलाओं को इससे रोजगार मिलता था. लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने ग्रामीणों के रोजगार के लिए कोई काम नहीं किया. स्थानीय विधायक फंड का अभाव बताकर मामले को टालते रहे.

झारखंड के पहले चरण की तीन जनजातीय सीटों पर कितना होगा असर, सिंहभूम, खूंटी व लोहरदगा में 13 को होना है मतदान

# झारखंड के स्थानीय मुद्दों पर राहुल गांधी ने खेला मास्टर स्ट्रोक

कौशल आनंद। रांची

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी पहली बार झारखंड पहुंचे. देश के चौथे और झारखंड के प्रथम चरण में होनेवाले चुनाव में खासकर तीन आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों पर राहुल ने फोकस किया. झारखंड में पहले चरण के तहत चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा व पलामू में 13 मई को वोट डाले जाएंगे. इनमें तीन सीटें सिंहभूम, खूंटी व लोहरदगा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं. राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय नेता ने झारखंड आकर यहां की नब्ज पकड़ी और जनजातीय मुद्दों पर फोकस करते अपनी बात रखी. चाईबासा हो या फिर गुमला, दोनों ही जगहों पर राहुल ने अपने भाषण का फोकस आदिवासी व स्थानीय मुद्दों पर रखा. सरना धर्म कोड से लेकर जल, जंगल, जमीन और हेमंत सोरेन के जेल जाने के मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया. अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर चुनावी सभा में एक तरह से देखा जाए तो राहुल ने झारखंड के स्थानीय मुद्दों पर मास्टर स्ट्रोक खेला है. अब 13 मई को होने वाले चार लोकसभा खासकर जनजातियों के लिए आरक्षित तीन सीटों पर इसका कितना असर पड़ा, इसका खुलासा तो चार जून को मतगणना के दिन हो पाएगा.

### खास बातें

- राहुल ने पकड़ी नब्ज, झारखंड में स्थानीय मुद्दों पर किया फोकस
- भ्रष्टाचार व मोदी के चेहरे को आगे कर रही है भाजपा



**आदिवासी मुद्दे उछाल भाजपा को बैकफुट पर लाने की कोशिश की :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने झारखंड के स्थानीय मुद्दों को उठा कर एक तरह से झारखंड के प्रथम चरण में होने वाले चुनाव में भाजपा को बैकफुट पर धकेलने का काम किया है. भाजपा ने जहां अपने प्रचार का फोकस, हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार एवं मोदी के चेहरे को रखा है, वहीं राहुल ने यहां के स्थानीय मुद्दों उठाकर और अहम वादे कर भाजपा को परेशानी में डाल दिया है.

### राहुल गांधी ने सरना धर्म कोड देने का वादा किया

- सरना धर्म कोड का मामला उठाया और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर सरना धर्म कोड देने की बात कही.
- जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों का मालिकाना हक बताया, सरकार बनने पर हक देने का वादा किया.
- भाजपा द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहे जाने पर सवाल उठाते हुए मुद्दा बनाया.
- पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल में डालने के मामले को उठाया, साथ ही उनकी जल्द रिहाई का भरोसा दिया.
- आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का मानदेय दोगुना करने का वादा किया.
- देश के हर गरीब परिवार की महिला को सालाना उसके खाते में एक लाख रुपये देने का वादा किया.
- मनरेगा के तहत मजदूरी बढ़ा कर 400 रुपये प्रतिदिन करने का वादा किया.
- दावा किया कि इस बार अगर भाजपा की सरकार बनी, तो संविधान बदलकर आरक्षण व अन्य सुविधाओं को खत्म कर दिया जाएगा.
- एक साथ आदिवासी, दलित, ओबीसी, अल्पसंख्यक, किसान, युवाओं, महिलाओं को कई योजनाओं से साधने का भी प्रयास किया.

### मोदी व भाजपा नेता इन मुद्दों को उठाने में व्यस्त

- भाजपा ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर हमले को फोकस में रखा है.
- वर्तमान चंपाई सोरेन सरकार पर भी भाजपा लगातार हमले कर रही है.
- आदिवासी को राष्ट्रपति बनाना और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत कर अपनी पीठ थपथपा रही है.
- पीएम मोदी के काम और उनके चेहरे पर भाजपा अधिक भरोसा कर रही है. उसे ही ज्यादा भुनाया जा रहा है.
- भाजपा झारखंड के महत्वपूर्ण मुद्दे सरना धर्म कोड, खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण से खुद को दूर रखी है.

# सुरक्षा उपकरण उपयोग नहीं करने पर दुर्घटना को लेकर प्रबंधन जिम्मेदार नहीं

- कर्मचारी के सुरक्षा उपकरणों के उपयोग पर हाईकोर्ट का फैसला

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि यदि कंपनी द्वारा सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाने के बावजूद श्रमिक इसका उपयोग नहीं करते हैं, तो फैक्ट्री में काम के दौरान किसी श्रमिक की दुर्घटना के लिए प्रबंधन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता. दरअसल सरायकेला के आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में एक कर्मचारी काम के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गया था. जिसके बाद उसकी ओर से मुआवजे के लिए केस किया गया था. फैक्ट्री प्रबंधन(बीएमसीएल मेटल कास्ट प्राइवेट लिमिटेड) को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए केस किया गया था. इस मामले में सरायकेला सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) ने संज्ञान लेते हुए आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया था.

### फैक्ट्री प्रबंधन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था

फैक्ट्री प्रबंधन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. कंपनी की ओर से दायर याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान कंपनी की ओर से तर्क दिया गया कि फैक्ट्री अधिनियम 1948 की धारा 92 के तहत अदालत का संज्ञान अनुचित है, क्योंकि सुरक्षा उपायों में कथित खामियों के लिए कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, खासकर जब कर्मचारी ने खुद ही सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाने की बात स्वीकार की है.

## ब्रीफ खबरें

### वित्त मंत्री सीतारमण नौ मई को रांची में

रांची। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नौ मई को रांची पहुंचेंगी. वे यहां झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी. इस दौरान वित्त मंत्री पूर्वी भारत में निवेश की संभावनों पर देखते हुए इंटरैक्टिव मीटिंग में अपनी बात रखेंगी. यह बैठक नौ मई की सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होटल रैडिशन ब्लू में होगी. कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चैंबर भवन में अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति और पूर्व अध्यक्षों की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक भी हुई. चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि वित्त मंत्री और स्टेकहोल्डर्स के बीच संवाद होने से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना बनेगी.

### सहायक व्यय प्रेक्षकों के संग की बैठक

रांची। लोस आम निर्वाचन 2024 के निमित व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा जांच दल के साथ मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में बैठक की. व्यय प्रेक्षक ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें. इस दौरान व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट/अपडेट लेने का निर्देश दिये.

पांच महीने से रांची में चरमराई है ऑन स्पॉट बिलिंग व्यवस्था

# नियमित बिजली बिल उपलब्ध कराने में विफल रही एजेंसी

कौशल आनंद। रांची

रांची में ऑन स्पॉट बिलिंग व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है. पांच-पांच, छह-छह महीने से कंज्यूमर का समय पर न तो मीटर रीडिंग हो रहा पा रही है, न ही लोगों को नियमित और समय पर बिजली मिल पा रहा है. रांची एरिया बोर्ड में काम कर रही बिलिंग एजेंसी कंपीटेंट एनर्जी विगत तीन साल में शत-प्रतिशत बिलिंग और लोगों को हर महीने समय पर नियमित बिजली बिल उपलब्ध कराने में विफल रहा है. इसके बावजूद फिर से जेबीवीएनएल ने कंपीटेंट एनर्जी को ही इसका जिम्मा सौंप दिया है. इतना ही नहीं मेदिनीनगर एरिया बोर्ड में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली बिलिंग एजेंसी साईं को मेदिनीनगर से हटाकर जमशेदपुर एरिया बोर्ड का काम सौंप दिया गया है. अब रांची के बिलिंग एजेंसी कंपीटेंट एनर्जी और मेदिनीनगर के साईं एजेंसी पर जेबीवीएनएल ने इतने मेहरबान क्यों है, यह सवाल उठ रहा है.

**रांची एरिया बोर्ड में आते हैं पांच जिले, जिसमें एजेंसी शत-प्रतिशत बिलिंग में रही विफल :** रांची एरिया बोर्ड में पांच जिले रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा. अगर रांची सर्किल के रांची जिले की बात की जाए तो वर्तमान एजेंसी कंपीटेंट एनर्जी किसी भी महीने विगत तीन साल में शत-प्रतिशत बिलिंग कराने में पूरी तरह से विफल रही. इस कंपनी का सबसे खराब प्रदर्शन गुमला जिले में रहा. गुमला में अधिक से अधिक 60 से 65 प्रतिशत ही बिलिंग विगत तीन साल में हो सकी. इतना ही नहीं इस कंपनी को धनबाद एरिया बोर्ड का भी जिम्मा सौंप दिया गया है. इससे भी खराब प्रदर्शन मेदिनीनगर एरिया बोर्ड की बिलिंग एजेंसी साईं का रही. यही कारण रहा कि उसे मेदिनीनगर से हटाकर जमशेदपुर एरिया बोर्ड भेजा गया है. मगर सवाल यह उठ रहा है कि जब इन कंपनियों का प्रदर्शन आपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, तो फिर इनका ही चयन क्यों किया गया.



### कंज्यूमर परेशान

- फिर से उसी एजेंसी को काम देने से जेबीवीएनएल पर उठ रहे हैं सवाल, आखिरकार इतनी मेहरबानी क्यों
- रांची एरिया बोर्ड के लिए वर्तमान एजेंसी कंपीटेंट को कंटीन्यू करते हुए धनबाद का भी जिम्मा सौंप दिया गया

### 31 मई को समाप्त होगा वर्तमान एजेंसियों का काम, जून से चयनित एजेंसिया शुरू करेगी काम

वर्तमान में जो बिलिंग एजेंसी जिस एरिया बोर्ड में काम कर रही है, उनकी कार्यावधि 31 मई को समाप्त होगी. इसके बाद पुन: जून से सभी एरिया बोर्ड में विभिन्न एजेसियां काम-काज संभालेंगी. अगर रांची एरिया बोर्ड के वर्तमान बिलिंग एजेंसी जिसे फिर से काम दिया गया है, उसे तो कम से कम ऑन स्पॉट बिलिंग, मीटर रीडिंग और लोगों को हर महीने समय पर बिल उपलब्ध कराने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए.

### किस एजेंसी का किस एरिया बोर्ड के लिए हुआ चयन

| | |
|---|---|
| रांची और धनबाद एरिया बोर्ड | : कंपीटेंट एनर्जी |
| हजारीबाग,दुमका एवं मेदिनीनगर एरिया बोर्ड | : श्री पब्लिकेशन |
| जमशेदुपर एरिया बोर्ड | : साईं |
| गिरिडीह : | अभी प्रक्रिया जारी है |

अगर किसी खाश एरिया की ऑन स्पॉट बिलिंग नहीं हो रही होगी, तो अलग बात है. मगर ओवरऑल स्थिति ठीक है. सभी प्रकियाएं पूरी करके ही रांची की वर्तमान एजेंसी कंपीटेंट को दुबारा चुना गया है. उसे सख्त हिदायत दी है कि वह ऑन स्पॉट बिलिंग की स्थिति सुधारे. अगर ओवरऑल समस्या है, तो हम इसे ठीक करवाने का काम करेंगे.

**-मंतोष मणि सिंह, जीएम रेवन्यू, जेबीवीएनएल**

खूंटी, लोहरदगा व सिंहभूम में पुरुष से अधिक हैं महिला वोटर

# झारखंड में पहले चरण की तीन सीटों पर महिला वोटरों की भूमिका अहम

- महिला वोटरों को लुभाने में जोर आजमाइश कर रहे राजनीतिक दल

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी. पहले चरण की तीन सीट खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम में 13 मई को मतदान होना है. इन तीनों सीटों पर पुरुषों की अपेक्षा महिला वोटरों की संख्या अधिक है. इस कारण राजनीतिक दल भी महिला वोटरों को लुभाने में जोर आजमाइश कर रहे हैं. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में खूंटी लोकसभा सीट से अर्जुन मुंडा ने सिर्फ 1445 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी.

**खूंटी में भी महिला वोटर निर्णायक भूमिका में:** खूंटी सीट में भी महिला वोटर निर्णायक भूमिका में रहेंगी. इस सीट पर भाजपा से अर्जुन मुंडा और कांग्रेस से कालीचरण मुंडा चुनावी अखाड़े में हैं. इस लोकसभा क्षेत्र में पुरुष से 23,635 महिला मतदाता अधिक हैं. खूंटी निर्वाचन क्षेत्र में कुल 6,67,946 महिला मतदाता हैं, जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 6,44,311 है. वहीं राजमहल सीट पर कुल 16,82,219 मतदाताओं में से 8,41,217 महिला और 8,40,995 पुरुष मतदाता हैं. इस लिहाज से यहां 222 महिला वोटर ज्यादा हैं.



### सिंहभूम में पुरुष से 22,567 महिला वोटर अधिक

सिंहभूम सीट में दिलचस्प मुकाबला होने वाला है. इस सीट में दोनों महिला उम्मीदवार आमने-सामने हैं. कांग्रेस छोड़ बीजेपी का दामन थामने वालीं गीता कोड़ा के सामने झामुमो की उम्मीदवार जोबा मांझी है. दोनों ही महिला वोटरों को लुभाने की पूरी कोशिश कर रही हैं. इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 14,32,963 मतदाताओं में से 7,27,734 महिला व 7,05,167 पुरुष मतदाता हैं. इस हिसाब से 22,567 महिला वोटर अधिक हैं. यह सीट पारंपरिक रूप से झारखंड पार्टी और कांग्रेस का गढ़ रहा है. दोनों दल पांच-पांच बार यहां से जीत दर्ज कर चुके हैं. 2019 में कांग्रेस की गीता कोड़ा ने भाजपा के लक्ष्मण गिलुआ को हराया था.

### त्रिकोणीय संघर्ष में फंसा है लोहरदगा सीट

इस बार लोहरदगा लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष होने की संभावना है. इस सीट से भाजपा से समीर उरांव, कांग्रेस से सुखदेव भगत और निर्दलीय चमरा लिंडा चुनावी अखाड़े में हैं. इस सीट में भी महिला वोटरों की भूमिका अहम होगी. लोहरदगा सीट में पुरुष से महिला मतदाताओं की संख्या 12,214 अधिक है. इस लोकसभा क्षेत्र में 7,07,402 पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 7,19,616 महिला मतदाता हैं. यहां सभी दलों की नजर महिला वोटरों पर भी टिकी हुई है.

# झारखंड के 10 हजार दफादार-चौकीदारों के वेतन के लिए 129.68 करोड़ आवंटित

संवाददाता। रांची

ग्रामीण इलाकों की हर गतिविधियों से पुलिस को अपडेट रखने वाले चौकीदार-दफादारों के वेतन के लिए राशि आवंटित किया गया है. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चौकीदार और दफादारों के वेतन के वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 129.68 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है. झारखंड में 10,000 चौकीदारों और 200 दफादार हैं. हर एक चौकीदार एक थाना के तहत 10 गांवों की निगरानी करता है. प्रत्येक चौकीदार को 20,000 रुपए का वेतन मिलता है.

साल 1870 में ग्राम चौकीदार अधिनियम लागू होने के बाद चौकीदार ब्रिटिश काल से भारत में पुलिस व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं. ये लोग अपने वरिष्ठ दफादारों को रिपोर्ट करते हैं. झारखंड सरकार ने उनके लिए एक अलग कैडर समर्पित किया है.

### जानें किस जिले के लिए कितनी राशि आवंटित की गई है

| | | | |
|---|---|---|---|
| बोकारो : | 4.26 करोड़ | जामताड़ा : | 7.71 करोड़ |
| चाईबासा : | 1.16 करोड़ | खूंटी : | 2.67 करोड़ |
| चतरा : | 5.90 करोड़ | कोडरमा : | 2.67 करोड़ |
| देवघर : | 10.64 करोड़ | लातेहार : | 2.08 करोड़ |
| धनबाद : | 4.07 करोड़ | लोहरदगा : | 3.54 करोड़ |
| रांची : | 9.60 करोड़ | पाकुड़ : | 7.88 करोड़ |
| दुमका : | 7.37 करोड़ | पलामू : | 7.35 करोड़ |
| जमशेदपुर : | 3.21 करोड़ | साहिबगंज : | 5.78 करोड़ |
| गिरिडीह : | 5.92 करोड़ | सरायकेला : | 4.20 करोड़ |
| गोड्डा : | 7.79 करोड़ | सिमडेगा : | 3.59 करोड़ |
| गुमला : | 7.83 करोड़ | रामगढ़ : | 2.35 करोड़. |
| हजारीबाग : | 7.15 करोड़ | **कुल :** | 129.68 करोड़ |

# झाप्रसे के सात अफसरों पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

- सीएम ने दी स्वीकृति, तीन अफसर हो चुके सेवानिवृत्त

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सात अफसरों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने की स्वीकृति दी है. इनमें से तीन अधिकारी रवींद्र कुमार सिंह, रविशंकर और मुकुंद दास सेवानिवृत्त हो चुके हैं. इन अफसरों के खिलाफ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को जांच संचालन पदाधिकारी बनाया गया है.

**अफसरों पर गड़बड़ी करने के आरोप :** सात अफसरों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों में गड़बड़ी करने के आरोप हैं. जिन जगहों में ये अफसर पदस्थापित थे, उन जिलों के डीसी ने प्रपत्र 'क' गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजी थी. प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये. इसके बाद पूरे मामले को सीएम के पास भेजा गया था. सीएम की स्वीकृति के बाद कार्मिक विभाग ने कार्यवाही का आदेश जारी कर दिया है.

### इन पर चलेगी कार्यवाही

- **रवींद्र कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)**- तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा
- **जयदीप तिग्गा**- तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पश्चिम सिंहभूम
- **रविशंकर (सेवानिवृत्त)**- तत्कालीन संयुक्त सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखंड
- **मुकुंद दास (सेवानिवृत्त)**- बीडीओ, गुमला
- **जितेंद्र कुमार देव**- तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़
- **लखी राम बास्के**- तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, मानगो
- **संदीप बक्शी**- झाप्रसे

बाबूलाल, दीपक प्रकाश, अर्जुन मुंडा समेत अन्य नेताओं को हाईकोर्ट से राहत

# पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**सचिवालय घेराव केस**

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है.

अदालत ने उक्त सभी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखते हुए अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है. इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. दरअसल पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया है. जिसका कांड संख्या 107/2023 है. आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं.

### अर्जुन मुंडा को बड़ी राहत, जुर्माने के आदेश में संशोधन



रांची। झारखंड हाईकोर्ट से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और खूंटी लोकसभा से बीजेपी उम्मीवार अर्जुन मुंडा को बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने उनके ऊपर जुर्माना लगाये जाने के आदेश को संशोधित कर दिया है. दरअसल हाईकोर्ट की तरफ से अर्जुन मुंडा पर जुर्माना लगाये जाने के बाद हस्तक्षेप याचिका दायर की गई थी. जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश कुमार की कोर्ट में सुनवाई हुई. अर्जुन मुंडा की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्व और पार्थ जालान ने बहस की.

**एक्शन प्लान तैयार**

क्षेत्रीय और प्रतिबंधित वन क्षेत्र कॉरिडोर के जरिए वन्य जीवों को मिलेगा संरक्षण

# झारखंड के चारों दिशा में वन्यजीवों के लिए बनेगा कॉरिडोर

रवि भारती। रांची

झारखंड के चारों दिशा में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कॉरिडोर बनेगा. इसके लिए वन विभाग ने एक्शन प्लान तैयार कर लिया है. इस एक्शन प्लान के तहत क्षेत्रीय और प्रतिबंधित वन क्षेत्रों में कॉरिडोर के जरीए वन्य जीवों को संरक्षण मिलेगा. इस कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के लिए वन विभाग सलाहकार की नियुक्ति करेगा. बताते चलें कि राज्य का कुल अभिलिखित वन क्षेत्र 23,721 वर्ग किलोमीटर है, जो राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 29.76 फीसदी है. कुल वन क्षेत्र में आरक्षित वन 18.58 फीसदी, संरक्षित वन 81.28 फीसदी और अवर्गीकृत वन 0.14 फीसदी है. पिछले दो वर्षों में वन क्षेत्र में 109.73 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है.

**कॉरिडोर के लिए होगा सीमांकन और मानचित्रण :** झारखंड की राज्य सीमा की परिधि के साथ मानव आबादी वाले क्षेत्रों में कॉरिडोर के लिए सीमांकन और मानचित्रण किया जाएगा. यह काम वन्यजीवों को संरक्षण देने के लिए दीर्घकालीन व्यवस्था के तहत किया जाएगा. इस कॉरिडोर की खासियत यह भी रहेगी कि इससे सरकारी संसाधनों को बचाने के साथ बेहतर परिणाम भी प्राप्त होंगे.

### खास बातें

- कॉरिडोर की कार्ययोजना के लिए नियुक्त होंगे सलाहकार
- पिछले दो साल में वन क्षेत्र में 109.73 वर्ग किमी की वृद्धि

### कानूनी रूप से अधिसूचित किया जाएगा कॉरिडोर

एक्शन प्लान के तहत कॉरिडोर को कानूनी रूप से अधिसूचित किया जाएगा. साथ ही तकनीकी रूप से पहचानने और प्रबंधित किए जाने वाले पारिस्थितिक निकाय भी होंगे. निर्धारित वैज्ञानिक सिद्धांतों के तहत दीर्घकालिक संरक्षण के लिए सह-अस्तित्व के सिद्धांतों के अनुरूप लोगों की भागीदारी के माध्यम से इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा.

### क्या होता है वन्यजीव कॉरिडोर

वन्यजीव कॉरिडोर एक ऐसी वानस्पतिक श्रृंखला कही जा सकती हैं, जो दो समान पारिस्थितिकी के वन्यजीव आवासों को जोड़ती हैं. इनके माध्यम से किसी क्षेत्र में पाए जाने वाले प्राकृतिक वन्यजीव आवास एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं. ये वन्यजीवों को विस्तृत आवास क्षेत्र, पर्याप्त आहार और दीर्घकालिक आनुवंशिक विनिमय के अवसर प्रदान करते हैं.

### एक्शन प्लान के मुख्य बिंदु

- वन आवरण का नुकसान कम होगा
- पसंदीदा गलियारे के रूप में जानवरों की आवाजाही
- सह-अस्तित्व, पर्यावरण-अनुकूल विकास और हरित बुनियादी ढांचे पर खास ध्यान
- गलियारा और खंडित को जोड़ने वाले गलियारे क्षेत्र की पहचान करना
- गलियारों की पहचान और रणनीतिक योजना-रणनीति
- सुरक्षा के उद्देश्य से गलियारों के लिए कार्य योजना (एसएपीसीसी) की तैयारी
- प्रादेशिक/प्रबंधित वन प्रभागों में वन्यजीव गलियारों की बहाली और संरक्षण
- क्षमता और योग्यता निर्माण के लिए एक प्रोटोकॉल की योजना और विकास
- चिह्नित गलियारों के भीतर और आसपास रहने वाले समुदायों के लिए कार्यक्रम
- संरक्षण, प्रबंधन, बहाली के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंध को बढ़ावा देना
- जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्स्थापन के समाधान के लिए विकास तंत्र

# अमन गैंग का लकी काठमांडू में बैठकर गिरोह मजबूत कर रहा था

सौरभ सिंह। रांची

कुछ दिन पूर्व झारखंड एटीएस द्वारा अमन साहू गैंग के जगत साहू उर्फ लकी साहू को गिरफ्तार किया गया है. लकी साहू काठमांडू में बैठ कर गैंग ऑपरेट करने के साथ-साथ नेपाल में फैले अमन के कारोबार का संचालन कर रहा था. लकी साहू पलामू जेल में बंद डॉन अमन साहू के करीबी लोगों में जाना जाता है और फिलहाल रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद है.

**नेपाल के डॉन दीपक मनागे की छत्रछाया में बैठा था लकी साहू:** राजीव गुरुंग को उसके उपनाम दीपक मनागे के नाम से जाना जाता है. दीपक काठमांडू के बड़े गैंगस्टर है और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी से विधायक रहते हुए नेपाल के गंडकी प्रांत के खेल मंत्री रह चुका है. दीपक नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड के काफी करीबी माना जाता है. लकी साहू को नेपाल में दीपक का संरक्षण मिला हुआ था.

**नेपाल में गहरी है गैंगस्टर अमन साहू की जड़ें :** पुलिसिया जांच में यह सामने आ चुका है कि जेल में बंद अमन का नेपाल के कई बड़े गैंगस्टर, हवाला कारोबारियों और राजनेताओं से संबंध है. अमन ने रंगदारी में वसूले गए पैसे का बड़ा निवेश काठमांडू के कई होटलों और रियल एस्टेट कारोबार में किया है. अमन साहू ने करीब 200 करोड़ रुपये नेपाल के रॉयल इंपावर बुटिक होटल, होटल डायनेस्टिक और टिप टॉप होटल काठमांडू में निवेश किया है.

तापमान
33.8⁰ अधिकतम | 19.6⁰ न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 09 मई 2024 बैशाख शुक्ल प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 30 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र






## अतिक्रमण हटाने के आधा घंटे बाद हीं फिर सज गयीं दुकानें







# क्या फायदा अतिक्रमण हटाने का?

आकर्ष अनिकेत। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद रांची नगर निगम अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर काफी सक्रिय है. निगम ने बुधवार को कचहरी चौक से लेकर अलबर्ट एक्का चौक तक अतिक्रमण हटाया. इस दौरान चार काउंटर जब्त किये, एक अस्थायी दुकान को भी तोड़ा.

हालांकि, अतिक्रमण हटाने का कुछ खास फायदा नहीं हुआ. रांची नगर निगम की धावा गाड़ी ने दोपहर 2:30 बजे तक इलाके में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया, लेकिन तीन बजते ही सड़क किनारे दुकानें फिर से सजने लगीं. फुटपाथ दुकानदारों का कहना था कि हम कहां जाएंगे? यह हमारी रोजी रोटी है. हमें हटाया जाएगा, तो हम फिर से लौट कर यहीं आएंगे.

### धावा गाड़ी देख गलियों में छुप जाते हैं दुकानदार

सड़क किनारे के दुकानदार जैसे ही निगम की धावा गाड़ी को देखते हैं, अपने-अपने सामान समेट कर गलियों में छिप जाते हैं और जैसे ही धावा गाड़ी अभियान च कर लौटती है, वैसे ही दुकानदार वापस सड़कों पर लौट आते हैं. हालांकि जो दुकानदार धावा गाड़ी की चपेट में आते हैं, उनपर कार्रवाई भी की जाती है. उनके सामान जब्त कर लिए जाते हैं.

### 25 अप्रैल से ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है नगर निगम

*झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद रांची नगर निगम और जिला प्रशासन 25 अप्रैल से ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है. शहर के कचहरी रोड, शहीद चौक, मेन रोड, लालपुर, कोकर, अरगोड़ा इलाके में निगम द्वारा सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाया गया था, पर इन इलाकों में उसी दिन शाम से दुकानें वापस लग गयी थीं. बीते सोमवार व मंगलवार को भी निगम ने बरियातू रोड में अतिक्रमण हटाया था. 40 दुकानों को तोड़ा था, छह ठेले जब्त किये गये थे. हालांकि निगम की इस कार्रवाई के बावजूद सड़क पर अब भी दुकानें लग रही हैं.*

**31 मई तक चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान**

रांची नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान 31 मई तक राजधानी की अलग-अलग सड़कों पर हर दिन चलेगा. इसे लेकर नगर निगम शहर के लोगों से खुद ही अतिक्रमण हटाने की अपील भी कर रहा है.

---

**ब्रीफ खबरें**

### सातवां चरण: दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को एक भी नामांकन नहीं किया गया. वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने बताया कि सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था. इसमें राजमहल क्षेत्र (सुरक्षित) से एक और गोड्डा से दो लोगों ने नामांकन किया था. उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं.

### मतदान के लिए सवैतनिक छुट्टी के हकदार होंगे कर्मी

**रांची।** लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में कार्यरत व्यक्ति, जिसे मतदान करने का हकदार है, उसे मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा. इसके लिए उसकी मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी. विभाग ने कहा है कि जिस कर्मचारी को उस दिन छुट्टी नहीं मिली, तो उसे किसी दूसरे दिन छुट्टी या एक दिन का वेतन देय होगा. इन नियमों का उल्लंघन करने वाले नियोजकों से पांच सौ रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा. यह नियम उस निर्वाचक के लिए लागू नहीं होगा, जिसकी अनुपस्थिति से कोई खतरा या हानि हो सकती है.

---

## झारखंड कैश कांड: तैयारी में ईडी, पूछताछ के लिए बुलाये जा सकते हैं मंत्री

# अब मंत्री आलमगीर का नंबर!

**खास बातें**

- ईडी ने 23 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम को किया था गिरफ्तार
- तीन दिनों के अंदर करीब 37 करोड़ रुपये बरामद किये गये




संवाददाता। रांची

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के राडार पर अब राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम हैं. ईडी ने मंत्री पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. उन्हें शीघ्र ही पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. उनके विरुद्ध पूर्व में दर्ज कांडों और अब तक की छानबीन में आये तथ्यों के आधार पर ईडी जल्द ही समन कर पूछताछ के लिए उन्हें बुलाएगी. मंत्री आलम के पीएस संजय कुमार लाल और उनके हाउस हेल्पर जहांगीर आलम को रिमांड पर लेकर ईडी पूछताछ कर रही है.

पूछताछ में ईडी को कई अहम जानकारियां मिली हैं. वैसे 13 मई तक दोनों रिमांड पर हैं. पूछताछ में दोनों से मिली जानकारी और मंत्री की संलिप्तता के आधार पर 13 मई के बाद ईडी समन जारी कर पूछताछ के लिए उन्हें बुला सकती है. ईडी अब बड़हरवा टेंडर विवाद से लेकर वीरेंद्र राम प्रकरण तक में मंत्री आलमगीर आलम की भूमिका भी तलाशेगी.

**बड़हरवा टेंडर विवाद से सुर्खियों में आये थे आलमगीर :** साहिबगंज के बड़हरवा में टेंडर विवाद में मारपीट के मामले में बड़हरवा थाने में 22 जून 2020 को प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी. इस केस के मुख्य आरोपी राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के अलावा तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधानसभा प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, तपन सिंह, दिलीप साह, इश्तखार आलम, तेजस भगत, कुंदन गुप्ता, धनंजय घोष, राजीव रंजन शर्मा, संजय रमाणी, टिंकू रज्जाक अंसारी व अन्य अज्ञात थे. बड़हरवा टोल प्लाजा के टेंडर विवाद को लेकर मंत्री आलम का एक वीडियो भी वायरल हुआ था. वायरल वीडियो में मंत्री और संवेदक के बीच टेंडर भरने को लेकर लंबी बातचीत हुई थी.

### प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे में क्लीन चिट दे दी

प्राथमिकी दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर बिना अनुसंधान और बिना किसी का बयान लिए ही बड़हरवा के तत्कालीन एसडीपीओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी. इसी केस के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज कर छानबीन की, तो साहिबगंज में लगभग 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन का खुलासा किया था.

### पूर्व अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े मामले से जुड़ा नया केस

ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी प्रकरण से अब नया मामला जुड़ गया है. छानबीन में ईडी ने गत वर्ष 23 फरवरी 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था. उसी मामले की जांच के क्रम में ईडी ने तीन दिनों के भीतर करीब 37 करोड़ रुपये की बरामदगी कर ली है. ये बरामदगी भी मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल, उनके घरेलू हेल्पर, ठेकेदार व इंजीनियर के ठिकाने से हुई है. ऐसे में कैश बरामदगी मामले में मंत्री पर भी ऊंगली उठ रही है.

### टेंडर कमीशन घोटाले में मंत्री से पूछताछ की तैयारी

टेंडर कमीशन घोटाला मामले का अनुसंधान कर रही ईडी बहुत जल्द ही ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम को समन भेज कर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाएगी. रुपयों की बरामदगी मामले में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है. ईडी को प्रारंभिक छानबीन में यह पता चला है कि टेंडर कमीशन का पैसा विभाग के वरिष्ठ नौकरशाहों से लेकर नेताओं तक पहुंचाया गया है. इन बिंदुओं पर ईडी मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ होगी.

---

## बदला मौसम, बदले नजारे, 14 तक रिमझिम बारिश

संवाददाता। रांची

झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है. शहर के नजारे भी बदल गए हैं. मौसम सुहाना हो गया है. 14 मई तक रिमझिम बारिश भी होगी. मौसम विभाग के अनुसार, 14 मई तक आंधी चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका भी जताई गई है. इसका प्रभाव राज्य के कई जिलों में देखने को मिलेगा. राज्य में अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बदलाव होने की उम्मीद नहीं है.

**30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा**



### नौ से 11 मई तक गर्जन और तेज हवा

नौ से 11 मई तक राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन व तेज हवा के झोंके चलने के साथ वज्रपात की आशंका है. इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 50 किमी प्रति घंटा होने की संभावना है.

### आज और कल कई जिलों में होगी बारिश

9 व 10 मई को राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. 11 से 14 मई तक राज्य के कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी.

### पोस्टल मतदान को लेकर राजनीतिक दलों संग बैठक

**रांची।** लोकसभा चुनाव के निमित्त पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय में बैठक में हुई. इसमें जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, मतपत्र एवं इटीपीबीएस कोषांग के वरीय पदाधिकारी संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल थे.

---

## हज को लेकर जारी शॉर्ट नोटिस पर झामुमो ने उठाये सवाल

# धर्म व धार्मिक भावना के साथ हो रहा है खिलवाड़: सुप्रियो

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो ने मुस्लिम समुदाय के सबसे पवित्र तीर्थयात्रा हज को लेकर जारी शॉर्ट नोटिस पर सवाल उठाया है. इसको लेकर केंद्र सरकार और इलेक्शन कमीशन को भी निशाने पर लिया है. कहा कि केंद्र सरकार ने सात मई को नोटिस जारी किया और नौ मई को कोलकाता एयरपोर्ट पर रिपोर्ट करने का फरमान जारी किया है. सभी को पता है कि यह मुस्लिम समुदाय की सबसे पवित्र यात्रा होती है. हज यात्रा पर जाने के लिए लोग महीनों से तैयारी करते हैं. अपने ईष्ट-मित्र, परिजनों से मिलते-जुलते हैं.

अब केंद्र सरकार बताए कि एक दिन में कैसे परिजनों का रेलवे टिकट कंफर्म होगा. देश का चौथा चरण और झारखंड में पहले चरण का चुनाव 13 मई को होना है. तो क्या यह समझा जाए कि मुस्लिम वर्ग अपने मताधिकार का प्रयोग न करें, इसलिए यह शॉर्ट नोटिस जारी किया गया है. इलेक्शन कमीशन ने भी कहा था कि चुनाव के साथ-साथ पर्व त्योहार भी देखना है. अब निश्चित रूप से इलेक्शन कमीशन को भी यह मामला संज्ञान में होगा. यह निश्चित तौर पर धर्म एवं धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ करने जैसा कृत्य है. उक्त बातें झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही.

**निश्चित हार को देख मोदी एवं उनके नेता हो गये हैं दिशाहीन :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश में तीसरे चरण के मतदान के साथ ही आधा चुनाव संपन्न हो गया है. जो रिपोर्ट आ रही हैं, उसके अनुसार मोदी जी और भाजपा चुनाव हार रहे हैं. पहले से मुद्दाविहीन मोदी जी और उनके नेता अब और दिशाहीन हो गए हैं. इसलिए अब घर के भैंस खोल कर ले जाएंगे, क्रिकेट टीम बनाएंगे, मंदिरों में ताला लगा देंगे, हिंदू-मुस्लिम पर उतर आए हैं. जहां पर पीएम मोदी दो दिन पहले गए, वहां पर उनके भाषण के दौरान सन्नाटा था, मगर दो दिन बाद चाईबासा और बसिया में हुए 'इंडिया' गठबंधन और राहुल गांधी की सभा में जो जोश, जो नारे और जो टेंपरामेंट दिखा, उससे जाहिर हो गया कि झारखंड में क्या स्थिति होगी? सुप्रियो ने कहा कि झारखंड में एक भी सीट भाजपा और उसके सहयोगी दल को नहीं आएगी.



**दुराचारी व भ्रष्टाचारियों को टिकट देकर मोदी जी मांग रहे हैं वोट**

सुप्रियो ने कहा कि देश के दुरचारी, आरोपी और भ्रष्टाचारियों को पहले टिकट दिया और अब उनके लिए मोदी जी घूम-घूम कर वोट मांग रहे हैं. अध्योया में लल्लू सिंह, जिसने खुले तौर पर कहा कि आप 400 सीट दें, हम संविधान बदल देंगे. उन्हें रोड शो में शामिल कर रहे हैं.

**बाबूलाल सरना धर्म कोड पर बोलें हताशा से भर गये हैं भाजपा नेता**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल जी सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोलते हैं. अनाप-शनाप बोलकर क्यों झारखंड का माहौल खराब कर रहे हैं? ये लोग अपनी निश्चित हार को देखते हुए अब हिंदू व आदिवासी को टोपी पहना कर भाजपा में शामिल करा रहे हैं. विगत दिनों मुस्लिम के नाम पर हुए भाजपा के ज्वाइनिंग पर जिस तरह की खबरें आ रही है, वह चिंताजनक और हताशा भरा कदम है.

---

**समस्या** वर्ष 2020 और 2021 में नहीं हुई कोई यात्रा, वर्ष 2022, 2023 व 2024 में कोलकाता से हो रही हज यात्रा

# 2022 से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हज यात्रा बंद, हज यात्री परेशान

रेहान अहमद। रांची

स्थानीय बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से 2009 से झारखंड के हज यात्री हज पर जा रहे हैं. इससे पूर्व रांची रेलवे स्टेशन से कोलकाता तक जाते थे. उसके बाद वहां से फ्लाइट में हज यात्री हज पर जाते थे. इससे झारखंड के हज यात्रियों को काफी परेशानी होती है. मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के सचिव नेहाल अहमद ने कहा कि लोग इस व्यवस्था में सुधार के लिए रांची एयरपोर्ट से ही हज यात्रा की पहल कराने की मांग शुरू से करते आ रहे थे. बाहर जाने की वजह से पूर्व में झारखंड से बहुत कम संख्या में लोग हज यात्रा पर जाते थे. लेकिन 2009 में रांची से एयरपोर्ट से हज यात्रा की सुविधा शुरू हुई. इससे लोगों को बड़ी राहत मिली. कोरोना काल के पूर्व तक यह व्यवस्था समान रूप से बनी रही.

ग्रामीण क्षेत्र एवं शहर के बाहर से हज यात्रा पर जाने वाले झारखंड के अन्य जिलों के हज यात्रियों की सुविधा के लिये कडरु में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में भव्य एवं सुंदर हज हाउस का निर्माण कराया गया. यहां हज के लिए जाने वाले यात्रियों के रहने, ठहरने की सारी व्यवस्था सरकारी पहल पर बेहतर से बेहतर की जाती है. वर्ष 2020 में कोरोना के कारण बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से हज यात्रा बंद की गई. दो वर्ष बाद 2022 से हज यात्रा शुरू हुई, लेकिन कोलकाता से ही हज यात्रा की जा रही है. इससे हज यात्रियों को काफी परेशानी है.

### दो दिन पहले दी गयी रिपोर्टिंग सूचना, हज यात्री परेशान

*मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के सचिव नेहाल अहमद ने कहा कि जाने वाले हज यात्रियों को हज हाउस में रिपोटिंग करनी पड़ती है. इसकी सूचना हज यात्रियों को 15 से 20 दिनों पहले दी जाती है, लेकिन इस बार मात्र दो दिन पहले सात मई को सूचना दी गई है. इस व्यवस्था से भी हज यात्री काफी परेशान हैं.*

**राज्यपाल को हज यात्रियों की परेशानी से संबिधित ज्ञापन सौंपा गया है : एस अली**



अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली ने कहा कि वर्ष 2023 में दोबारा रांची से जेद्दा के लिए सीधी फ्लाइट हज यात्रियों को उपलब्ध कराने की घोषणा की गयी. हज आवेदन के साथ पैसे भी लिए गए. लेकिन अंतिम समय में रद्द कर दिया गया. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को पुन इम्बार्केशन प्वाइंट बनाने के लिए राज्यपाल को ज्ञापन दिया गया है.

**2013 की व्यवस्था हज यात्रियों के लिए लागू करे सरकार: हाजी असद**



हाजी असद फारुकी 2013 में रांची से हज करने गये थे. उन्होंने बताया कि उस समय रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से ही हज यात्रा होती थी. हम लोगों को कोलकाता नहीं जाना पड़ा था. अच्छी सुविधा थी. लेकिन अब की हज यात्रा की व्यवस्था से यात्री काफी परेशान हैं. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को ही इम्बार्केशन प्वाइंट बनाने की ओर सरकार ध्यान दे.

| वर्ष | झारखंड हज यात्री | एयरपोर्ट |
|---|---|---|
| 2009 | 2710 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2010 | 8250 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2011 | 3100 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2012 | 2760 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2013 | 2920 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2014 | 2840 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2015 | 2710 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2016 | 2930 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2017 | 2725 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2018 | 2830 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2019 | 2915 | बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची |
| 2020 | 00 | यात्रा नहीं |
| 2021 | 00 | यात्रा नहीं |
| 2022 | 1903 | कोलकाता एयरपोर्ट |
| 2023 | 2600 | कोलकाता एयरपोर्ट |
| 2024 | 1747 | कोलकाता एयरपोर्ट |

---

# सभी वार्डों में नाली सफाई अभियान चला रहा है निगम



**यहां कर सकते हैं शिकायत**

अगर आपके इलाके में नाली की साफ सफाई से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत है, तो आप 9431104429 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं.

संवाददाता। रांची

'सफाई तो होकर रहेगी' अभियान के तहत प्री मानसून की संभावना को देखते हुए रांची नगर निगम शहर के सभी वार्डों में नाली सफाई अभियान चला रहा है. सफाई कार्य में 800 से अधिक सफाई कर्मचारी जुटे हैं. सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ चार सुपर सकर मशीन व छह जेसीबी का भी इस्तेमाल सफाई कार्य में किया जा रहा है. वहीं मानसून से पहले खतरे को देखते हुए नगर निगम द्वारा सभी खतरनाक नालियों पर लोहे की पाइप से बैरिकेडिंग की जा रही है. इसके साथ ही सभी खतरनाक स्थानों पर लोगों की सुविधा के लिए सूचना पट्ट भी लगाया जा रहा है.

**800 से अधिक कर्मचारी नाली सफाई कार्य में जुटे हैं**

# गैंगरेप से आहत बीएयू छात्रा की खुदकुशी पर हाईकोर्ट के जज ने लिया संज्ञान

संवाददाता। रांची

गैंगरेप से आहत 25 वर्षीय बीएयू (बिरसा कृषि विश्वविद्यालय) छात्रा की आत्महत्या पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है. उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची को यह आदेश दिया है कि वह तत्काल पीड़िता के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें. झालसा के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को अविलम्ब एक टीम गठित कर पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया. जिसके बाद पीएलवी (पारा लीगल वॉलेंटियर) सम्पा दास व



प्रीति पाल ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी. रांची सिविल कोर्ट की ओर से प्रो-बोनो अधिवक्ता ममता श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है और डालसा झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत मुआवजा की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गयी है.

## ब्रीफ खबरें

### छग सीएम विष्णुदेव 10 को झारखंड में

**रांची।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को झारखंड आएंगे. इस दिन वे खूंटी,लोहरदगा और सिंहभूम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे. खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान कुरडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे.

### व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा जांच दल संग बैठक

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा जांच दल के साथ बैठक की. मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें. व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट-अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रख रखाव व संधारण नियमितता बरतने के निदेश दिये.

### एसएसपी ने अर्धसैनिक बलों के साथ की बैठक

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को कार्यालय में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक की. इसमें रांची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर रणनीति बनी. बैठक में फ़ोर्स का मूवमेंट, रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन, एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए गए. ग्रामीण एसपी ने प्रेजेंटेशन और मैप के जरिये आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया.

### मंदिर का स्थापना महोत्सव 19 मई को

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर का आठवां स्थापना महोत्सव 19 मई को धूमधाम से मनाया जायेगा. श्रीश्याम मित्र मंडल इसकी तैयारी जोर-शोर से कर रहा है. प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि 19 मई को रात साढ़े नौ बजे श्रृंगार पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके बाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी सपत्नीक अखंड ज्योत प्रज्जवलित करेंगे. फिर भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा. कोलकाता के अभिषेक शर्मा साथी कलाकारों के साथ भक्ति रस की धारा बहायेंगे.

### #मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हुआ ट्रेंड

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार शाम 6 बजे से 8 बजे तक सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर #मैं भी इलेक्शन एम्बेसडरअभियान चलाया गया. अभियान अपनी शुरुआत के 15 मिनट बाद ही देश भर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टॉप-5 में ट्रेंड करने लगा जो कि 2 घंटा पूरे होते ही देश में एक नंबर पर ट्रेंडिंग कर गया. देर रात यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ट्रेंड करता रहा. अभियान के दौरान ट्विटर में 60 हजार से अधिक जागरूकता परक पोस्ट किए गए.

### जामताड़ा डीसी को पेश होने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड विधानसभा के स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के निर्वाचन के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा जवाब दाखिल नहीं किए जाने से नाराजगी जाहिर करते हुए अगली सुनवाई में जामताडा डीसी को अदालत के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है. स्पीकर के निर्वाचन के खिलाफ संतोष हेंब्रम ने याचिका दायर की है. संतोष हेंब्रम ने रवींद्र नाथ महतो पर चुनाव में भ्रष्ट आचरण अपनाने का आरोप लगाया है.

### बरी किए गए माननीयों के खिलाफ अपील हुई या नहीं

**रांची।** झारखंड में सांसद और विधायकों के आपराधिक मामलों में बरी होने के बाद सरकार की ओर से ऊपरी अदालतों में अपील की गयी है या नहीं, इसकी जानकारी हाइकोर्ट ने सरकार से मांगी है. बुधवार को स्वतः संज्ञान ले मामले की सुनवाई करते हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत ने इसकी जानकारी मांगी है. अदालत ने अभियोजन निदेशक को शपथपत्र के माध्यम से इसकी जानकारी देने का निर्देश दिया. इस मामले की अगली सुनवाई 17 मई को होगी.

### राजेश राय की जमानत अर्जी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई. मामले में इंडिक्योर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई. कोर्ट ने ईडी को जवाब के लिए एक और मौका देते हुए अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है. पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि बरियातू की चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की जमीन की क्या प्रकृति है? इसका मूल रैयत कौन है?

## हाईकोर्ट में गृह विभाग की प्रधान सचिव वर्चुअली पेश हुईं

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई. मामले में प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित हुईं. उन्होंने कोर्ट को बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की 30 डिसमिल जमीन पर पुलिस टीओपी बनाया जाएगा. दादेल ने कोर्ट को बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ जमीन पर चहारदीवारी के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रधान सचिव हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन सक्षम हैं. इसमें गृह विभाग की भूमिका नहीं है. इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को बाउंड्री वॉल के संबंध में प्रधान सचिव, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन से इंस्ट्रक्शन लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 13 जून निर्धारित की है. बीते मंगलवार को सरकार ने कोर्ट को बताया था कि लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है.

### भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र, कहा

# भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही सरकार

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है. सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है. मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपए मिले हैं. ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपये मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है. उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं. कांग्रेस आदिवासियों को कीड़ा मकौड़ा की तरह समझती है. कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है. कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है. विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सत्ता संभालने के बाद चंपाई सोरेन ने सदन में कहा था कि यह हेमंत सरकार पार्ट-2 होगी. यह सरकार भ्रष्टाचार की परत-2 है. उससे भी बढ़कर निकल रही है.

**28 पन्ने का है आरोप पत्र :** भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र है. साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है. राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है. आरोप पत्र में मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 साल में झारखंड को किए गए सहयोग की विस्तृत जानकारी दी गई है. आंकड़ों के माध्यम से भी मोदी सरकार की उपलब्धियां को बयां किया गया है. मोदी सरकार की किसान और कृषि के प्रति गारंटी का जिक्र है. जनजातीय समुदाय के लिए मोदी सरकार गए द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया है.

**आरोप पत्र में भ्रष्टाचार का जिक्र :** बीजेपी ने आरोप पत्र में भ्रष्टाचार को उठाया गया है. इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है. बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है. कहा गया है कि किसी राज्य के सीएम द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है. राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है. भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं. ईडी की छापामारी में पूजा सिंघल के करीबियों के यहां करोड़ों रुपये बरामद हुए. सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा गया. आईएएस पूजा सिंघल, उनके सीए, पूर्व सीएम के विधायक प्रतिनिधि, आईएएस छवि रंजन सहित पूर्व सीएम के कई खासमखास गिरफ्तार हुए हैं. पूर्व सीएम के प्रधान सचिव राजीव अरूण एक्का निजी कार्यालय में बैठकर सरकारी फाईल निपटाते हैं. तमाम लोगों के काले कारनामों की ईडी के द्वारा पर्दाफाश के बावजूद सरकार के मुख्य सचिव चुप्पी साधे हुए हैं. राज्य सरकार के इशारे पर इन सभी आरोपियों को जेल और अस्पताल में वीवीआईपी सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है. पूर्व मुख्यमंत्री अपने भ्रष्टाचार का सिंडिकेट बचाने के लिए महंगे वकीलों पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा चुके हैं.



### जेल का बड़ा बाबू देता है गवाहों को धमकी

पैसों की उगाही के लिए फाइल (लाख), फोल्डर (करोड़) भी जैसे कोडवर्ड का सहारा लेकर लूट की जा रही है. ईडी की जांच में फंसे विशाल चौधरी की संस्था को युवाओं के प्रशिक्षण की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है. ईडी के अफसरों को जेल से फंसाने की साजिश रची जा रही है. जेल से गवाहों को धमकी दी जा रही है. जेल का बड़ा बाबू अपने मोबाइल से गवाहों को धमकी देता है. इलाके के एसपी गवाहों पर दबाव बनाते हैं. ईडी जांच में कई सनसनीखेज खुलासे से पूरा राज्य हतप्रभ है. ईडी द्वारा लगातार अनुशंसा के बावजूद राज्य सरकार द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों व दलालों पर एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी की जाती है. 10 सम्मन के बाद भी मुख्यमंत्री ईडी की पूछताछ से भाग रहे थे.

### क्या हैं आरोप पत्र में

- सभी विभागों में भ्रष्टाचार फैला है. प्रदेश में प्रखंड से लेकर सचिवालय तक भ्रष्टाचार का चस्का चुका है.
- जन्म और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए साहिबगंज जिले में बिचौलिये 1000 रुपये तक वसूल रहे हैं.
- नगर निगम कार्यालय में भी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ढाई से तीन हजार रुपये वसूले जा रहे हैं.
- सरकारी आंकड़ों के अनुसार 46 माह के कार्यकाल में 6974 लोगों की हत्या हो चुकी है.
- 6402 बहन-बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं, जबकि 6128 अपहरण की घटी घटनाएं घटी है.
- धनबाद, रांची सहित पूरे राज्य में रंगदारी और लेवी वसूली जा रही है.
- संताल में तेजी से डेमोग्राफी बदल रही है. दुमका, पाकुड़, साहिबगंज समेत संताल में बांग्लादेशी कनेक्शन की जड़े मजबूत हो रही है.
- बांग्लादेशी कौड़ियों के भाव जमीन खरीद रहे हैं. घुसपैठिए जबरन आदिवासी बच्चियों से धर्म व जाति बदलकर शादी कर रहे हैं.
- राज्य में धर्मांतरण एवं लव जिहाद का मामला तेजी से बढ़ रहा है.
- मुख्यमंत्री द्वारा राजभवन पर सीधा आक्षेप करना संवैधानिक संस्थाओं के प्रति निरादर को प्रदर्शित करता है.
- सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्देश के बावजूद अभी तक सूचना आयुक्त, लोक आयुक्त सहित महिला आयोग जैसे कई महत्वपूर्ण आयोग का गठन नहीं किया गया.
- सरकार ने वादा किया था कि 1 साल में 5 लाख नौकरी देंगे. यह वादा भी पूरा नहीं किया गया.

## पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने मांगी विस चुनाव लड़ने की इजाजत

### दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने विधानसभा चुनाव लड़ने की इजाजत मांगी है. इसके लिए उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट में विधानसभा चुनाव लड़ने देने की आग्रह करते हुए एक याचिका दाखिल की है. याचिका में उन्होंने खुद के पूर्व सांसद, विधायक और सीएम होने का हवाला दिया है. बताते चलें कि कि झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होना है. अगर उनकी दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगी, तो वो चुनाव लड़ने से चूक जाएंगे.

**क्या है मामला :** मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई ने इस याचिका का विरोध किया और कहा कि पूर्व में हाईकोर्ट ने ऐसी याचिका खारिज की है. हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अगली सुनवाई 13 अगस्त को रखी है. कोड़ा ने अपनी याचिका में यह भी कहा है कि साल 2017 में उनकी क्रिमिनल अपील पेंडिंग की. साल 2020 में अदालत के द्वारा दिए गए आदेश के चार साल गुजर गए हैं, लेकिन मामले को



सुनवाई के लिए अब तक सूचीबद्ध नहीं किया गया है.

**साल 2017 में गए थे जेल :** बता दें कि मधु कोड़ा झारखंड के पूर्व सीएम है. उनकी पत्नी गीता कोड़ा इस लोकसभा चुनाव सिंहभूम से बीजेपी की प्रत्याशी हैं. खुद पीएम मोदी ने गीता कोड़ा के पक्ष में चाईबासा में चुनावी सभा कर जनता से वोट की अपील की है. आपको बता दें कि साल 2017 में हाईकोर्ट ने मधु कोड़ा को भ्रष्टाचार के मामले में 3 साल की सजा सुनाई थी और पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया था. लेकिन साल 2018 में मधु कोड़ा को इस मामले में बेल दे दी गई थी और जुर्माने पर रोक लगा दी गई थी. इसके बाद वर्ष 2020 में मधु कोड़ा ने दिल्ली हाईकोर्ट में अर्जी देकर सजा माफ करने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था.

## न्यूज अपडेट

### यशस्विनी ने मॉर्निंग वॉकर्स से मांगा आशीर्वाद



**रांची ।** रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बुधवार को सुबह मोरहाबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर्स से मिले और उनसे आशीर्वाद (समर्थन) मांगा. सुबह-सुबह टहलने वाले स्थानीय नागरिकों से कांग्रेस के पक्ष में समर्थन देने की अपील की. वहां से प्रत्याशी यशस्विनी सहाय व सुबोधकांत सहाय वार्ड 28 किशोरगंज क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा में शामिल हुए. पदयात्रा को सफल बनाने में विनय सिन्हा दीपू, कुमार राजा, मेहुल प्रसाद, दीपक लाल, दीपक ओझा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिढा आदि उपस्थित रहे.

### सेकेंड व माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन



**रांची ।** पोलिंग पार्टियों का सेकेंड एवं माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया. समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में रांची के निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में लोकसभा क्षेत्र के सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों व माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया. मौके पर सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव, सहायक निर्वाची पदाधिकारी 63-विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार आदि उपस्थित रहे.

### पोंचिशे वैशाख पर रवींद्र जयंती समारोह आयोजित



**रांची ।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के तत्वावधान में पोंचिशे वैशाख 163 के अवसर पर बुधवार को प्लाजा हॉल में रवींद्र जयंती समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सभापति गौतम भट्टाचार्य के स्वागत भाषण एवं रवींद्र संगीत से हुआ. समारोह का विषय था विश्व बिना रवि. इसमें छः ऋतुओं पर प्रकाश डाला गया. वक्ताओं ने कहा कि संगीत और नृत्य के माध्यम से रवींद्र नाथ टैगोर ने ऋतुओं को संगीत से प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में प्रणति लहरी, परमिता चौधरी, रूम चटर्जी, चैताली सरकार, अनुराधा घोष, मौसमी भट्टाचार्य, शर्मिला सेन, प्रभा डे, राजश्री कोले आदि शामिल रहे.

### मतांतरण के प्रयास को रोकना बड़ी प्राथमिकता



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की बुधवार को हुई बैठक में केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के कुत्सित प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है. प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सके, इस दृष्टि से श्रीराम का चरित्र का ज्ञान सभी को हो इसके लिए विहिप विद्यालय स्तर पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन करेगी. क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल और सहक्षेत्र मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने बताया कि विहिप 60 वर्ष पूरी कर षष्टिपूर्ति वर्ष मनाने जा रही है. प्रत्येक पंचायत में समितियां बनें और समितियों के माध्यम से हिंदू समाज के बीच सेवा, सुरक्षा और संस्कार के कार्य जोर-शोर से किये जायें.

## बिरसा जेल के पुलिसकर्मी को ईडी का नोटिस, 13 को बुलाया

संवाददाता। रांची

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पदस्थापित पुलिसकर्मी अवधेश कुमार को ईडी ने नोटिस भेजा है. ईडी ने अवधेश कुमार को बुधवार को नोटिस भेजकर 13 मई को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है. इससे पहले भी ईडी ने अवधेश कुमार को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था. छह जनवरी 2024 को ईडी ने साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन और इसी केस में ईडी के गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में चार लोगों को समन किया था. मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू को ईडी ने 16 जनवरी को पूछताछ के लिए तलब किया था. वहीं साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी को ईडी ने बुलाया था, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह को 15 जनवरी को और जेल के वार्डन अवधेश कुमार सिंह को 11 जनवरी की उपस्थित होने का समन दिया गया था. सीएम के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव, आर्किटेक्ट विनोद सिंह और जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह समेत नौ के यहां ईडी ने तीन जनवरी को छापेमारी की थी.

### अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हुई

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने बुधवार को सेना की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित मोहम्मद अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दिया. इससे पहले अमित अग्रवाल, दिलीप घोष और भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है. ईडी ने अफसर अली को 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था. तब से वह न्यायिक हिरासत में है. मामले में अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है.

### हटिया स्टेशन से 32 किलो गांजा के साथ 6 गिरफ्तार

**रांची।** हटिया रेलवे स्टेशन से 32 किलो गांजा के साथ छह तस्कर गिरफ्तार किये गये हैं. आरपीएफ, फ्लाइंग स्क्वायड और जीआरपी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चेकिंग अभियान चलाया. इस क्रम में देखा कि छह व्यक्ति चार ट्रॉली बैग और एक बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध अवस्था में बैठे है. जिसके बाद उन्हें हटिया स्टेशन पर हिरासत में लिया गया. उनलोगों की तलाशी ली गयी तो उनके पास से 32 किलो गांजा बरामद किया गया. बरामद गांजा का अनुमानित मूल्य 16 लाख रुपये है.

तस्करों ने पूछताछ करने करने पर बताया कि वे लोग गांजा एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाकर बेचते थे. तस्करों ने बताया कि वे लोग चार मई को राउरकेला पहुंचे, जहां इकबाल खान ने उन्हें गांजा उपलब्ध कराया. गांजा राउरकेला से कानपुर ले जाकर बेचना था. जिन तस्करों को गिरफ्तार किया गया, उनमें दुलार चंद्र राम, बब्लू कुमार यादव, निखिल कुमार यादव, हेमंत मित्रा, बिनीत कुमार और इकबाल खान शामिल हैं.

## मांगें पूरी नहीं की गईं तो 6 जून से किया जाएगा विरोध-प्रदर्शन

### सचिवालय सेवा संघ ने दिया सरकार को अल्टीमेटम

प्रमुख संवाददाता। रांची

सचिवालय सेवा संघ ने राज्य सरकार को अल्टीमेटम दिया है. कहा है कि संघ की मांगें पूरी नहीं हुई तो छह जून से विरोध-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा. बुधवार को संघ की बैठक प्रोजेक्ट भवन में हुई. बैठक में कार्मिक विभाग द्वारा पिछले एक वर्ष से अधिक समय से उप सचिव व संयुक्त सचिव के पद सृजन के मामले में कार्रवाई के प्रति उदासीनता एवं अनावश्यक विलम्ब को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया.

**क्या कहा संघ ने :** संघ ने कहा है कि मामले में पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा पदों में बढ़ोतरी के लिए अनुमोदन दिया जा चुका है. साथ ही वर्तमान् में कार्मिक विभाग द्वारा सभी विभागों से अनौपचारिक रूप से सचिवालय सेवा के पदों की जानकारी प्राप्त करते हुए पद कटौती करने की कार्रवाई की जा रही है, जिसका बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों नें कड़े शब्दों में विरोध दर्ज किया. संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने बताया कि सचिवालय में एक ओर तो आउटसोर्सिंग, प्रतिनियुक्ति एवं सेवानिवृत पदाधिकारियों का सेवा विस्तार कर काम लिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सचिवालय में सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों के पदों की कटौती करने की कार्रवाई करना विरोधाभासी एवं हास्यास्पद लगता है. महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा ने प्रोन्नति में कार्मिक विभाग के संकल्प संख्या 3286 के अनुपालन में सचिवालय सेवा के साथ हो रहे भेदभाव एवं मनमानेपन के प्रति रोष व्यक्त किया.

**क्या है पूरा मामला :** राज्य सरकार अंतर्गत सभी सेवाओं एवं पदों में प्रोन्नति प्रदान करने हेतु उक्त संकल्प का लाभ दिया जा रहा है. बैठक में पद सृजन संकल्प संख्या 3286 के आलोक में प्रोन्नति एवं अकार्यात्मक वेतनमान 5400 ग्रेड पे, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति आदि मांगों को उठाया गया.

**पहल** एंड्रॉयड मोबाइल-ऐप की शुरुआत, हाईकोर्ट के 3 लाख 50 हजार से ज्यादा आदेश हैं अपलोड

# प्रौद्योगिकी ने बदली अदालती कार्यवाही : जस्टिस चंद्रशेखर

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को एंड्रॉयड मोबाइल ऐप लॉन्च करने के साथ रांची की ई-सेवाओं की क्यूआर निर्देशिका जारी की गयी. कार्यक्रम में हाईकोर्ट के सभी न्यायाधीश शामिल हुए. वहीं इस कार्यक्रम में महाधिवक्ता, झारखंड राज्य बार काउंसिल के अध्यक्ष समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे. मौके पर हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने अदालती कार्यवाही को बदल दिया है. प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया है. हाईकोर्ट ने इस वर्ष केवल 70 कार्य दिवस में 24,769 मामलों का निपटारा किया है. वह भी तब, जब हाईकोर्ट में फिलहाल सिर्फ 19 जज हैं. हाईकोर्ट ने लंबित मामलों को कम करने के लिए कड़ी मेहनत की. दीवानी मामलों के निपटारे की दर 176.59 प्रतिशत और आपराधिक मामलों की 123.34 प्रतिशत दर्ज की गई है. वहीं हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन ने कहा कि एंड्रॉयड मोबाइल एप के जरिए केस की स्थिति, केस की सूची, आदेश और निर्णय जैसी सेवाओं का लाभ आसानी से लोग उठा सकते हैं. हाईकोर्ट के 3,51,622 से अधिक अंतिम आदेश और निर्णय इस एप में अपलोड किए जा चुके हैं. इसका क्यूआर कोड प्रत्येक जिला न्यायालय और सार्वजनिक स्थानों पर रखा जाएगा, ताकि लोगों को ई-सेवाओं तक आसानी से पहुंच मिल सके.




### खास बातें

- हाईकोर्ट ने इस वर्ष केवल 70 दिन में 24769 केस निपटाये
- दीवानी मामलों में निपटारे की दर 176.59 प्रतिशत रही

### संविधान को बदलने और बचाने की लड़ाई : आलम


**रांची/लोहरदगा।** इंडिया गठबंधन ने बुधवार को शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद के समीप चुनावी सभा का आयोजन किया. सभा के मुख्य अतिथि आलमगीर आलम ने कहा कि संविधान को बदलने तथा संविधान को बचाने की लड़ाई चल रही है. सरकार आमजनों की समस्याओं के निदान के लिए बनती हैं ना कि पूंजीपतियों का कर्जा माफ करने के लिए. इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास कर रही है. आलमगीर ने कहा कि हिंदुस्तान की खूबसूरती गंगा जमुनी तहजीब है लेकिन भाजपा ने समाज को बांटने का काम किया है. आदिवासियों को सरना धर्म कोड देने का प्रस्ताव और ओबीसी को आरक्षण देने सहित अन्य कार्य किया लेकिन मोदी सरकार ने सभी बिल को वापस कर दिया.

**सेवा को सम्मान :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 मई को पद्मश्री अवार्ड प्रदान करेंगी

# पद्मश्री से सम्मानित किये जायेंगे परमहंस स्वामी सदानंद

संवाददाता। रांची

श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के प्रमुख संत स्वामी सदानंद पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किये जायेंगे. राष्ट्रपति भवन में 28 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें सम्मानित करेंगी. इस आशय की जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसादअग्रवाल ने दी. उन्होंने बताया कि इस सम्मान की खबर से देश भर में प्रणामी समुदाय के लोगों के बीच प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी है. उन्होंने कहा कि स्वामी सदानंद ने मानव जीवन का ये सार, तुम सेवा से पाओगे पार को अपने जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाते हुए अपने संपूर्ण जीवन को दीन दुखियों की सेवा में समर्पित कर रखा है. वे सुबह चार बजे से रात के एक बजे तक सेवाकार्य में लगे रहते हैं. एक दिन में महज 3 से 4 घंटे तक विश्राम



करके पुनः पूरी एनर्जी के साथ वे सेवाकार्य में लग जाते हैं.

### शिक्षक से सेना और सेना से वैराग्य

बचपन में ही गुरुदेव राधिकादास जी ने उनका अभिषेक और जागरण किया था। शिक्षा प्राप्त करके शिक्षक बनें। हालांकि नियति उन्हें कहीं और ले गई। राष्ट्र की सेवा करने की आंतरिक इच्छा ने उन्हें सेना में शामिल कर दिया। वहां वे अधिक धार्मिक हो गए और उनमें ''वैराग्य'' की भावना विकसित हुई. भारतीय सेना में आठ साल तक सेवा करने के बाद इस्तीफा देना पड़ा. 1972 में बसंत पंचमी के शुभ दिन पर गुरुदेव मंगलदास जी की उपस्थिति में, युवा भानु ने विकारों और सांसारिक सुखों को त्यागने की पवित्र शपथ ली और ''ब्रह्मचर्य'' को अपनाया. इसी दिन गुरु मंगलदास जी ने भानु को सदानंद नाम दिया था.

उन्होंने बताया कि परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्म 1 अगस्त 1945 को हरियाणा के जिला भिवानी के गांव जुई में हुआ था. वह एक ब्राह्मण परिवार से थे. उन्होंने उनका नाम रखा भानु उनके पिता बृजलाल और माता शिव बाई हिंदू संस्कृति और परंपराओं के कट्टर अनुयायी थे. उन्होंने धीरे-धीरे धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में रुचि लेनी शुरू कर दी, जिसके परिणाम स्वरूप उनके बहुमुखी चरित्र ने बहुत ही निर्णायक तरीके से आकार लिया.

# सुरेश्वर महादेव मंदिर का दूसरा वार्षिकोत्सव कल, तैयारियां पूरी

संवाददाता। रांची



सुरेश्वर महादेव मंदिर का दूसरा वार्षिकोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं. वार्षिकोत्सव में तय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के महासचिव संतोष कुमार ने बताया कि कलश यात्रा से समारोह की शुरुआत होगी. सुबह पांच बजे मंदिर परिसर से यात्रा निकाली जायेगी. इसमें 11 सौ कलशधारी महिलाएं बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायेंगी. यात्रा में शामिल भक्तगण क्षेत्र का भ्रमण करते हुए बहू बाजार स्थित बनस तालाब आयेंगे. यहां से कलश में जल भर कर सभी वापस लौटेंगे. इसके बाद महादेव का अभिषेक और रुद्राभिषेक किया जायेगा. दिन के तीन बजे से भंडारा चलेगा. शाम सात बजे बाबा का दिव्य मनोरम श्रृंगार किया जायेगा. उन्होंने बताया कि श्रृंगार-पूजन के बाद महाआरती उतारी जायेगी. पुनः भक्तों के बीच प्रसाद बांटा जायेगा. बुधवार को समिति की ओर से निमंत्रण पत्र भी जारी किया गया. युवा अध्यक्ष विक्रम साहू, रतन लाल, कृष्णा साहू, गुजा तिर्की, रंजीत राम, केशव केसरी, छत्रधारी महतो, रूपेश केसरी, कलेश्वर साहू, संजय कुमार इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.अध्यक्ष सुरेश साहू ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है.

## ब्रीफ खबरें

### श्रद्धाभाव से मनाया गया चिन्मयानंद का जन्मोत्सव

**रांची।** चिन्मय मिशन आश्रम, लेक रोड में बुधवार को स्वामी चिन्मयानंद महाराज का जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया. आश्रम के स्वामी परिपूर्णानंद आचार्य के सान्निध्य में सुबह पादुका पूजन कर अर्चना की गयी. इसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने हिस्सा लिया. पूजा-अर्चना कर सद्गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये. साढे छह बजे से श्रीमद्भागवत गीता का सामूहिक पाठ किया गया. वेद प्रकाश बागला ने बताया कि अब गुरुवार से 14 मई तक मनीषा पंचकम का पाठ किया जायेगा. श्रद्धालु सुबह आठ बजे से पाठ करेंगे. अंतिम दिन मंगलवार की रात आठ बजे इसका समापन होगा.

### गुरुद्वारा साहिब में सहज पाठ आज से

**रांची।** गुरुद्वारा साहिब, रातू रोड में गुरुवार से सिख पंथ के तीसरे गुरु श्रीगुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सहज पाठ साहिब की शुरुआत होगी. सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढा ने बताया कि इसकी शुरुआत सुबह छह बजे श्रीगुरु अंगद देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर होगी. पाठ का समापन 22 मई को श्रीगुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व के दिन सजाए जाने वाले विशेष दीवान में होगा. नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा के सेवादार महेश सुखीजा, कमल अरोड़ा और कमल मुंजाल को पाठ करने के इच्छुक श्रद्धालुओं की लिस्ट तैयार करने की जिम्मेवारी दी गई है.

सरना झंडा के इस्तेमाल पर आदिवासी संगठनों के बीच विवाद के बाद फैसला

# अब नहीं होगा सरना झंडा का राजनीतिक इस्तेमाल

संवाददाता। रांची



राजनीतिक कार्यक्रमों में सरना आदिवासियों के धार्मिक सरना झंडा इस्तेमाल को लेकर आदिवासी संगठनों में ही आपसी विवाद उत्पन्न हो गया. बुधवार को सरना झंडा का राजनीतिक कार्यक्रम में इस्तेमाल के विरोध में केंद्रीय धुमकुड़िया भवन करम टोली में एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में थोड़े से विवाद के बाद सर्वसम्मत निर्णय किया गया कि राजनीतिक कार्यक्रमों में सरना झंडा का इस्तेमाल अब किसी भी हाल में नहीं होने दिया जाएगा.

बैठक में आदिवासी समन्वय समिति के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा, कांके सरना समिति के अध्यक्ष डब्लू मुंडा, आदिवासी सदान मोर्चा के सूरज टोप्पो सहित कई आदिवासी एवं सामाजिक संगठनों के लोग उपस्थित थे. बैठक में हाल में संपन्न न्याय उलगुलान महारैली और सुबोधकांत सहाय के नामांकन सभा में सरना झंडा इस्तेमाल का विरोध किया गया. बीच बैठक में ही केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की कुंदरसी मुंडा, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद की निरंजना हेरेंज, आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा आदि पहुंच गए. इन्होंने कहा कि यह अक्सर होता है. कोई नई बात नहीं है. विरोध हो तो हर राजनीतिक कार्यक्रम का हो. अजय तिर्की ने कहा कि इन सब मुद्दों को लेकर सभी संगठनों को एक साथ बैठकर बात करनी चाहिए. तिर्की के इतने कहने पर बैठक आयोजित करने वाले संगठन और अगुवा भड़क गए. दोनों गुटों में बहस और नोंक-झोंक हुई. बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि सरना झंडा का गलत उपयोग हो रहा है. सरना झंडा के प्रति आस्था खत्म हो रही है. सरना झंडा का इस्तेमाल राजनीतिक कार्यक्रमों में देखा जा रहा है जिससे आदिवासी समाज काफी आहत है. सरना झंडा का उपयोग राजनीति पार्टियों में न दिखे.



आदिवासी मूलवासी संघ के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि सरना झंडा का मुद्दा धार्मिक है. सामाजिक और राजनीतिक पार्टियां सरना झंडा का गलत उपयोग कर रही हैं. आदिवासी समाज का प्रतीक चिह्न सरना झंडा का उपयोग हक और अधिकार की लडाई में होना चाहिए. सरना झंडा का आदिवासी समाज में धार्मिक महत्व है. धार्मिक चीजों का गलत इस्तेमाल हर हाल में रोका जाएगा. 12 पड़हा के संरक्षक सघन उरांव ने कहा कि सरना झंडा से आदिवासियों की पहचान होती है. इसी के साथ आदिवासी समाज आस्था से पूजा पाठ करता आ रहा हैं. जिस झंडा से आदिवासी समाज को प्रेरणा मिलती है. इस झंडा का राजनीतिक कार्यक्रम में उपयोग करने से आदिवासी समाज काफी आहत होता है. कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डबलू मुंडा ने कहा कि राजनीति पार्टियों में सरना झंडा का गलत उपयोग किया जा रहा है. उलगुलान महारैली में, इंडिया गठबंधन में भी सरना झंडा का उपयोग हो रहा है. महाराजा मदरा मुंडा केंद्रीय पड़हा के साधु लाल मुंडा ने कहा कि सरना झंडा का उपयोग राजनीति पार्टियों में करना ग़लत है. सरना झंडा का उपयोग राजनीति पार्टियों में न कर इसे हक अधिकार की रैली में किया जाना चाहिए.

### रांची मारवाड़ी युवा मंच की समर्पण शाखा ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची।** रांची मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा के सत्र 2024 से 25 के के दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को हरमू रोड स्थित महालक्ष्मी सुजुकी के पास किया गया. इस शिविर में 25 यूनिट ब्लड एकत्र किया गया. मौके पर इस कैम्प के लिए अतुल गेराजी ने मदद की. मौके पर सदर अस्पताल से डॉक्टरों की टीम उपस्थित थी. ब्लड डोनेशन के साथ एक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. अतुल के साथ मिलकर विभिन्न ऑटो मोबाइल्स के लोगों के बीच अभियान चलाया कि क्यों रक्त दान करना चाहिए. रक्तदान कर हम किसी को जीवन दान दे सकते हैं, क्योंकि एक इंसान ही दूसरे इंसान को रक्त दे सकता है. इसे कहीं बनाया नहीं जा सकता, जिससे काफ़ी लोगों ने आगे बढ़ कर रक्तदान किया. कार्यक्रम में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, रक्तदान प्रभारी रोज़ी खंडेलवाल, कोमल पोद्दार एवं अन्य उपस्थित थे.

# 45 जायरीनों का जत्था जद्दा से उमराह कर रांची पहुंचा



संवाददाता। रांची

रांची। मदीना ट्रेवल्स ग्रुप गिरिडीह 13 वर्षों से उमरा करा रही है. बुधवार को 45 जायरीन उमराह कर जद्दा से बाई फ्लाइट दिल्ली से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे. ट्रेवल्स के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि 45 लोगों का जत्था उमराह कर रांची लौटा है. सभी जायरिनों को करीब 55 जगहों की जियारत कराई गई. उन्होंने कहा कि तीन मिकात से उमरा कराया जाता है. सभी जायरीन झारखंड, बंगाल व बिहार के विभिन्न जिलों के हैं. जयरीनों ने कहा कि मक्का में 500 मीटर की दूरी पर व मदीना में 600 मीटर की दूरी पर ठहराया गया था और सभी जायरीन को मक्का व मदीना की सभी जगहों की जियारत कराये गए. उन्होंने कहा कि सभी जायरीन को बस की सुविधा 24 घंटे मिली, स्वादिष्ट भारतीय भोजन का जायका भी लिया. मौके पर मौलाना मो जौहर मजाहिरी, मौलाना नौशाद नदवी ने कहा कि अगला जत्था बकरीद के तुरंत बाद रांची से जायेगा. इस जत्थे में झारखंड के उलेमा शामिल होंगे. 65 हजार में दिल्ली टू दिल्ली व 72 हजार में रांची टू रांची का पैकेज है.

# मारवाड़ी ब्राह्मण सभा कल मनाएगी परशुराम जयंती

संवाददाता। रांची

वैशाख शुक्ल तृतीया को भगवान परशुराम जी की जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी. राजधानी में भी मारवाड़ी ब्राह्मण सभा की ओर से इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. अक्षय तृतीया के मौके पर शुक्रवार को पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. सालासर मंदिर, अपर बाजार में सुबह नौ बजे से आचार्य श्यामसुंदर भारद्वाज पूजन-अनुष्ठान संपन्न करायेंगे. योगेश सारस्वत सपत्नीक इसमें यजमान के रूप में हिस्सा लेंगे. अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा और मंत्री किशनलाल शर्मा ने बताया कि दिन के तीन बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी. इसमें 501 निशान ध्वज के साथ श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। यात्रा के दौरान रास्ते भर भजन मंडली के कलाकार भक्ति रस की धारा प्रवाहित करते हुए साथ चलेंगे. अनुपम जीवंत झांकी भी मन मोहेगी. ढोल नगाड़ा और बैंड बाजा वाले भी खूब रंग जमायेंगे. शाम सात बजे यात्रा समापन के बाद श्रद्धालु अपने इष्ट की आरती उतारेंगे. इसके बाद आयोजित की गयी विविध प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार बांटे जायेंगे.

**इधर से गुजरेगी यात्रा :** शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु ब्राह्मण भवन, अपर बाजार से निकल कर कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक, शहीद चौक, जैन मंदिर रोड, बडालाल स्ट्रीट, सेवा सदन पथ होते हुए वापस लौटेंगे. संयोजक अशोक पुरोहित, सुनील शर्मा, सह संयोजक नथमल शर्मा, शोभायात्रा के सफल संचालन में मुख्य योगदान देंगे.

# नैनीताल में सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन



संवाददाता। रांची

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने नैनीताल में आयोजित गोविंद बल्लभ पंत-एफजी पीयर्स यंग आइडिएटर्स कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी, जिसमें देश भर के 14 स्कूलों के 110 से अधिक छात्रों ने भाग लिया. सुकरात/गैलीलियो/गांधी/पेरियार की वास्तविक और रूपात्मक दुनिया की थीम पर आधारित 'क्रिएटिव राइटिंग और स्पोकन वर्ड'प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की प्रज्ञाश्री होता और निशिका राज ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल में 2दक रनर अप स्थान हासिल किया. कक्षा बारहवीं के नेयारा तहरीम, अदयान मलिक के साथ स्कूल के पूर्व छात्र चिन्मय ने भी 'डॉ. ओटो वुल्फ मेमोरियल बहु-अनुशासनात्मक काइनेटिक कला स्थापना प्रतियोगिता में भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल का 2दक रनर अप स्थान प्राप्त किया. विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत और उत्साह की सराहना की.

# रूटा की बैठक में शिक्षकों के पीएचडी इंक्रीमेंट संबंधी पत्र पर विचार-विमर्श

संवाददाता।रांची

रांची यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन (रूटा) की बैठक बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित इतिहास विभाग में हुई. बैठक की अध्यक्षता डॉ. उमेश कुमार ने की, जहां उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा भेजे गए पीएचडी इंक्रीमेंट (वेतन बढ़ोतरी) के पत्र का अवलोकन किया गया. साथ ही प्रथम दृष्टया इसमें कई प्रकार की त्रुटियों (भूल) को शिक्षकों ने चिह्नित किया.

शिक्षकों ने कहा कि उच्च शिक्षा निदेशालय में संबंधित पदाधिकारी द्वारा दस्तावेज का सही तरीके से निरीक्षण नहीं किया गया. शिक्षकों ने अपने पावती पत्र के साथ अटैचमेंट भी सभा में सबके के बीच रखा. सभी शिक्षकों ने तरीके से बताया कि चूक को दिखाने में ही हमलोगों की चूक है.



रूटा के अध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार ने कहा कि पांच महीने तक पूरे दस्तावेज को सही तरह से देखने के बावजूद एक भी योग्य आवेदक का नहीं मिलना आश्चर्य का विषय है. उन्होंने कहा कि रूटा सभी तकनीकी पक्षों को देख रहा है और एक-एक बिंदु पर विचार के बाद उच्च शिक्षा निदेशक से मिलकर सभी चीजों को स्पष्ट कराएगा. उन्होंने यह भी कहा कि कुलपति के रांची लौटते ही उनसे बिंदुवार इस विषय पर वार्ता की जाएगी. सभा के समक्ष यह भी कहा गया कि सभी बिंदुओं को तैयार करने के बाद राजभवन का भी इस विषय पर ध्यान आकर्षित कराने के लिए संघ के प्रतिनिधि राज्यपाल से मिलेंगे. बैठक में रूटा के संयोजक डॉ. कांजीव लोचन, उपाध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष डॉ. अवध बिहारी महतो के साथ-साथ डॉ. नीरज, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. रोजेलिना, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. किरण तिवारी, डॉ. अनुजा विवेक, डॉ. सावित्री कुमारी, डॉ. शशिकांता टोप्पो, डॉ. गीता सिंह, और डॉ. रंजीत कुमार उपस्थित थे.

### इस्कॉन का साप्ताहिक सत्संग

**रांची।** पिस्का मोड़ स्थित विश्वनाथ अपार्टमेंट में मंगलवार को इस्कॉन का साप्ताहिक सत्संग हुआ, जिसमें आसपास से दर्जनों श्रद्धालुओं ने भाग लिया. संध्या सात बजे गुरु वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. इसके बाद श्रद्धालुओं को सतगुरु के जीवन दर्शन और उनके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. साथ ही हरे राम हरे कृष्णा का अखंड कीर्तन किया गया. रात 9:00 बजे आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ. अंत में अनुयायियों ने एक पंक्ति में बैठकर ईश्वर का प्रसाद ग्रहण किया. सत्संग सभा के आयोजन में अरुण देव, रंजीत, आनंद पाठक, चंदन घोष, रवि लोचन, अंशुमन, विक्रम प्रभु आदि ने मुख्य योगदान किया. अरुण देव ने बताया कि अब प्रत्येक मंगलवार को यहां नियमित रूप से सत्संग और भक्ति के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसमें सतगुरु के संदेशों के साथ अखंड कीर्तन होगा.

# रेडक्रॉस सोसाइटी में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

संवाददाता। रांची

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की रांची शाखा के तत्वावधान में बुधवार को रांची में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया. मौके पर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ शंभु प्रसाद सिंह ने रेडक्रॉस में झंडोत्तोलन किया. उन्होंने लोगों में मानवता बनाये रखने का संदेश दिया. वाइस चेयरमैन आदर्श कुमार शर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान है. इस पर सभी लोगों को अपने स्तर से जागरूक कर रक्तदान करने पर बल दिया.

रेडक्रॉस के प्रांगण में रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, फिजियोथैरेपी शिविर, ब्लड ग्रुप जांच, ब्लड शुगर जांच एवं सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बहुत से लोगों ने निःशुल्क ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर एवं स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया. निर्णय लिया



गया कि मोरहाबादी स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी में रविवार से प्रत्येक सप्ताह सुबह 6 से 8 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा. कार्यकारिणी सदस्य रवि दत्त ने रक्तदान कर शुरुआत की. मौके पर सोसाइटी रांची शाखा के प्रवक्ता प्रदीप कुमार रॉय, संस्था के कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार, कार्यकारिणी समिति के प्रदीप कुमार रॉय, सत्येंद्र कुमार, रवि दत्त, गुरदीप सिंह, संजय सिन्हा, त्रिनयन कुमार, अमित शर्मा सचिव, डॉ हरमिंदर बीर सिंह, मेडिकल ऑफिसर एवं रेड क्रॉस के कर्मचारी आदि शामिल थे.

**AFFIDAVIT**

**NOTARY PUBLIC, LATEHAR**

I, Rohit Kumar Sharma, father Bhola Vishwakarma, resident of village Gopalganj Tola Jaynagar, Post and Police Station Lesligang, District Palamu, State Jharkhand, State on oath that :-

1. That I am a resident of the above name and address.
2. That my Aadhar card number is 4099 6575 7835 in which my name is recorded as Niraj Kumar which is wrong.
3. That my name is recorded as **Rohit Kumar Sharma** in my education certificate which is correct.
4. That I am known and recognized by the name of **Rohit Kumar Sharma**.
5. That I am executing this affidavit to verify the name of **Rohit Kumar Sharma** in place of **Niraj Kumar** in my Aadhar card.

I Rohit Kumar Sharma affirm that the details of the above written affidavit are true and correct to the best of my knowledge.

**Notary Public Latehar**
**Affidavit No. 18948**

**शपथपत्र**

**सक्षम नोटरी पब्लिक मेदिनीनगर, पलामू**

मैं, **रोहित कुमार शर्मा**, पिता भोला विश्वकर्मा, ग्राम गोपालगंज टोला जयनगर, पोस्ट एवं थाना लेस्लीगंज जिला पलामू, राज्य झारखण्ड शपथपूर्वक बयान करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड सं. 4099 6575 7835 है जिसमें मेरा नाम **निरज कुमार** दर्ज है जो कि गलत है।
3. यह कि मेरा शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम रोहित कुमार शर्मा दर्ज है जो कि सही है।
4. यह कि मैं **रोहित कुमार शर्मा** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाता हूं।
5. यह कि यह शपथपत्र मैं अपना आधार कार्ड में निरज कुमार के जगह रोहित कुमार शर्मा के सत्यापन करने हेतु निष्पादित कर रहा हूं।

**नोटरी, पलामू**
**शपथपत्र सं. 2899**

**उच्च शिक्षा** अबतक 288 विद्यार्थियों का सेलेक्शन, अधिकतम 10.92 लाख रुपये का सालाना पैकेज

# शानदार रहा सरला बिरला विवि का प्लेसमेंट रिकॉर्ड

संवाददाता। रांची

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरला बिरला विश्वविद्यालय लगातार अपना परचम लहरा रहा है, जहां सामान्य विषयों के साथ ही तकनीकी शिक्षा की भी समुचित व्यवस्था है. यही कारण है यहां के छात्र-छात्राओं की ओर देश की बड़ी कंपनियों के साथ इंटरनेशनल कंपनियां भी आकर्षित होने लगी है. इस दौरान इस वर्ष भी सरला बिरला विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है. अब तक विवि के विभिन्न संकायों के 228 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो चुका है. यह प्रक्रिया अभी भी जारी है.

प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के विद्यार्थियों को देश की नामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है. इससे चयनित विद्यार्थियों के साथ ही साथ अभिभावकों में भी खुशी की लहर है.



विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट में संस्थान के छात्र को अधिकतम 10.92 लाख रुपये प्रति वर्ष का पैकेज मिला. सबसे बड़ी बात यह है कि इस विश्वविद्यालय से निकले छात्र जिस कंपनी में स्थापित हुए हैं, उन्होंने अपनी योग्यता और क्षमता का भरपूर प्रदर्शन किया है. यही कारण है कि अन्य कंपनियां भी इस विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव के लिए दिलच्उपी दिखाने लगी हैं. उन्होंने बताया कि इस वर्ष का औसत पैकेज चार लाख रुपये का रहा है.

संस्थान में 122 से भी ज्यादा कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया, जो एक रिकॉर्ड है. इनके साथ ही इस बार टीसीएस, बिड़ला पेंट्स, गोदरेज एंड बॉयस, मैप माई इंडिया, एक्सिस बैंक, श्याम स्टील, टिमकेन इंडिया, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज, आइसीआइसीआई प्रूडेंशियल, एचडीएफसी बैंक, वोडाफोन आइडिया, श्री सीमेंट, इंडिया मार्ट, एवरेस्ट इंडस्ट्रीज, एम स्क्वेयर मीडिया, जेनपैक्ट जैसी कंपनियों में विवि के विद्यार्थियों का चयन हुआ है.

### विद्यार्थियों की उपलब्धियां सराहनीय : कुलपति

विवि के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी चयनित छात्र मेधावी, योग्य और कार्यकुशल हैं. इसलिए उनकी सफलता को कोई रोक नहीं सकता. वे जहां कहीं भी जाएंगे, खुद को साबित कर दिखा देंगे. संस्थान के छात्र-छात्राओं की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने विवि के अकादमिक माहौल, अनुशासन और विद्यार्थियों की लगन और कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया है. विवि के प्रतिकुलापति विजय कुमार दलान समेत डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं.

## ब्रीफ खबरें

### गली- गली में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**राहे।** मतदाता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर महिला समिति के सदस्यों के द्वारा गली-गली मतदाता जागरूकता अभियान चलाया रहा है. लोगों को मतदान करने की अपील की जा रही है, मतदान का महत्व को बताया जा रहा है. जेएसएलपीएस के महिला समूह गांव के महिलाओं को मतदान के महत्व के साथ ही मतदान करने एवं मतदान कार्य में राष्ट्रीय कर्तव्य समझ कर हर हाल में तत्पर रहने के संकल्प के साथ शपथ दिलाया . गांव के महिलाओं ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने का संकल्प लिया.

### बुंडू में माकपा ने परचा जारी कर रैली निकाली

**बुंडू।** सीपीआईएम की बुंडू इकाई ने बुधवार को लाल झंडे के बैनर तले और सुरेश मुंडा के नेतृत्व में बुंडू के घर घर जाकर, संवाद स्थापित कर इंडी प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को वोट देने की अपील किया. बाद में इनकी धुर्वा मोड़ बिरसा मुंडा के मूर्ति स्थल पर एक सभा हुई.जिसे संबोधित करते हुए सुरेश मुंडा ने कहा कि इस चुनाव में हमारा संविधान और संघीय दाव पर लगी है. इस परिस्थिति में सीपीआईएम ने आम जनता से कालीचरण मुंडा को वोट कर जीतने की अपील किया है.

### पिपरवार में प्रबंधन व रैयतों की वार्ता कल

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के ग्राम बेंती के विस्थापित रैयतों की मांगों को लेकर दस मई को सीसीएल पिपरवार क्षेत्रीय प्रबधंन वार्ता करेगा.ज्ञात हो कि 12 मई से पिपरवार बंद को करने की चेतावनी दी गयी थी. इसे लेकर सीसीएल पिपरवार क्षेत्रीय प्रबंधन ने बेती पंचायत के रैयतों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया है. इस बाबत पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन ने बेती पंचायत के विस्थापित रैयत दुलारचन्द मुंडा व रोहण गंझु सहित अन्य रैयतों को पत्र भेजकर 10 मई को 11:30 बजे पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय में वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया है.

### बोरवेल का मोटर जला पेयजलापूर्ति बाधित रही

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित बचरा बाजारटांड़ स्थित सीसीएल कर्मियो के 172 माईन्र्स कॉलोनी मे मोटर जलने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है.जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.मोटर जलने से कॉलोनी के करीब 40 सीसीएल कर्मियों के आवास में पेयजल आपूर्ति बाधित है .172 माईन्र्स कालोनी के आवासीय कॉलोनी में डीप बोरवेल के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जाती है, लेकिन कुछ दिन पूर्व बोरवेल के अन्दर लगा मोटर जल गया,जिसके बाद ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से मोटर बदलने का प्रयास किया, हजारीबाग से आयी टीम ने बोरवेल से मोटर निकालने का प्रयास किया, मोटर उक्त बोरवेल में फंस गया .

### पिपरवार मंडल भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**पिपरवार।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी .मनीष जायसवाल के पक्ष में मतदान किए जाने को लेकर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मंडल कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया. जनसंपर्क अभियान में भाजपा मंडल पिपरवार के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग टोली बनाकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में वोट मांगा. इस दौरान मतदाताओं के बीच चुनावी कैलेंडर एवं पर्ची का वितरण किया.

### चचेरे और फुफेरे भाइयों ने मिलकर की तैयब शेख की हत्या

# ओएलएक्स से मंगाया छुरा, उसी से राजमिस्त्री के बेटे को मार डाला

सुनील कुमार गुप्ता



बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के नगड़ी निवासी राजमिस्त्री के 16 वर्षीय पुत्र तैयब शेख की मंगलवार को लगभग चार बजे छुरा मारकर हत्या कर दी गई. घटना को तैयब के चचेरे भाई सयुल शेख पिता फिरोज शेख एवं सयुल के फुफेरे भाई कुल्टी प बंगाल निवासी साबीर अंसारी पिता जावेद अंसारी ने घटना को अंजाम दिया. पारिवारिक सूत्रों के अनुसार सयुल शेख ने तैयब के बाकी और भी भाईयों को मार डालने की धमकी भी दी है. घटना को अंजाम देने के लिए ओएलएक्स से सयुल शेख ने ऑनलाइन छुरा मंगवाया था. घटना के पीछे कुछ दिन पहले की झगड़ा और मारपीट को कारण बताया जा रहा है.

हत्या को अंजाम देने वाले सयुल शेख एवं साबीर अंसारी डेंड्राइट एवं गांजा के नशे के आदी थे. पारिवारिक सूत्रों के अनुसार तैयब शेख को गांव से दूर ईंटा चिमनी जंगल के पास सुग्गा कांटा तालाब के निकट नगड़ी निवासी सयुल शेख एवं साबीर अंसारी ने 10 से 12 बार पेट एवं शरीर के विभिन्न हिस्से में बेरहमी से छुरा घोंपकर मार डाला. यहीं नहीं सयुल शेख ने तैयब के बाकी भाईयों को भी जान से मार देने की धमकी दी है.

**खास बातें**

- हत्यारोपी ने मृतक के भाइयों को भी दी जान मारने की धमकी दी
- दो हत्यारोपी को पुलिस ने 10 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया

**बेड़ो पुलिस ने दस घंटे में दो आरोपी को दबोचा**

ऊधर बेड़ो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर के नेतृत्व में बेड़ो के थाना प्रभारी नकुल शाह एवं सशस्त्र बल ने घटना के 10 घंटे के अंदर दो आरोपियों क्रमशः सयूल शेख एवं उसके फूफेरे भाई साबीर अंसारी को देर रात लगभग 2:00 बजे घाघरा से गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित किया . पुलिस को 2 घंटे तक चकमा दिया . अन्ततः पुलिस ने उनके निशानदेही पर खून से सने कपड़े एवं छुरा को बरामद कर लिया . रात में ही फॉरेंसिक जांच की टीम ने घटनास्थल का जांच किया .

**घरवालों का रो-रो कर हो रहा बुरा हाल**

मृतक तैयब की मां ऐमून खातुन, बहन शबाना परवीन, तमन्ना परवीन सहित परिवार के लोगों का रो-रो कर हाल-बेहाल है. देर शाम पोस्टमार्टम के बाद तैयब शेख का शव नगड़ी गांव पहुंचा. गांव के कब्रिस्तान में उसे मिट्टी दी गई . अंतिम संस्कार में बबलू खान, आफताब खान, साबिर मीर, सरवन खान, कयूम फरास एव सद्दाम शेख, मुन्ना शेख, राजा शेख सहित सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद थे .

### राजद के स्टार प्रचारक व बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पलामू में भरी हुंकार, कहा-

# न लालू झुके, न उनका बेटा झुकेगा

**चुनावी हमला**

- पलामू से राजद प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में की वोट अपील
- कहा-हिंदू-मुस्लिम कर देश पर राज करना चाहते हैं मोदी

विशेष संवाददाता। छतरपुर/भवनाथपुर



चार जून को जुमला साबित होगा 400 पार का नारा

राजद के स्टार प्रचारक और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और वीआईपी पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने बुधवार को पलामू की पार्टी प्रत्याशी ममता भुईंया के लिए दो चुनावी सभा को संबोधित किया. पहली सभा छतरपुर और दूसरी सभा भवनाथपुर विधानसभा में हुई. इस दौरान उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में जो भी बोलेगा, उसे सीबीआई व ईडी से डरवाते हैं.

मगर, हम लालू प्रसाद यादव के बेटा हैं, न लालू जी झुके हैं और न ही उनका बेटा झुकेगा. उन्होंने कहा कि जेल से उन्हें डर नहीं लगता, क्योंकि हमारे भगवान तो जेल में ही पैदा हुए थे. तेजस्वी ने राजद प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी मतों से जीताने की अपील की. बता दें कि पलामू में 13 मई को मतदान होगा. यहां राजद प्रत्याशी का सीधा मुकाबला भाजपा के सीटिंग सांसद विष्णु दयाल राम से है. मौके पर झारखंड प्रदेश राजद के अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व अध्यक्ष गौतम सागर राणा, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, रामनाथ चंद्रवंशी, संजर नवाज, वीआईपी जिलाध्यक्ष केडी सिंह, राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी को झूठ बोलने की फैक्ट्री बताया. कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने तो 10 साल में कोई काम नहीं किया. वे केवल हिंदु-मुस्लिम करके देश में राज करना चाहते हैं. 10 वर्षों के शासनकाल में सिर्फ झूठ के सहारे राज किया है. 2014 में गरीबी व बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए. इस बार पीएम मोदी ने 400 पार का नारा दिया है, चार जून को यह भी जुमला ही साबित होगा. तेजस्वी यहीं नहीं रूके. उन्होंने 2014 में पीएम मोदी द्वारा दिए गए चुनावी भाषण का अंश सुनाते हुए कहा कि इसमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है.

**'इंडिया' की सरकार बनी तो 500 रु में गैस सिलेंडर**

तेजस्वी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनी, तो हर गरीब घर की बेटियों के बैंक खाते में प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा. प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे. उन्होंने यह भी कहा कि इससे पूर्व भी उनके द्वारा किए गए वादा के तहत बिहार में पांच लाख लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया है.

**15 लाख व कालाधन के मुद्दे पर भी पीएम को घेरा**

तेजस्वी ने पीएम मोदी को घेरते हुए कहा कि किसी के खाते में 15 लाख रुपये नहीं आए. पीएम ने न तो नौकरी दी और ना ही कालाधन आया. उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अब तक सिर्फ देश की संपत्ति को बेचने का ही काम किया है. अब उनका अगला कदम संविधान को बदलना है. बिहार के नेता प्रतिपक्ष ने चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा का संविधान बदलने का सपना वो कभी पूरा नहीं होने देंगे.

**पूंजीपतियों के पैसे से खरीदे जाते हैं सांसद-विधायक: सहनी**

बिहार के पूर्व मंत्री व वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ खरीद-फरोख्त में विश्वास रखते हैं. उनके पास अडानी और अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं. उनके पैसे से सांसद-विधायक खरीदे जाते हैं. बिहार में हमारे चार विधायकों को खरीद कर राज्य सरकार में शामिल करा लिया. सहनी ने कहा कि इस बार पिछड़ा और दलित लोगों ने मन बना लिया है कि नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंगे.

**कल तीन चुनावी सभाएं करेंगे तेजस्वी**

तेजस्वी यादव 10 मई को हुसैनबाद, नगर ऊंटारी और रंका में तीन चुनावी सभा को संबोधित करेंगे. इसकी तैयारी में राजद जुट गया है. पार्टी की ओर से जारी दिशा-निर्देश में कहा कि स्थानीय पार्टी नेता गठबंधन दल के नेताओं के साथ समन्वय स्थापित करके चुनावी सभा सफल बनाने में जुट जाएं.

### यूनियन की पहल पर आश्रित को नौकरी देने पर बनी सहमति

**डकरा।** डकरा परियोजना में डोजर ऑपरेटर पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मी कृष्णा चौहान बक गांधी नगर अस्पताल रांची में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई. कृष्णा चौहान की बुधवार को ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद डकरा अस्पताल लाया गया जहां बेहतर इलाज के लिए गांधी- नगर अस्पताल रेफर किया गया. उसके मृत्यु के बाद संयुक्त श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने सीसीएल प्रबंधन को मृतक के आश्रितों के आवेदन देकर अनुकम्पा के आधार पर मृतक के पुत्र जितेन्द्र कुमार चौहान को तत्काल नौकरी देने की मांग की. इसके बाद प्रबंधन की ओर से सहमति जताते नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई. इस मौके पर संयुक्त श्रमिक संगठन के मिथलेश सिंह, अमरभूषण सिंह गोल्डन प्रसाद यादव, कृष्णा चौहान, डीपी सिंह, हरेंद्र सिंह, जगदीश चौहान, मोहम्मद रिजवान शामिल रहे.

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ओरमांझी में की बैठक

**ओरमांझी।** रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय की जीत सुनिश्चित करने की रणनीति एवं प्रचार को धारदार बनाने के लिए जिला प्रवक्ता अमाल खान के नेतृत्व में बैठक हुई. अबैठक की अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नसीम अहमद संचालन अनावरूल हक ने की. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता खुर्शीद सहित रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों, बूथ कमेटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. बैठक में रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई. मौके पर मुख्य रूप से हुसैन अंसारी, अख्तर, अताउल्लाह अंसारी, खुर्शीद आलम, अरशद मलिक, जहांगीर अंसारी, अब्दुर रसीद अंसारी, मिन्हाज अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.


## न्यूज अपडेट

### डरना है, तो अपने बुरे कर्मों से डरो : साध्वी देविका



**इटकी।** डरना अगर है तो अपने बुरे कर्मों से डरो, तुम्हें लगता है कि बुरे कर्म करते समय हमें कोई नहीं देख रहा है तो यह तुम्हारा भ्रम है. उक्त बातें वृन्दावन से आयी कथा वाचिका साध्वी देविका दीक्षित ने कही. वे इटकी के बनियाटोली में स्थित रुद्र महाकाल मंदिर प्रांगण में मंगलवार से शुरू हुई श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह भागवत कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थी. उन्होंने कहा कि ईश्वर सब देख रहा है, जिसकी सजा तुम्हें इसी जीवन में मिल सकती है. अतः भागवत गीता का पाठ और चिंतन कर हम हर बुरे कर्मों से बच सकते हैं. इससे पूर्व समिति द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर प्रवचन का शुभारंभ किया गया.

### 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जला, बिजली आपूर्ति ठप



**इटकी।** अखराटोली में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने से तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप है. ट्रांसफार्मर जल जाने से कई मुहल्ले अंधकार में डूबा हुआ है. बिजली नहीं होने के कारण पेयजल के लिये हाहाकार मचा हुआ है. भीषण गर्मी के कारण लोग बेहाल है. बच्चों का पठन पाठन पूरी तरह से बाधित हो गया है. ग्रामीण उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है. ग्रामीणों ने जानकारी दी कि सहायक अभियंता व ग्रामीण अभियंता को दूरभाष पर ट्रांसफार्मर जलने की सूचना दी गयी है. बावजूद इसके विभागीय अधिकारी संज्ञान नहीं ने रहे है. ग्रामीणों ने धन संग्रह चंदा कर ट्रांसफार्मर को उतरवाकर मंगलवार को टीआरडब्ल्यू कोकर रांची में भेजवाया है.

### सिल्ली में बालू लदा चार हाइवा और एक टर्बो जब्त



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली के डीएसपी रणवीर सिंह ने मंगलवार की रात क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध रूप से बालू से लदे चार हाइवा व एक टर्बो को जब्त कर लिया. डीएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि नदी से अवैध बालू का खनन हो रहा है. रात्रि में बड़े पैमाने बालू की तस्करी होती है. इस सूचना के बाद डीएसपी ने मंगलवार की रात सिल्ली-बंता मार्ग पर वाहनों की चेकिंग शुरू की. इस दौरान बालू लदे चार हाइवा एवं टर्बो को जब्त किया. वाहनों चालकों के पास बालू से संबंधित कोई कागजात नहीं थे. सभी वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया. डीएसपी ने इस क्रम में मुरी में झारखंड-बंगाल सीमा पर गेडेवीर मे बनायी गयी अस्थायी पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया.

### सिल्ली में अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली पुलिस गश्ती के दौरान सुबह पतराहातू रोड में अवैध शराब ले जाते विजय प्रजापति को गिरफ्तार किया. उसके पास से ध प्रीमियम व्हिस्की 12 बोतल एवं बडवाईजर कैन बियर 48 बोतल बरामद किया गया. छापेमारी दल में सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार मोदी, हवलदार विद्या प्रसाद एवं आरक्षी बटेश्वर टुडू शामिल रहे.

### पांच दिवसीय रामायण कथा पाठ का समापन



**राहे।** प्रखंड के महेशपुर गांव में आयोजित पांच दिवसीय रामायण कथा पाठ का समापन बुधवार सुबह को किया गया. पांच दिनों तक पंडित रवि ठाकुर की टीम और स्थानीय कथा वाचकों के द्वारा रामायण कथा पाठ किया गया. समापन के अवसर पर सतिया से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई.महिलाओं ने अपने कलश में पवित्र जल लेकर कथा स्थल तक आए जहां कलशों की विधिवत स्थापना किया गया. पांच दिन तक पूरे गांव में भक्ति का वातावरण बना रहा.

### टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मेसरा महाराजा ने जीता



**ओरमांझी।** चूटूटू गांव के रिंग रोड ईदगाह स्थित मैदान में छह दिवसीय स्व आबाद अंसारी मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय व सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने संयुक्त रूप से की. टूर्नामेंट का पहला मैच केसीसी ईरबा 11 बनाम मेसरा महाराजा के बीच 8- 8 ओवर का खेला गया. रोमांचक मैच में मेसरा महाराजा ने मैच जीत कर अपने नाम किया. मेसरा महाराजा के हिमांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया. मौके पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष जावेद अंसारी, उपाध्यक्ष मोदस्सिर एहरार, सचिव सलमान, अकील, सहसचिव शाहिद, जुगेस, कोषाध्यक्ष सुल्तान राजा, खेल प्रभारी रपसन आदि शामिल थे.

### बुढ़मू में मंडा पूजा झूलन सह मेला के साथ संपन्न



**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा बुधवार को झूलन सह मेला के साथ संपन्न हो गया. इससे पूर्व मंगलवार की शाम 125 भक्तियों ने लोटनसेवा, धुँआसी अनुष्ठान संपन्न किया. इससे बाद भक्तियों ने दहकते अंगारों में चलकर हर हर महादेव के गगनचुंबी जयघोषों के बीच फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया. रात्रि में समाजसेवी भैरव सिंह द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया. इसके बाद बोकारो के जागरण टीम द्वारा पूरी रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम किया गया. बुधवार को भोक्ताओं ने झूलन अनुष्ठान संपन्न किया. इस दौरान मेलार्थियों में पवित्र पुष्प को पाने की होड़ रही. मंडा पूजा के सफल आयोजन में समिति के अजय साहु, गौरी मुंडा,जनार्दन साहु, परिबा साहु, संदीप साहु, रमेश साहु, विश्वनाथ मुंडा, रामेश्वर महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही.

### बुढ़मू में चोरी के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार



बुढ़मू। समरसेबल, टुलू मशीन और स्टेपलाइजर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थाना प्रभारी ने बताया कि जेल भेजे गये आरोपियों में ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी जुलफान अंसारी, भेलवाटांड़ निवासी मोईन अंसारी और खरकूटोली निवासी तौफीक आलम है. बरौदी निवासी निर्मल महतो के घर से जुलफान अंसारी अन्य चोरों के साथ मिलकर घर का ताला तोड़कर स्टेपलाइजर और टुलू मशीन चोरी कर लिया. पुलिस ने छापामारी करते हुए जुलफान को गिरफ्तार किया और जुलफान के निशानदेही पर मोईन और तौफीक को गिरफ्तार किया और चोरी हुआ सामान बरामद किया.

## डाड़ी सेमरटोली में ग्रामीणों ने श्रमदान कर चुआं खोदा



संवाददाता। लापुंग

लापुंग प्रखंड के डाडी.सेमरटोली में नहाने धोने की सुविधा के अभाव के कारण ग्रामीणों ने खेतों के बीच श्रमदान से चुआं खोदा और पत्थरों से पाटकर बांध दिया. डाडी.सेमरटोली में मात्र एक चुआं था जिसका उपयोग महिलाएं करती थीं. पुरुषों को भारी परेशानी हो रही थी. अन्ततः दीपक साहु, दुबराज साहु एवं हरि साहु के संयुक्त नेतृत्व में ग्रामीणों ने श्रमदान कर चुआं का निर्माण किया. पहले आठ से दस फीट की खुदाई कर डाली. उसके बाद पत्थरों से पाटा गया. इस मौके पर राजकिशोर साहु, उप मुखिया नीरल हेरेंज, अमित बरला, बेनेडिक्ट बरला, चांद बरला, प्रदीप साहु, रमेश साहु,अजय नाग, संदीप साहु, हीरालाल साहु, बिहारी साहु समेत कई लोगों ने भीषण गर्मी और तपती धूप में खुले आसमान के नीचे चुआं निर्माण के लिए श्रमदान कर अपना पसीना बहाया. अभी श्रमदान की प्रक्रिया आगे भी चलेगी. चुआं के निर्माण से ग्रामीणों ने खुशी जताई है.

## सरफेस वाटर ट्रीटमेंट के प्रयोग से निगम ने बचाये लाखों लीटर पानी

बसंत मुंडा। रांची



झारखंड बनने के बाद रांची नगर निगम ने पहली बार दो लाख 60 हजार लीटर से अधिक पानी बचाया है. वर्तमान में पांच स्थानों से सरफेस वाटर का ट्रीटमेंट कर रांची में जलापूर्ति की जा रही है. हर दिन 50 टैंकर से शहरवासियों की प्यास बुझायी जा रही है. शहरवासियों को टैंकरों के माध्यम से ट्रीटेड सरफेस वाटर की आपूर्ति की जा रही है. मुहल्लों में लगाये गये मिनी एचवाईडीटी में टैंकर के माध्यम से पानी डाला जा रहा है. यहीं से लोग घेरलू काम के लिए पानी का उपयोग कर रहे हैं.

**इन स्थानों से हो रहा सरफेस वाटर ट्रीटमेंट :** राजधानी में गर्मी बढ़ने के साथ शहरवासियों को पानी लगातार मिलता रहे, इसके लिए नगर निगम पूरे शहर में 50 टैंकर से लोगों के घरों तक जलापूर्ति कर रहा है. पानी गोंदा ओटीपी, हातमा हिल सिमलिया (यूजीआर 1), आईटीबीपी (यूजीआर 2) और सिरमटोली से लिया जा रहा है.

**4000 लीटरवाले टैंकर से हो रही जलापूर्ति :** ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ रही है, लोगों के घरों की बोरिंग और कुएं सूखते जा रहे हैं. जो बोरिंग चालू हालत में है, उनसे गंदा पानी निकल रहा है. शहरवासियों को सप्लाई पानी के भरोसे पूरी गर्मी गुजरनी पड़ती है. जिन इलाकों में सप्लाई वाटर का कनेक्शन नहीं है या जहां पानी की घोर किल्लत है, उन इलाकों में राहत पहुंचाने के लिए नगर निगम चार हजार क्षमता वाले टैकरों से पानी की सप्लाई कर रहा है.

**शिकायत और सुझाव के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर :** शहरवासियों को पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए नगर निगम ने हेल्पलाइन नंबर 9431104429 जारी किया है.

**राजनीति** लोकसभा चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने किया सिल्ली-मुरी का दौरा

# बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में काम हुआ है: अमर बाउरी

संवाददाता। सिल्ली/मुरी



मोदी का सपना को साकार करना है. आप अपना बहुमूल्य वोट देकर मोदी के हाथों को मजबूत करें. मोदी जी दलित और गरीबों का उत्थान के लिए हमेशा आगे रहते हैं. बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास के लिए चिंतित रहते हैं.उक्त बातें बुधवार कोनेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कही.

वे सिल्ली प्रखंड क्षेत्र मे लोकसभा चुनाव को लेकर दौरा किया.

सिल्ली पहुंचते ही बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनको ग्राम विकास हाई स्कूल के समीप माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया. तत्पश्चात सिल्ली के नायक टोला में जनसभा को संबोधित किया. सभा का संचालन विनय महतो धीरज ने किया. . इस मौके पर विधानसभा सहसंयोजक शंकर भगत, सोनहातू मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी , राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो, बारेंदा मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, अंबुज रजक, ज्योति प्रसाद कोईरी, भागीरथ महतो, परीक्षित मंडल, कंचन सोनार, युधिष्ठिर महतो, मनीष महतो, शिवलाल महतो, सुधीर साहू, पंकज कुमार, मधुबाला, भोलानाथ माझी, पूर्णिमा सिंह देव, राजेंद्र साईं, अमित महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

## राजा पीटर ने अर्जुन मुंडा के लिए मांगा वोट



**बुंडू।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और बिरसा विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने बुंडू में मोटरसाइकिल रैली कर लोगों से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को वोट देने की अपील की. रैली बुंडू स्थित राजा पीटर के आवास एदलहातु से निकलकर टॉलप्लाजा, ब्लॉकमोड़, सुभाष चौक, धुर्वामोड़, दलकीडीह होते हुए बुंडू पहुंचकर समाप्त हो गया. इस अवसर पर उन्होंने सुभाष चौक पर विरसा विकास समिति का एक कार्यालय का भी उद्घाटन किया. मौके पर उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आमलोगों से अर्जुन मुंडा को पुनः जीतने की अपील किया. आगे कहा कि इंडी गठबंधन से देश का कोई भविष्य नहीं है. इंडी गठबंधन के नेता सभी अपने स्वार्थ के लिए एकजुट हुए हैं. यह 18-20 दलों का गठबंधन है. जीत के बाद ये सभी बारी बारी से देश की सत्ता चलायेंगे और देश के खजाने को लूटेंगे. यही नहीं ये सभी दल के नेता किसी न किसी भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हैं और उससे बचने के लिए एकजुट हुए हैं. मौके पर उनके साथ प्रमोद भगत, अटका चौधरी ,धीरेंद्र कुशवाहा सहित सैकड़ो समर्थक मौजूद थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** उच्च का चंद्र गुरु के साथ है. कार्य का अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है. समय का लाभ लें.

**वृषभ** मानसिक और शारीरिक सुख मिलेगा. समय लाभ का मौका देगा. पर दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य पूर्ण होगा. पारिवारिक चिंता दूर रहेगी. कीमती वस्तुओं का लाभ होगा. इत्र का दान करें.

**मिथुन** नेत्र विकार उत्पन्न हो सकता है. खर्च अधिक होगा. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. किया गया छोटा निवेश शुभ रहेगा. कार्य होगा और आय होगी.

**कर्क** दिन बहुत अच्छा है. नई योजना बनेगी. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**सिंह** समय बहुत ही उपयुक्त है. परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. आपके कार्य और प्रभाव से कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. मंदिर में सेवा करें.

**कन्या** भाग्य का साथ मिलेगा, पर वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** पुराना रोग उभर सकता है. भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. कर्ज लेने से बचना चाहिए. लाल वस्तु का दान और मंगलस्तोत्र का पाठ करें.

**वृश्चिक** जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का मौका मिलेगा. व्यापार में लाभ होगा. कोई नया कार्य बनेगा. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. व्यर्थ भागदौड़ होगी. कार्य में विलंब होगा. चिंता तथा तनाव रहेंगे. गणेश का मंत्र जप करें.

**धनु** प्रेम में धोखा मिल सकता है. कार्य अवरुद्ध भी हो सकता है. पर मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा. आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा.

**मकर** कार्य में गति मिलेगी. संतान से लाभ मिल सकता है. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** कार्य में गति मिलेगी, पर आलस त्यागें. आय में वृद्धि होगी. पराक्रम बढ़ेगा. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा.

**मीन** पराक्रम से कार्य बन सकता है. सुख के साधन जुटेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. स्त्री पक्ष से लाभ होगा. अज्ञात भय रहेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे.

ईसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर राकेश सिंह की गाड़ी से मिले पैसे

# रांची-रामगढ़ टोल गेट पर पकड़े गए 46 लाख रुपये

संवाददाता । रांची/रामगढ़



रामगढ़-रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से लगभग 46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं. जिस गाड़ी से पैसे मिले हैं उसे पर राकेश कुमार सिंह सवार था. चेक नाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी. घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, राजेश मुंडा इस जांच दल में शामिल थे. सूचना पर थाने पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्मेंट जांच कर रही है. जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी.

**जांच के दौरान मिले 2000 के 21 नोट :** जांच के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने 4590500 रुपए बरामद किए हैं, उसमें 2000 के 21 नोट शामिल हैं. गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट वर्तमान समय में चलंत नहीं है. इसके बावजूद वह पैसे कहां से ले गए इसकी जांच हो रही है. इसके अलावा 9097 नोट 500 रुपए के हैं. स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी.

**ई-सेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर हैं राकेश :** जानकारी के अनुसार इनोवा कार (जेएच 01 डब्ल्यू 5126) पर इंसेंट्रिग कंपनी क्या डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह और विजय कुमार नामक व्यक्ति सवार थे. राकेश कुमार सिंह इस कंपनी के डायरेक्टर पद पर है . रांची जिले के नामकुम से यह कंपनी अपना कार्य करती है. कंपनी रामगढ़ और बोकारो जिले में हाई मास्क लाइट लगाने का काम करती है. राकेश कुमार सिंह ने जांच अधिकारियों को बताया कि वह लाइट और सीमेंट का पेमेंट करने के लिए यह रकम ले जा रहे थे. रामगढ़ के अलावा कसमार ब्लॉक चौक और पेटरवार में उस पैसे की डिलीवरी की जानी थी.

## दोस्त से मिलने गए युवक का शव रेलवे लाइन से बरामद

संवाददाता । पलामू

जिले के पड़वा दोस्त से मिलने गए मेदिनीनगर के युवक की बीसफुटा के समीप बैजनाथ सेवा आश्रम के सामने रेलवे लाइन से शव मिला है. युवक की पहचान अरविंद कुमार के पुत्र राहुल कुमार (24) के रूप में हुई है. राहुल बजाज शोरूम में पिछले पांच वर्षों से कार्य करता था. घटनास्थल के समीप से ही उसकी बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई है मोबाइल नहीं मिला है. परिजनों ने हत्या और प्रेम प्रसंग से इनकार किया है. सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेलवे लाइन से डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया है. मामले की छानबीन की जा रही है. पिता अरविंद कुमार ने घटना की पूरी जानकारी दी.

पिता के अनुसार मंगलवार को हर रोज की तरह बजाज शोरूम में काम के लिए निकला था. इसके बाद उसने पिता से फोन पर यह कहा कि मैं दोस्त के यहां जा रहा हूं. वह पड़वा किसी दोस्त से मिलने जा रहा है. रात 9 बजे उससे अंतिम बार बात हुई थी. घर लौट के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि कुछ देर में घर लौट जाएंगे, लेकिन रात को नहीं लौटा. सुबह के समय कुछ चरवाहों ने रेलवे लाइन पर शव देखकर इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी.

एमआरपी से अधिक शराब बिक्री पर कार्रवाई

## 21 गए जेल, 24 हुए बर्खास्त

संवाददाता । पलामू

पलामू उत्पाद की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद और इससे पहले की गई कार्रवाई में बड़ी उपलब्धि हासिल की है. उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि विभाग जेएसबीसीएल द्वारा सभी अंचलों में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में नियमानुसार शराब बिक्री कराने के लिए तत्पर है एवं स्थिति को भी नियंत्रण में रखे हुए हैं.

किसी भी दुकान में एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा बिक्री की जाती है तो तत्काल कार्रवाई करने के लिए तीन उत्पाद पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है. अब तक की गई कार्रवाई में 21 लोगों को जेल भेजा गया है, जबकि 24 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है.

**लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज होगी : उत्पाद अधीक्षक**

उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब शराब निर्माता एवं चोरी छिपे व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है. अब तक 122 अभियोग दर्ज किए गए हैं तथा 3206 लीटर अवैध चुलाई शराब, 88650 किलोग्राम जावा महुआ, 7827.95 लीटर अवैध निर्मित विदेशी शराब, 250 लीटर स्प्रिट, चार अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री, शराब बनाने के समान जैसे विभिन्न ब्रांडों के लेबल, रैपर, होलोग्राम, ढक्कन, पैकिंग, शराब पैक करने की खाली बोतल, विदेशी शराब में प्रयुक्त होने वाले कैरामेल जब्त किए गए हैं. अरुणाचल प्रदेश एवं पंजाब राज्य में बिक्री होने वाली अंकित लेबल के साथ विदेशी शराब जप्त की गई है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है.



## फुलवरिया गांव के लोगों ने लिया वोट बहिष्कार का निर्णय

**कोडरमा ।** कोडरमा नगर पंचायत वार्ड नं एक स्थित फुलवरिया गांव के लोगों ने कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है. यहां के लोगों ने गांव में एक वोट बहिष्कार का बोर्ड भी लगाया है. इसमें लिखा है बिजली, पानी और रोड नहीं तो वोट नहीं. वहीं गांव के लोगों का कहना है कि हर चुनाव के समय नेता आते हैं और बड़े-बड़े वादे कर चले जाते हैं. यहां के मुख्य मुद्दे हैं आजादी के बाद से आज तक हमारे गांव में बिजली नहीं पहुंची है. यहां बिजली पोल, ट्रांसफार्मर और तार लगा हुआ है फिर भी बिजली नहीं पहुंच पाई है. इसलिए हम लोग वोट बहिष्कार कर रहे हैं. ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के समय नेताओं को हमारे गांव की याद आती है, उसके बाद सभी भूल जाते हैं. पिछली बार चुनाव में भी यही आश्वासन मिला पर जीतने के बाद सांसद अन्नपूर्णा देवी एक बार भी गांव नहीं आईं. बिजली नहीं रहने के कारण हमलोगों को रात में जंगली जानवरों का भय बना रहता है. साथ ही बच्चों की पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

## लोहरदगा में डैम में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत

**लोहरदगा ।** किस्को प्रखंड क्षेत्र के बानपुर बंजारी डैम में डूबने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई. युवक की पहचान बानपुर निवासी सत्य प्रकाश उरांव के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार युवक डैम में नहाने गया था. इस दौरान वह डूब गया. उसे सामुदायिक स्वास्थ्य किस्को पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है.

## दो अपराधी जिला बदर, 9 अपराधियों को हर दिन लगानी होगी थाने में हाजिरी

संवाददाता । रामगढ़

रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने एक बार फिर अपराधियों पर कानून का शिकंजा कसा है. बुधवार को उन्होंने दो अपराधियों को जिला बदर कर दिया. साथ ही नौ अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है. इससे पहले भी कई अपराधियों को जिला बदर किया जा चुका है. थाने में हाजिरी लगाने वाले अपराधियों की सूची भी लंबी होती जा रही है.

डीसी ने बताया कि वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यवसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी, कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं. जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में कार्रवाई की गई है.

**इनको लगानी होगी हाजिरी**

अपराध कर्मी अमित साहू उर्फ जूली पतरातू बस्ती पतरातू, दीपक रजक न्यू मार्केट पतरातू, राजू सिंह बिना टॉकीज के समीप, रवि ठाकुर मुर्पा मांडू, जागो मांझी बांदा टोला पिपरा जरा गोला, नियत अली उर्फ भोलू गोलपार रामगढ़, बीरचंद मांझी पिपराजरा गोला, सागर सोनकर उर्फ राजा गोलपार रामगढ़, नसीम अंसारी गोला को आगामी 3 महीने के लिए प्रतिदिन 10 :00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है .

## मुखिया के बुजुर्ग सास-ससुर बने मनरेगा मजदूर

**पलामू ।** जिले के तरहसी प्रखंड की कसमार पंचायत में अबुआ आवास में लाभुक का अंगूठा लगवा कर प्रथम किश्त की राशि रख लेने के बाद अब मनरेगा में गड़बड़ी उजागर हुई है. मुखिया संजू देवी पति अरविंद गुप्ता ने सास-ससुर क्रमशः विमला देवी (62) एवं राजेंद्र प्रसाद (65) को मनरेगा मजदूर बनाकर अबतक 38 हजार 352 रूपए का भुगतान कर दिया है. इस क्रम में 141 हाजिरी बनायी गयी है. पीएम आवास, शेड निर्माण एवं मेड़बंदी की योजना में मजदूरी भुगतान की गयी है. दरअसल, यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था. यह तब उजागर हुआ जब अंगूठा लगवाकर मुखिया पति द्वारा सामगढ की एतवारिया देवी की अबुआ आवास योजना की प्रथम किश्त की राशि रख लेने का मामला सामने आया.

## क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता | खूंटी लोकसभा कालीचरण मुंडा

संवाददाता । खूंटी



लोकसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिनों का समय बचा है. ऐसे में खूंटी लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने भी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है. कालीचरण ने बुधवार को विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे. जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा पैदल ही लोगों के बीच पहुंचे. उन्होंने कहा कि लोगों का पूरा समर्थन उन्हें मिल रहा है, उनकी जीत सुनिश्चित है. मुंडा ने मुरहू, हांसा, बांधटोली, घाघरा, सारिदकेल और गोवा, इंदीपीड़ी, सायको, सिरूम, बारूपीडी, जोजोहातू, लांदुप, सारलें, जिउरी, डाउडीह, गिड़ूग, बिचागुटू आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से प्यार, स्नेह, सहयोग, आशीर्वाद और समर्थन मांगा. उन्होंने कहा कि वे नेता नहीं, बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने के लिए आपके बीच आया हूं.

खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है. इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है. आज अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा.

**लोकसभा चुनाव** जीपीएस ट्रैकिंग से इवीएम का आवागमन करने वाले वाहनों पर रखी जायेगी नजर

# झारखंड में 60 हजार 4डी कैमरों से बूथों की होगी निगरानी

संवाददाता । रांची



बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग,जीपीएस ट्रैकिंग और व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चुनाव की तैयारियों की समीक्षा हुई. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि झारखंड में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों पर 4डी कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी. इस दौरान लगभग 60 हजार 4डी कैमरा से निगरानी रखी जाएगी. इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है. इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर और बाहर दोनों ओर की फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी.

**चुनाव को लेकर ये दिए गये निर्देश :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मॉनिटरिंग करने और संधारण गृह में इवीएम के संधारण के बाद ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया.

**बोले- मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान समय से करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें**

उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान समय से करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें. वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें. किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें. कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे. उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की. साथ ही इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय व जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग,व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे.

## पेज 1 का शेष...

### मोदी, राहुल और अडानी-अंबानी

क्या राहुल गांधी द्वारा देश के इन दोनों उद्योगपतियों के नाम को उछालने की वजह से मोदी की छवि खराब हुई है या हो रही है. वजह जो भी हो, लेकिन मोदी के बयान को भाजपा के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता. साथ ही यह सवाल तो उठता ही है कि मोदी ने अपने भाषण में झूठ क्यों बोला?

### चार घंटे तलाशी, सवा दो लाख रु. बरामद

**ईडी की टीम पहली बार मंत्रालय में घुसी :** ग्रामीण विकास विभाग का एक दफ्तर प्रोजेक्ट भवन में हैं, जहां मंत्री बैठते हैं. वहीं दूसरा दफ्तर एपीपी बिल्डिंग में है. इस दफ्तर में विभागीय सचिव और अन्य अधिकारी, कर्मचारी काम करते हैं. ईडी की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे के साथ-साथ राजनीतिक गलियारे में हड़कंप मच गयी, क्योंकि ऐसा पहली बार हुआ, जब ईडी की टीम सरकार के मंत्रालय में घुसी है.

### आदिवासी विरोधी आ जाते हैं वोट मांगने : चंपाई सोरेन

यहां की जनता, जुमलों से आगे बढ़ कर, एक ऐसी सरकार एवं दलों का समर्थन कर रही है, जो उनके लिए पेंशन, राशन, कपड़ा, आवास एवं बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा का इंतजाम कर रहे हैं.सीएम ने कहा कि जनता सबकुछ जानती और समझती है. जनता अब जागरूक हो चुकी है. उन्हें अच्छी तरह से पता है कि कौन उनके हितों की रक्षा कर सकता है. कौन उनके नाम पर सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रहा है. वन संरक्षण संशोधन अधिनियम जैसे कानूनों के सहारे हमारे जल-जंगल और जमीन को हड़पने की साजिश करने वालों को इन चुनावों में करारा जवाब मिलेगा. कहा, इसका अंदाजा खुद भाजपा को भी हो चुका है. इसीलिए अब भाजपा वाले 400 पार वाला नारा भूल चुके हैं.

### चीचीखुर्द में एक रु. भी नहीं किए गये खर्च

कभी रोजगार के लिए अत्मनिर्भर रहने वाले इस गांव के युवा पलायन कर हजारीबाग और दिल्ली जैसे शहरों में काम की खोज में जाते हैं. गांव में सिर्फ बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे ही नजर आते हैं. गांव की पहचान कच्ची ऊबड़-खाबड़ रास्तों से है. 2020 में गांव में स्थानीय विधायक जेपी पटेल कोनार नदी पर बने उच्चस्तरीय पुल के शिलान्यास के लिए गांव से गुजरे थे. उनकी गाड़ी भी बुरी तरह फंस गयी थी. इसके बाद भी गांव की सड़क नहीं बनी. गांव के सरना स्थल की भी घेराबंदी नहीं की गयी. ग्रामीण इस चुनावी गहमागहमी में स्थानीय विधायक और सांसद के गांव आने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनसे विकास कार्यों का हिसाब लिया जा सके. नदी के करीब संथाल समुदाय का जाहेरथान भी है, लेकिन उसकी भी घेराबंदी नहीं की गयी है.

**वृद्धावस्था पेंशन के लिए किया था आवेदन, नहीं मिली : छोटका बास्के :** छोटका बास्के (58) कहते हैं कि गांव में चार टोले हैं. गोबरदहा और पन्नाटांड़ में क्रमशः 45 और 25 संथाल परिवार रहते हैं. वहीं सिगनिया में 30 और कनाबांध में 30 परिवार रहते हैं, जिसमें कुछ घर कुर्मी परिवारों का है. गांव के कई लोगों ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लिए आवेदन किया था. लेकिन योजना का लाभ अधिकतर लोगों को नहीं मिला. बता दें कि राज्य सरकार ने 50 साल के ऊपर की महिला और एसटी-एससी पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन देने का निर्णय लिया था. ताकि सभी वर्ग की महिलाएं व अनुसूचित जाति-जनजाति के पुरुष जो आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं, उनका कल्याण हो सके. मगर ऐसा हुआ नहीं.

ग्रामसभा के अनुमोदन के बाद वन पट्टा के लिए 40 लोगों ने दिया था आवेदन, मिला सिर्फ सात को : वन पट्टा के सवाल पर बागुन सोरेन(62) कहते हैं कि गांव के 40 से अधिक लोगों ने वन पट्टा के लिए आवेदन किया था. जिसमें 7 लोगों को वन पट्टा मिला है. बाकी लोगों का आवेदन कहां गया इसकी जानकारी कोई नहीं दे रहा है. जिन्होंने दो एकड़ के लिए आवेदन दिया था, उन्हें भी सिर्फ पांच-सात डिसमिल का ही पट्टा दिया गया. जबकि सभी आवेदन ग्रामसभा से पास कर भेजे गये थे.

**विधायक की गाड़ी भी फंसी थी, मगर नहीं बनी सड़क :** ग्रामीण कहते हैं कि गांव के मशरूम केंद्र से लेकर फुटलाई नाला तक सड़क पूरी तरह जर्जर है. यहां कभी पक्की सड़क बनी ही नहीं. गोबरदहा से बेलडहा जाने वाले रास्ते में चार स्थानों पर गार्डवाल बनाने की जरूरत है. यहां अक्सर दुर्घटना होती रहती है. लोगों का कहना है कि स्थानीय विधायक और सांसद ने गांव के विकास पर ध्यान नहीं दिया.

**आपको कैसा सांसद चाहिए... सवाल पर क्या बोले ग्रामीण :** आपको कैसा सांसद चाहिए के सवाल पर ग्रामीणों ने कहा कि जो गांव को विकास की ओर ले जाए, गांव की समस्याओं को दूर करे, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये, वैसे जनप्रतिनिधि को हम वोट देंगे. राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के जेल में बंद होने को लेकर गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने कहा कि कुछ किया होगा, इसलिए जेल जाना पड़ा है. ऐसे ही कोई किसी को जेल थोड़े भेज देता है.


**FORMAT C-1**

**Declaration about Criminal Cases**

| | |
|---|---|
| Name and address of candidate | Vinod Kumar Singh |
| Name of political | Communist Party Of India (Marxist-Leninist) Liberation |
| Name of Election | General Election to the House of the People Lok Sabha 2024 |
| Name of Constituency | 05-Kodarma |

I **Vinod Kumar Singh**, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**A. Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of cases | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Special Judicial Mag. F.C. Ranchi (MP MLA Cases) | Case No 12/21 | Charge(s) framed | Under IPC Sections 144,341, 342, 188 Unlawful assembly |
| 2 | First Class Judicial Mag., Dhanbad. (MP MLA Cases) | GR 1372/12 | Charge(s) framed | Under IPC Sections 147, 148, 149, 337, 427 Unlawful assembly |
| 3 | Chief Judicial Magistrate, Giridih | GR 428/14 | No charge(s) framed | Under IPC Sections 147, 149, 186, 341, 290, 291 Unlawful assembly |

**B. Details about cases on conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court and date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum punishment imposed** |
|---|---|---|---|
| | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

Format C-2

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the CPI(ML)(L)

| | |
|---|---|
| Name of Political Party: | COMMUNIST PARTY OF INDIA (MARXIST-LENINIST) (LIBERATION) |
| Name of Election : | General Election to the House of the People Lok Sabha 2024 |
| Name of State/UT : | Jharkhand |

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SI. No. | Name of candidate | Name of constituency | A: Pending criminal cases | | B: Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description Of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) | Maximum punishment imposed |
| 1 | Vinod Kumar Singh | 05-Kodarma | 12/2021 Special Judicial Mag., F.C., Ranchi (MP MLA cases) | Under IPC Sections 144,341, 342, 188 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | | | GR1372/12 First Class Judicial Mag., Dhanbad (MP MLA Cases) | Under IPC Sections 147, 148, 149, 337, 427 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 3 | | | GR 428/14 Chief Judicial Magistrate, Giridih | Under IPC Sections 147, 149, 186, 341, 290, 291 Unlawful assembly | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

**Formate C- 1**

*(For candidate to publish in Newspaper , TV)*

**Desclaration about Criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors Vs. Union Of India & Anr.)

Name and address of candidate:- **MADHAV CHANDRA KUNKAL, VILL- BUNUMLATA P.O- GITILPEE P.S-MANJHARI, DIST- WEST SINGHBHUM ,JHARKHAND**

Name of Political party :- **INDEPENDENT**

(Independent candidate should write "Independent" here)Name of Election: **Lok Sabha Election 2024**

Name of Constituency : **10 – Singhbhum(S.T) Parliament Constituency**

I **MADHAV CHANDRA KUNKAL** (name of candidate ) a candidate for the abovementioned election ,declare for public information details about my criminal antecedents.

**(A) Pending criminal cases**

| SL. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status ofCase(s) | Section (s) of Acts concerned and briefdescription of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | CJM | MANJHARI PS CASE - 20/2022 ,GR-197/2023 | EVIDENCE | 147,149,353 IPC, CRINIMAL FORCE TO DETER PUBLIC SERVANT FROM DISCHARGE FORM HIS DUTY |
| 02 | CJM | SADAR PSCASE 111/2019 ,GR-464/2019 | EVIDENCE | 153A,295A,505(2)IPC, PHOTO SHARE IN SOCIALMEDIA OF GODESS DURGA |
| 03 | ACJM | MUFFASIL PS CASE 87/2023 | CHARGE SHEET NOTFILLED | 144/188/189/353/504 IPC OBSTRUCTION INGOVERNMENT WORK. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| SL. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s)& punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 01 | NA | NA | NA |
| 02 | NA | NA | NA |

***In the case election to council of states or election to Legislative council by MLAs, mention the electionconcerned in place of name of constituency.**

**MADHAV CHANDRA KUNKAL**

## भारत में प्रेस की स्वतंत्रता

प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में भारत विश्व में दो पायदान की छलांग लगाकर 159 वें स्थान पर आ गया है. यह तथ्य फ्रांस स्थित संस्था रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर (आरएसएफ) की नई रैंकिंग में उजागर हुआ है. आरएसएफ की रिपोर्ट के अनुसार 2022 की रैंकिंग में भारत 161वें नंबर पर था. इसी आधार पर ऐसी सुर्खी बनी कि भारत में प्रेस स्वतंत्रता की स्थिति में सुधार हुआ है. जबकि आरएसएफ ने कहा है कि भारत का दो पायदान चढ़ना गुमराह करने वाली तस्वीर पेश करता है. ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि कुछ देशों में, जो पिछली रिपोर्ट में भारत के ऊपर थे, हालात इतने बिगड़े कि इस बार उन्हें भारत के नीचे रखा गया है. 2022 में भारत को 36.62 अंक मिले थे. 2023 में उसे 31.28 अंक ही मिल सके. यानी पांच अंकों की गिरावट आई. आरएसएफ ने कहा है कि भारत की उभरी सूरत लोकतांत्रिक देश के उपयुक्त नहीं है. उसने कहा है- 'पत्रकारों के खिलाफ हिंसा, मीडिया स्वामित्व का उच्च केंद्रीकरण और (मीडिया के) राजनीतिक जुड़ाव के कारण दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में प्रेस की आजादी खतरे में है.' रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से देश में प्रेस स्वतंत्रता में गिरावट आती चली गई है. अनुमान है कि मोदी सरकार हर साल की तरह इस बार भी इस रिपोर्ट को पूर्वाग्रह-ग्रस्त बताकर इसे ठुकरा देगी. यह भी मुमकिन है कि वह भारत स्थित किसी संस्था को वैश्विक प्रेस फ्रीडम इंडेक्स बनाने का काम सौंप दे, जैसा कि उसने डेमोक्रेसी इंडेक्स के बारे में किया है. इस तरीके से सरकार के कट्टर समर्थक वर्ग के अलावा अब कोई प्रभावित नहीं होता. बहरहाल, ताजा रिपोर्ट में मीडिया स्वामित्व के संकेद्रण की विशेष चर्चा है. इस पर ध्यान दिया जाए, तो यही निष्कर्ष निकलता है कि जब अर्थव्यवस्था में मोनोपॉली बन जाती है तो उसका गहरा असर मीडिया और राजनीति पर भी पड़ता है. भारत में ऐसा ही हो रहा है. संयुक्त राज्य अमेरिका (45वें) तीन स्थान नीचे गिर गया है. बिडेन प्रशासन के प्रयासों के बावजूद, सूचकांक प्रश्नावली के अमेरिकी उत्तरदाता पत्रकारों के लिए पर्यावरण के बारे में नकारात्मक थे. दो पत्रकारों की हत्या (सितंबर 2022 में लास वेगास रिव्यू जर्नल के जेफ जर्मन और फरवरी 2023 में स्पेक्ट्रम न्यूज 13 के डायलन लियोन्स ) का देश की रैंकिंग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा. जेयर बोल्सोनारो , जिनके राष्ट्रपति कार्यकाल को पत्रकारों के प्रति अत्यधिक शत्रुता के कारण जाना जाता था, के जाने और लूला दा सिल्वा के चुनाव के परिणामस्वरूप ब्राज़ील (92वां) 18 पायदान ऊपर चढ़ गया, जिससे सुधार की शुरुआत हुई. एशिया में, सरकारों में बदलाव से मीडिया के लिए माहौल में भी सुधार हुआ और ऑस्ट्रेलिया (12वें स्थान पर 27वें स्थान पर) और मलेशिया (40वें स्थान पर 73वें स्थान पर) जैसे सूचकांक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई. तीन अन्य देशों में स्थिति 'समस्याग्रस्त' से 'बहुत खराब' हो गई है. ताजिकिस्तान (1 स्थान नीचे 153वें स्थान पर), भारत (11 स्थान नीचे 161वें स्थान पर) और तुर्की (16 स्थान नीचे 165वें स्थान पर).

> ताजा रिपोर्ट में मीडिया स्वामित्व के संकेद्रण की विशेष चर्चा है. इस पर ध्यान दिया जाए, तो यही निष्कर्ष निकलता है कि जब अर्थव्यवस्था में मोनोपॉली बन जाती है तो उसका गहरा असर मीडिया और राजनीति पर भी पड़ता है. भारत में ऐसा ही हो रहा है.

### सुभाषित

**हंसो शुक्लः बको शुक्लः को भेदो बकहंसयोः।**
**नीरक्षीरविवेके तु हंसो हंसः बको बकः॥**

हंस भी सफेद रंग का होता है और बगुला भी सफेद रंग का ही होता है. फिर दोनों में क्या भेद (अन्तर) है? जिसमें दूध और पानी अलग कर देने का विवेक होता है, वही हंस होता है और विवेकहीन बगुला बगुला ही होता है. इसी प्रकार मनुष्यों की श्रेष्ठता उसके विवेक से ही जानी जाती है.

# छात्र आंदोलन और अमेरिकी सख़्ती

**अमेरिका में प्रदर्शनकारियों को दोनों हाथों को पीछे कर हथकड़ी लगाकर ले जाने वाले विज़ुअल्स पूरी दुनिया देख रही है. वह किसी भी लोकतंत्रकामी को रास नहीं आ सकता. वहीं अमेरिका भारत को लोकतंत्र की नसीहत देता है. अफ़सोस, अमेरिका की बर्बर और बेहिस पुलिस पर सवाल करने की मनाही है. 2005 में पेंटागन से वाशिंगटन डीसी के बाल्टीमोर तक मेट्रो के सफ़र को मैं भूलता नहीं, जब बर्गर खा रहे एक स्कूली छात्र को जाने कहां से पुलिस आई, और उसे हथकड़ी लगाकर ले गई.**




• देश-काल



पुष्परंजन

अमेरिका में चुनाव तक गाज़ा का सवाल विश्वविद्यालयों में गूंजता रहेगा. इसकी गूंज फ्रांस के शिक्षा केंद्रों में भी होने लगी है. क्या भारत में इसका 'वायरस' फैलने वाला है? इसका जवाब देश के कई कैंपसों से मिलना बाक़ी है. पिछले हफ्ते पेरिस के एक शीर्ष विश्वविद्यालय 'साइंसेज-पो' में अमेरिका की देखादेखी फिलस्तीनी समर्थक प्रदर्शन शुरू हुआ. इमैनुएल मैक्रों इस प्रदर्शन से इतने नाराज़ हुए कि 'साइंसेज-पो' की फंडिंग ही निलंबित कर दी. 'साइंसेज-पो' में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनके प्रधान मंत्री गाब्रिएल अट्टल पढ़ाई कर चुके हैं. लेकिन ऐसा फ़ैसला लेते समय मैक्रों ने इसका लिहाज़ नहीं किया. गाजा में जारी युद्ध, फ्रांस के लिए संवेदनशील मुद्दा है. फ्रांस पश्चिमी यूरोप के यहूदियों और प्रवासी मुसलमानों के लिए घर जैसा है, इसलिए दोनों तरफ़ से टकराव की स्थिति बनी रहती है. फ्रांस के धुर वामपंथी एलएफआई (ल फ्रांस इंसोमाइज ) के सांसदों ने छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया है. मई दिवस के दिन ज्यों लुक मेलेन्कोल ने रूढ़िवादियों और मैक्रों सरकार के अवसरवादी व्यवहार की आलोचना की है. फ्रांसीसी प्रधानमंत्री गाब्रिएल अट्टल ने कहा कि बहस की गुंजाइश हमेशा रहती है, लेकिन 'साइंसेज-पो' के शैक्षिक माहौल को अवरुद्ध करने वाले अल्पसंख्यक छात्र, बहुसंख्यकों पर अपने विचार थोप रहे थे. ऐसी विचारधारा को हम ₹अटलांटिक पार से आयातित₹ कह सकते हैं. लेकिन इस समय ज़ेरे बहस जो बाइडेन हैं, जिनके चुनाव के समय अमेरिकी विश्वविद्यालयों में जोरदार प्रदर्शन हो रहे हैं. 1 मई तक अमेरिका के 30 से अधिक कैंपसों में हुए प्रदर्शनों में 1400 से अधिक प्रदर्शनकारी गिरफ़्तार किये गये हैं. गाजा में नरसंहार रोकने के सवाल पर लगातार हुए प्रदर्शन को रोकने के वास्ते, और यहूदी विरोधी भावना से निपटने के लिए अमेरिकी कांग्रेस में बुधवार को एक विधेयक पास हुआ. इसके पक्ष में 320 सांसद थे और विरोध में 91. इक्कीस रिपब्लिकन और 70 डेमोक्रेट्स ने इसके खिलाफ मतदान किया था. बहुसंख्यक अमेरिकी जनता युद्धविराम के पक्ष में हैं, बावजूद इसके जो बाइडेन की ज़िद कहिए कि अमेरिका इजराइल का समर्थन कर रहा है. इस समय न्यूयार्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय में तनाव की स्थिति है. बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में इजराइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने छात्र प्रदर्शनकारियों की निंदा की. गिलाद एर्दान ने कहा, ₹हम हमेशा से जानते थे कि हमास स्कूलों में छिपा है...हमें यह एहसास ही नहीं हुआ कि यह सिर्फ गाजा के स्कूलों में नहीं है, बल्कि अमेरिका में हार्वर्ड, कोलंबिया जैसे कुलीन विश्वविद्यालय भी इनके केंद्र हैं."

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का मानना है कि छात्रों द्वारा एक शैक्षणिक भवन पर कब्जा करना बिल्कुल गलत है. इसे शांतिपूर्ण विरोध हम कतई नहीं कह सकते. डेमोक्रेट जमाल बोमन, जो कोलंबिया विश्वविद्यालय के पास न्यूयॉर्क जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने इसे रोकने का आह्वान किया. बोमन ने एक बयान में कहा, 'कॉलेज परिसरों का सैन्यीकरण, पुलिस की व्यापक उपस्थिति और सैकड़ों छात्रों की गिरफ्तारी, हमारे लोकतंत्र की बुनियाद के बरक्स है. विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीके को लेकर कोलंबिया की अध्यक्ष मिनोचे शफीक ने हिंसा की निंदा की और कहा कि कैंपस में शैक्षणिक स्वतंत्रता सुनिश्चित होनी चाहिए. कोलंबिया यूनिवर्सिटी में जब टैंट गाडकर प्रदर्शनकारी अड़ गये, और पुलिस ने उसे ख़ाली कराने के लिए जिस तरह से बल प्रयोग किया, उसे कोई भी अमन पसंद व्यक्ति सराह नहीं सकता.

अमेरिका में प्रदर्शनकारियों को दोनों हाथों को पीछे कर हथकड़ी लगाकर ले जाने वाले विजुअल्स पूरी दुनिया देख रही है. वह किसी भी लोकतंत्रकामी को रास नहीं आ सकता. वहीं अमेरिका भारत को लोकतंत्र की नसीहत देता है. अफ़सोस, अमेरिका की बर्बर और बेहिस पुलिस पर सवाल करने की मनाही है. 2005 में पेंटागन से वाशिंगटन डीसी के बाल्टीमोर तक मेट्रो के सफ़र को मैं भूलता नहीं, जब बर्गर खा रहे एक स्कूली छात्र को जाने कहां से पुलिस आई, और उसे हथकड़ी लगाकर ले गई. अमेरिका में छोटी-छोटी बातों पर पुलिस द्वारा पिस्तौल तान देना, पटककर पीछे से हथकड़ी लगा देना सामान्य सी बात है. भारत में जघन्य आपराधिक मामलों वाले अभियुक्त को ही हथकड़ी लगाने का कोर्ट आदेश मिलता है. 80 के दशक में साधारण अपराध मामले में हथकड़ी पर रोक लगा दी गई थी. उमर ख़ालिद को हथकड़ी लगाने के आवेदन को रद्द करते हुए दिल्ली की अदालत ने टिप्पणी की थी कि उमर कोई गैंगस्टर नहीं हैं. तो क्या लोकतंत्र का चौधरी बने अमेरिका को भारत से नसीहत लेने की ज़रूरत है? गाजा के दमन चक्र के सवाल पर अमेरिकी कैंपस कुछ हफ़्तों से छिटफुट प्रदर्शनों की चपेट में थे, लेकिन 22 अप्रैल 2024 को यह प्रदर्शन फैल गया, जब न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय, येल विश्वविद्यालय, एमर्सन कॉलेज, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) और टफ्ट्स विश्वविद्यालय सहित पूर्वी तट के कई परिसरों पर छात्रों ने टैंट लगाकर कब्जा करना शुरू कर दिया. 40 से अधिक कैंपसों में 'प्रोटेस्ट कैंप' लगा देखकर सरकार के हाथ-पांव फुल चुके थे. प्रदर्शन स्थल पर टेंट गाड देने से जो बाइडेन प्रशासन की भृकुटि तन चुकी थी. कोलंबिया विश्वविद्यालय में तीन समूहों ने पिछले बुधवार को 'टेंट सिटी' स्थापित की. ये समूह हैं स्टूडेंट फॉर जस्टिस इन फिलिस्तीन (एसजेपी), जेविश वॉयस फॉर पीस (जेवीपी), और विदीन ऑवर लाइफटाइम. छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन से अपील की थी कि वह उन कंपनियों के साथ काम करना बंद करे, जो गाजा में युद्ध का समर्थन कर रही हैं. 25 अप्रैल 2024 को एमर्सन कॉलेज, दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय और टेक्सास विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां हुईं. प्रदर्शन यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में फैल गया. 27 अप्रैल को जारी कार्रवाई के कारण वाशिंगटन डीसी, एरिजोना और इंडियाना विश्वविद्यालयों में लगभग 275 गिरफ्तारियां हुईं. एआईपीएसी के बरक्स यहूदी अरबपति जार्ज सोरोस खड़े हैं, जो इज़राइल के विरुद्ध प्रदर्शनों के लिए मोटी फंडिंग कर रहे हैं.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## दुर्गम पथ सदाचार

हमारे आचार विचार इतने सुविधाभोगी हो चले है कि आचारों में विकार भी सहज सामान्य ग्राह्य हो गए है. सदाचार धारण करना कठिन ही नहीं, दुष्कर प्रतीत होता है. तब हम घोषणा ही कर देते हैं कि साधारण से जीवन में ऐसे सत्कर्मों को अपनाना असम्भव है. और फिर शुरू हो जाते है हमारे बहाने- 'आज के कलयुग में भला यह सम्भव है?' या 'तब तो फिर जीना ही छोड दें?'. 'आज कौन है जो यह सब निभा सकता है?', ऐसे आदर्श सदाचारों को अंगीकार कर कोई जिन्दा ही नहीं रह सकता. वगैरह... ऐसी दशा में कोई सदाचारी मिल भी जाय तो हमारे मन में संशय ही उत्पन्न होता है, आज के जमाने में ऐसा कोई हो ही नहीं सकता, शायद यह दिखावा मात्र है. यदि उस संशय का समाधान भी हो जाय, और किसी सदाचारी से मिलना भी हो जाय, तब भी उसे संदिग्ध साबित करने का हमारा प्रयास और भी प्रबल हो जाता है. हम अपनी बुराइयों को सदैव ढककर ही रखना चाहते है. जो थोड़ी सी अच्छाइयां हों तो उसे तिल का ताड़ बनाकर प्रस्तुत करते हैं. किसी अन्य में हमें हमसे अधिक अच्छाइयां बर्दास्त नहीं होतीं और हम उसे झूठा करार दे देते हैं. बुराइयां ढलान का मार्ग होती है, जबकि अच्छाइयां चढाई का कठिन मार्ग. इसलिए बुराई की तरफ ढल जाना सहज, सरल और आसान होता है, जबकि अच्छाई की तरफ बढ़ना अति कठिन और श्रमयुक्त पुरुषार्थ. मुश्किल यह है कि अच्छा कहलाने का यश सभी लेना चाहते हैं, पर जब कठिन श्रम और बलिदान की बात आती है तो हम मुफ्त श्रेय का शॉर्ट-कट ढूंढते हैं. किन्तु सदाचार और गुणवर्धन के श्रम व त्याग का कोई शॉर्ट-कट विकल्प नहीं होता. यही वह कारण है, जब हमारे सम्मुख सद्विचार आते हैं तो अतिशय लुभावने प्रतीत होने के उपरान्त भी सहसा मुंह से निकल पडता है 'इस पर चलना बड़ा कठिन है'. यह हमारे सुविधाभोगी मानस की ही प्रतिक्रिया होती है. हम कठिन, कष्टकर, त्यागमय प्रक्रिया से गुजरना नहीं चाहते. भले मानव में आत्मविश्वास और मनोबल की अनंत शक्तियां विद्यमान होती है. प्रमाद वश हम उसका उपयोग नहीं करते. जबकि जरूरत मात्र जीवन-मूल्यों को स्वीकार करने के लिए इस मन को सजग रखने भर की होती है. मनोबल यदि एकबार जग गया तो कैसे भी दुष्कर गुण हो अंगीकार करना सरल ही नहीं, मजेदार भी बनता चला जाता है. यदि एक बार सदाचारों से उपजे शान्त जीवन का चस्का लग जाय, सारी कठिनाइयां परिवर्तित होकर हमारे ज्वलंत मनोरथ में तब्दील हो जाती है.

# नहीं हो पायी किसानों की वास्तविक भलाई

• कृषि क्षेत्रे

तीर्थंकर मित्र

भारत अपने गांवों में बसता है. यद्यपि महात्मा गांधी की कई अन्य बातों की तरह इसे भी अक्सर ध्यान में नहीं रखा जाता है, केंद्र में मौजूद सरकारों ने अब तक गांवों के निवासियों, विशेषकर किसानों के प्रति अपनी दिखावटी सेवा को ही प्रस्तुत किया है, जिसके कारण किसानों और गांववासियों की वास्तविक भलाई नहीं हो पाई है. वे अभी भी दुर्दिन में अपना जीवनयापन करने को विवश हैं. भारत में तरह-तरह के किसान हैं और उन्हें एक साथ नहीं मिलाया जा सकता है, क्योंकि उनकी समस्याएं बहुत ही भिन्न हैं. कोई भी उस किसान नेता को, जिसके पास कई एकड़ अच्छी तरह से सिंचित फसल वाले खेत थे और जो आगे चलकर देश का उपप्रधानमंत्री बना (देवीलाल) को उन किसानों के साथ नहीं जोड़ सकता है, जिसने वर्षा नहीं होने के कारण सूखे फसल वाले खेतों का ही कष्ट झेला और कर्ज का बोझ सहन करने में असमर्थ होकर आत्महत्या कर ली. लेकिन चुनाव आते ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मुद्दा भावनात्मक हो जाता है. इसे न पाने पर धरती जोतने वाले अपनी राजनीतिक निष्ठा बदल कर बदलाव ला सकते हैं. आखिर किसानों के पास संख्या है. ऐसी बड़ी संख्या राजनीतिक खेल के नियम बदल सकते हैं. आज चुनाव के माहौल में इस मुद्दे का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में हो रहा है. न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कुछ कृषि उत्पादों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य है, जिस पर खुले बाजार की कीमतें लागत से कम होने पर उन्हें सीधे किसानों से खरीदा जायेगा. 2024 के चुनाव से पहले, एमएसपी अचानक केंद्रीय राजनीतिक मंच पर आ गया है. आखिरकार, यह भारत के कृषक समुदाय की गहरी चिंता का प्रतिबिंब है. इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस समुदाय द्वारा डाले गये वोटों का प्रभाव भारत के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने और राजनीतिक नियति पर पड़ता है. आश्चर्य की बात नहीं है कि राजनीतिक दल एमएसपी के मुद्दे पर अपनी-अपनी बात कहने के लिए होड़ कर रहे हैं. इसे अब हाशिये पर नहीं धकेला जा सकता. कांग्रेस खुद को किसानों के अधिकारों की समर्थक के रूप में देखती है. उसके द्वारा कानूनी तौर पर गारंटीशुदा एमएसपी की मांग की जा रही है और फिर चुनावी वायदा भी किया गया है. भले ही वह सबसे पुरानी पार्टी के रूप में अपने विवरण पर खरी नहीं उतरी हो, उसने अपनी इस मांग को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की अपनी विरासत पर आधारित रखा है. किसानों के हितों के रक्षक होने के अपने दावे को जोर-शोर से उठाने का दूसरा कारण यह है कि उसने किसानों पर राष्ट्रीय आयोग भी गठित किया था. ऐसी उपलब्धियों के साथ, यह एक मजबूत एमएसपी व्यवस्था के अटूट समर्थन का दावा करता है. कांग्रेस के साथ इस मुकाबले में, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की राह एक पतली रेखा पर चल रही है. यह रेखा किसानों को खुश करने और व्यापार-समर्थक दृष्टिकोण बनाये रखने के बीच है. सरकार ने कुछ फसलों पर एमएसपी की पेशकश करके किसानों को लाभ पहुंचाया है. फिर भी 'चयनात्मक एमएसपी पेशकश' की पूर्व शर्त के रूप में फसल विविधीकरण पर सरकार के जोर के बाद उसकी तीखी आलोचना की गई है. ऐसा महसूस हो रहा है कि यह चुनाव से पहले किसानों को धोखा देने की आधी-अधूरी कोशिश है. बाजार की गतिशीलता और किसानों के कल्याण के बीच संतुलन बनाना होगा. कोई भी सशर्त समर्थन प्रणालीगत मुद्दों को संबोधित करने में विफल रहता है. 'नेताओं' और 'बाबूशाही' की अखंडता की स्थिति को देखते हुए, एमएसपी सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचे को कुछ अविश्वास का सामना करना पड़ा है. इस प्रस्तावित प्रणाली में व्यवहार्यता और प्रभावशीलता दोहरे मुद्दे हैं, जिनपर विश्वसनीयता की कमी है. आलोचकों का मानना है कि एमएसपी का राजकोषीय बोझ अस्थिर होगा. समग्र केंद्रीय बजट की तुलना में इसका अपेक्षाकृत मामूली आवंटन ही इसे पेश करने का कारण होना चाहिए, जो इसका समर्थन करने वालों द्वारा समर्थित है. बिचौलियों की भूमिका किसानों के सामने आने वाली चुनौती को बढ़ा देती है. बिचौलियों और बाज़ार प्रशासकों के बीच मिलीभगत को कालीन के नीचे नहीं धकेला जा सकता. मूल्य हेरफेर और विलंबित सरकारी हस्तक्षेप से किसानों की दुर्दशा में सुधार नहीं होता है. कृषि विपणन प्रणालियों में व्यापक सुधार की आवश्यकता की मांग अरण्य रोदन की तरह है, जो किसी को सुनाई नहीं देता.

> आखिर किसानों के पास संख्या है. ऐसी बड़ी संख्या राजनीतिक खेल के नियम बदल सकते हैं. आज चुनाव के माहौल में इस मुद्दे का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में हो रहा है. न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कुछ कृषि उत्पादों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य है, जिस पर खुले बाजार की कीमतें लागत से कम होने पर उन्हें सीधे किसानों से खरीदा जायेगा.

# गांधी परिवार पर मोदी का बड़ा उपकार

• सियासत

के. रवीन्द्रन

भले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की पहचान की राजनीति के एक नये चरण के साथ तालमेल बिठाते हुए, राहुल गांधी पर अपने हमले की तीव्रता बढ़ा दी है, वह गांधी परिवार पर एक बड़ा उपकार कर रहे हैं. ऐसा लगता है कि मोदी ने विपक्षी इंडिया गुट के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के मुद्दे को राहुल के पक्ष में सुलझा लिया है. राहुल गांधी ने अतीत में लगातार प्रधानमंत्री पर अडानी और अंबानी का आदमी, चोर चौकीदार और कई अन्य बातें कहकर खुद को मोदी के खिलाफ खड़ा करने की असफल कोशिश की है. लेकिन 2024 के चुनावों के अभियान में, विशेषकर पहले दो चरणों के मतदान के साथ, मोदी ने अपने अभियान को एक नया मोड़ दे दिया है. यह मोदी ही हैं, जो राहुल को अपने खिलाफ खड़ा कर रहे हैं. यह कांग्रेस पार्टी के लिए अरबों रुपये का बोनस है, अन्यथा उसने राहुल को विपक्ष के पीएम पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने के लिए बड़ी रकम खर्च की होती, इसके अलावा अन्य दावेदारों से गंभीर प्रतिरोध का सामना भी करना पड़ता. हाल के दिनों में राहुल गांधी के लिए उनके अपमानजनक उपनाम शहजादा ने और अधिक लोकप्रियता हासिल की है और मोदी के चुनावी भाषणों का मुख्य आधार बन गया है. यहां तक कि वह कह रहे हैं कि पाकिस्तानी और वे सभी जो भारत की प्रगति को देखने से नफरत करते हैं, राहुल को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठते देखना चाहते हैं, एक तरह से यह स्वीकार करते हुए कि अगर कभी विपक्षी की सरकार बनती है तो वही इसका नेतृत्व करेंगे. वास्तव में मोदी ने स्पष्ट रूप से ममता, केजरीवाल, अखिलेश और अन्य सभी को दौड़ से बाहर कर दिया है. इस प्रकार मोदी ने इंडिया गुट को सबसे जटिल समस्या से उबरने में मदद की है. एक समय क्षेत्रीय क्षत्रपों की प्रधानमंत्री पद की महत्वाकांक्षा पर विपक्षी एकता लड़खड़ा रही थी. ममता ने विपक्षी पाले से गेंद खेलने से इनकार कर दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि कांग्रेस के पास इस प्रतिष्ठित पद के लिए केवल एक ही नाम है. अरविंद केजरीवाल ने भी खुद को कोई झटका नहीं माना, क्योंकि उनकी पार्टी को अपनी अखिल भारतीय क्षमता का तेजी से एहसास हो रहा था. नीतीश कुमार, जिन्होंने खुद को मोदी की जगह पर खड़ा करने का सपना देखा था, तब से किनारे लग गये हैं और उन्हें पाला गया, पालतू बनाया गया और मृत घोड़ा घोषित कर दिया गया, जबकि केजरीवाल पीएम हाउस तक तबादले के सपने देखने के बजाय तिहाड़ जेल में अपने समय बिताने के प्रति अधिक जुनूनी हैं. यह प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में भ्रम था जिसने विपक्ष को बिना पीएम उम्मीदवार के चुनाव का सामना करने के लिए प्रेरित किया और इस बात पर जोर दिया कि पहला काम मोदी की पीठ देखना था. राहुल गांधी को तस्वीर से दूर रखने की अपनी बेताब कोशिश में, ममता और केजरीवाल ने मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में प्रस्तावित किया और कांग्रेस अध्यक्ष ने, हालांकि अपनी प्रतिक्रिया में विनम्र थे, कुछ ज्वलंत सपने देखे. एनसीपी के दिग्गज नेता शरद पवार ने यहां तक कह दिया कि चुनाव में जाने के लिए किसी सर्वसम्मत पीएम उम्मीदवार की जरूरत नहीं है. वह सही था- 1977 के चुनाव में मोरारजी देसाई कहीं से आये और प्रधानमंत्री बन गये. इसी तरह, प्रधानमंत्री पद की कमान नरसिम्हा राव पर अचानक से आ गई, जब वह दिल्ली से अपने हैदराबाद स्थित घर के लिए लगभग तैयार हो चुके थे. मोरारजी और राव दोनों का कार्यकाल युगांतकारी था, लेकिन शपथ ग्रहण से पहले तक दोनों को उस ट्रॉफी का कोई अंदाज़ा नहीं था, जो उनका इंतज़ार कर रही थी. विपक्षी खेमे में असमंजस की स्थिति भाजपा के लिए परेशानी का सबब थी, जिसके नेताओं ने इंडिया गुट पर तंज कसने और उसे परेशान करने का कोई मौका नहीं गंवाया. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पिछले सप्ताह एक चुनावी रैली में कहा था, 'अगर भाजपा और उसके सहयोगी लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन कोई नहीं जानता कि इंडिया ब्लॉक का पीएम उम्मीदवार कौन है.' गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के कामकाजी बहुमत हासिल करने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद की म्यूजिकल चेयर की भी भविष्यवाणी की. 'क्या उनका कोई नेता है? क्या आप लालू प्रसाद को प्रधानमंत्री बना सकते हैं, क्या एमके स्टालिन देश चला सकते हैं, क्या ममता बनर्जी ऐसा कर सकती हैं, क्या हम राहुल गांधी का नाम भी सोच सकते हैं? भगवान न करे अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है, तो वे एक-एक साल के लिए प्रधानमंत्री पद साझा करेंगे,' शाह ने बिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा.

> भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पिछले सप्ताह एक चुनावी रैली में कहा था, 'अगर भाजपा और उसके सहयोगी लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, लेकिन कोई नहीं जानता कि इंडिया ब्लॉक का पीएम उम्मीदवार कौन है.' गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के कामकाजी बहुमत हासिल करने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद की म्यूजिकल चेयर की भी भविष्यवाणी की.

### मीडिया में अन्यत्र

## तमिलनाडु, केरल व मुल्लापेरियार बांध विवाद

**मुल्लापेरियार बांध** विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु की ताजा अर्जी यह दिखाती है कि शीर्ष अदालत के निर्णायक फैसले (जिसमें अदालत ने पहले घटाये गये 136 फुट की जगह 142 फुट तक पानी भरने की इजाजत दी थी) के 10 साल बाद भी केरल के साथ कई मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं. एक एक्टिविस्ट द्वारा दायर मामले में केरल के जवाब के प्रत्युत्तर में, तमिलनाडु (लाभ प्राप्तकर्ता राज्य) ने केरल (जहां बांध स्थित है) पर आरोप लगाया है कि वह इस 129 साल पुराने ढांचे की सुरक्षा को लेकर "गड़बड़ी का शोर मचा रहा"है, जबकि ठीक इसी दौरान वह इसके रखरखाव के लिए जरूरी काम को "जान-बूझ कर बाधित कर रहा" है. बांध से जुड़ी किसी आपदा का सामना करने के लिए उच्च स्तर की तैयारी सुनिश्चित करने के वास्ते तीन पैनल गठित किये जाने के बावजूद, कोई भी इन लंबित मुद्दों का हल खोजने के करीब नहीं पहुंच सका है. इन पैनलों में एक सुपरवाइजरी कमेटी (जिसका पुनर्गठन जून 2022 में प्रत्येक राज्य से एक-एक तकनीकी सदस्य शामिल करके किया गया) और दो उप-कमेटियां (जिनमें से एक राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के तहत है) शामिल हैं. तमिलनाडु की शिकायत है कि पुनर्गठित सुपरवाइजरी कमेटी के पास बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 के तहत शक्तियां थीं, इसके बावजूद वह यह सुनिश्चित करने में 'बुरी तरह नाकाम' रही कि केरल और उसकी एजेंसियां बांध को मजबूत करने और अन्य संबंधित कामों की इजाजत दें और उसमें सहयोग करें. सन् 2021 के कानून में यह प्रावधान है कि पांच साल के भीतर यानी 30 दिसंबर, 2026 तक बांध का विस्तृत सुरक्षा मूल्यांकन किया जाना है, जिसे और पहले पूरा करने के लिए तमिलनाडु दबाव डालता रहा है. लेकिन अनसुलझे मुद्दों के बावजूद, केरल की आपत्तियों के बाद भी न्यायिक हस्तक्षेप में उस 'रूल कर्व' को अपनाया गया है, जो बांध के शटरों के सुचारु संचालन, खासकर बाढ़ के दौरान, और गेट संचालन समयसारणी के लिए निर्णय में काम आने वाला औजार है. बांध से संबंधित मुद्दों के अलावा, केरल सरकार का एक विशाल कार पार्किंग परियोजना का प्रस्ताव भी मुकदमेबाजी का विषय है. भारतीय सर्वेक्षण विभाग का निष्कर्ष है कि परियोजना स्थल पट्टे पर दी गयी जमीन के बाहर है, जिसे तमिलनाडु ने चुनौती दी है. जहां तक केरल की बात है, तो उसकी प्राथमिक चिंता बांध की सुरक्षा रही है और वह एहतियात के साथ आगे बढ़ना चाहता है. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## धैर्य/सहनशीलता/कायरता

**धीरज** धरम मित्र अरु नारी, आपत काल परिखियहिं चारी. मतलब यह कि विपदा काल में ही धीरज, धर्म, मित्र और पत्नी की परीक्षा होती है. यानी विपदा काल में इन्हीं चारों का सहारा रह जाता है. धीरज का पर्यायवाची शब्द धैर्य है, जो विपदा काल में मरहम का काम करता है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार धैर्य संस्कृत मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है धीर होने का भाव, शांति, सब्र, संकट के समय मन की सहनशीलता या स्थिरता, धीरता, धीरज, अविचलन, आत्म नियंत्रण, मन के विकारों से रहित होने का भाव, चित्त की दृढ़ता, साहस. जिस व्यक्ति में ये सारे गुण होते हैं, उसे धैर्यशील या धैर्यवान कहा जाता है. धैर्य और सहनशीलता में के बीच घनिष्ठ संबंध है. सहनशीलता दो शब्दों के मेल से बनता है-सहन और शीलता. सहन संस्कृत मूल का भी शब्द है और अरबी भाषा मूल का भी, लेकिन दोनों अर्थों में भिन्नता आ जाती है. संस्कृत मूल के सहन का अर्थ है सहने की क्रिया या भाव, बर्दाश्त, सहिष्णुता. वहीं अरबी मूल वाले सहन का अर्थ घर के बीच खुला भाग, आंगन या चौक, बड़ा थाल, एक रेशमी कपड़ा, घर के सामने खुली हुई समतल भूमि. जो अत्याचार, दुर्व्यवहार, संकट आदि को सहन करने की स्वाभाविक क्षमता रखनेवाले व्यक्ति को सहनशील कहा जाता है. सहनशील विशेषण शब्द है और उसका भाव वाचक संज्ञा रूप है सहनशीलता. धैर्य और सहनशीलता दोनों ही सराहनीय शब्द हैं, लेकिन कायरता निंदा का बोधक है. यह कायर में ता प्रत्यय जुड़ने से बनने वाला भाववाचक संज्ञा है. कायर का तत्सम विशेषण शब्द है, जिसका अर्थ है डरपोक, भीरु, जिसमें उत्साह, बल या साहस का अभाव हो, सामर्थ्य होने पर भी किसी बड़े काम से पीछे हटनेवाला. कायरता यानी साहस का अभाव, साहसहीनता, कायर होने की अवस्था या भाव. कायर व्यक्ति सामना नही करता, लड़ता नही. पीछे हटना और पीठ दिखाना कायरता के लक्षण हैं.

# अब सुनिए दुःख-दर्द की दास्तां

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



सुख को भला कौन पूछता है. वह तो चाट के पत्ते की तरह है, खाया और फेंका. लेकिन दुःख-दर्द भला कोई इस तरह फेंकता है ? बड़े संभाल के रखते हैं हम उसे. वर्तमान में जो है, उसे तो भुगतते ही हैं, जो भुगत चुके हैं उसे भी याद करते रहते हैं. मौक़ा मिलते ही दोहराते रहते हैं कि कहीं भूल न जाएं. दुःख चीज़ ही ऐसी है. दार्शनिकों के चिंतन में वह पसरा पड़ा है. कवियों की कविताओं में वह बिखरा हुआ है. राजनेताओं के जुबान पर वह बड़े ठाट से विराजमान है. समाजसेवकों के जुमलों में उसने पैठ बना ली है. सब के सब दुःख-दर्द की ही बात करते हैं. हर जगह व्याप्त दुःख की मानों जुगाली करते हैं. इधर यह जुगाली कुछ ज्यादह ही बढ़ गई है. राजनीति में तो दुःख-दर्द ने मानो कब्ज़ा ही कर लिया है. कोई ऐसी पार्टी नहीं है, जो दुःख-दर्द से कराह न रही हो. ख़ासतौर पर किसानों का दुख-दर्द, बेरोजगारों का, गरीबों का दुःख-दर्द, दलितों, वंचितों का दुःख-दर्द, स्त्रियों का, आदिवासियों का दुःख-दर्द, संक्षेप में जनता का दुःख-दर्द - हर दल के दुःख-दर्द की कहानी है. इसे बड़े भावुक होकर बताया जाता है. संवेदनाएं प्रकट की जाती हैं. निवारण की प्रस्तावित कोशिशों और उपायों की चर्चा की जाती है. आरोप प्रत्यारोप लगाए जाते हैं. क्यों है और क्यों नहीं गया यह अभी तक. जुमलेबाज़ी शबाब पर है. दुःख-दर्द पर इतनी चिंता व्यक्त की जा रही है और जनता है कि फिर भी नायिका की तरह रूठी हुई है. सामान्यतः दुःख और दर्द एक दूसरे में व्याप्त 'जुड़वां भाई' हैं. ठीक इस तरह जैसे शरीर और मन हैं, देह और आत्मा है. हम मन को शरीर से और शरीर को आत्मा से अलग नहीं कर सकते, उसी तरह दुःख और दर्द को भी अलग नहीं कर सकते. साहित्य में तो और भी बुरा हाल है. नाटक, उपन्यास और कहानियां बेशक सुखान्त भी लिखे जाते हैं. लेकिन जो बात दुखांत साहित्य की है, उसका कहना ही क्या ? पढ़ने के बाद अंत में आंसू तो ज़रूर ही बहना चाहिए. तभी साहित्य की गरिमा है, उपलब्धि है. इससे भावनाओं का रेचन होता है, रेचन. जानते हैं आप रेचन का अर्थ – यह दुःख से सुख की अनुभूति है, लाजवाब अनुभूति है. उर्दू-शायरी में तो दुख दर्द भरा पडा है, मुहब्बत का दर्द. होती है मुहब्बत, तो दर्द; टूटती है मुहब्बत, तो दर्द. दर्दे दिल दर्दे जिगर. सहते रहते हैं, सहने में ही मज़ा है. मुहब्बत का मारा, अपने दिल और जिगर का दर्द लेकर किसी हकीम के पास नहीं फटकता.

# लाइफ लाइन

## कहीं कैंसर तो नहीं खरीद रहे !

**पिछले दिनों अपने देश के दो बड़े ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों को सिंगापुर ने यह कहकर बैन कर दिया कि इसमें कैंसर को बढ़ावा देने वाले केमिकल्स पाए गए हैं. सच पूछिए तो इन दिनों मार्केट में ऐसे इंग्रडिएंट्स वाले प्रोडक्ट की भरमार है जिससे कैंसर की आशंका बढ़ती है. ऐसे में किसी भी प्रोडक्ट को खरीदने या इस्तेमाल करने से पहले हम उन सामग्रियों की जानकारी रखें जिससे प्रोडक्ट तैयार हुआ है. आइए, आज ऐसी ही कुछ समाग्रियों की करें बात जिसमें मौजूद केमिकल्स कैंसर की आशंका को बढ़ा देता है**

- **कोल टार**

हेयर डाई, शैंपू समेत कई स्किन प्रोडक्ट्स में इस्तेमाल किए जाने वाले इस इंग्रेडिएंट्स का नियमित उपयोग कैंसर की आशंका को बढ़ाता है. इनका अधिक इस्तेमाल लंग्स, ब्लेडर और किडनी पर भी बुरा असर डाल सकता है.

- **पैराबेन**

साबून, शैंपू, शेविंग क्रीम और प्रोसेस्ड फूड में पाए जाने वाले इस इंग्रेडिएंट का इस्तेमाल कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स के लंबी लाइफ के लिए इस्तेमाल किया जाता है. पैराबेन केमिकल्स ब्रेस्ट कैंसर की आशंका को बढ़ाता है, साथ ही हमारे हार्मोन्सऔर फर्टिलिटी पर भी बुरा असर डालता है. पैराबेन फ्री हो प्रोडक्ट इस्तेमाल करें या फिर आश्वस्त हो लें कि उसमें पैराबेन की जगह मिथाइल, इथाइल और प्रोपाइल पैराबेन का इस्तेमाल किया गया हो.

- **पैथालेट्स**

सिंथेटिक फ्रेगनेंस जैसे परफ्यूम, हेयर स्प्रे और नेल पॉलिस में पैथालेट्स जैसे केमिकल्स का इस्तेमाल होता है. यह ने केवल हार्मोन्स को प्रभावित करता है बल्कि ब्रेस्ट कैंसर की आशंका भी इससे बढ़ती है.

- **फॉर्मेल्डिहाइड**

फॉर्मेल्डिहाइड तेज गंध वाला एक कलरलेस गैस है जो बिल्डिंग मैटेरियल्स, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल इंडस्ट्री के प्रोडक्ट्स को बनाने में इस्तेमाल किया जाता है. इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर जैसी संस्थाओं के मुताबिक ये नासॉफिरिन्जियल कैंसर और ल्यूकेमिया जैसी बीमारियां का कारक है.

- **एक्रिलामाइड**

एक्रिलामाइड नाम का केमिकल्स फूड्स में तब पाया जाता है जब उसे अधिक टेंपरेचर पर फ्राई या फिर बेक किया जाता है. कई रिसर्च रिपोर्ट में जाहिर हुआ है कि एक्रिलामाइड इंसानों में कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है.



### झारखंड के औषधीय वृक्ष

## विलुप्त हो रहा है औषधीय वृक्ष "कुंभी"



मैं औषधीय वृक्ष का अवलोकनार्थ वन में, गांव-देहात में घुमंतू जीवन के दर्शन के साथ घूमता रहता हूं. लातेहार जिला के निंद्रा गांव के मनोहर यादव ने विशेष रुचि लेकर अप्रैल माह में बुलाकर औषधीय वृक्ष कुंभी से पुष्प वर्षा का दृश्य दिखाए. सूर्य की प्रथम किरण पड़ने के थोड़ी देर बाद कुंभी के फूल गिरने लगते हैं और इस दृश्य को देखने का आनंद ही कुछ अलग रहता है. पुष्प वर्षा का नयनाभिराम दृश्य लगभग आधे घंटे से एक घंटे तक ही देखने को मिलता है.



**अनिल कुमार पाठक**
पारंपरिक चिकित्सक

हिंदी में कुंभी, जंगली अमरुद के नाम से भी पुकारा जाता है. मराठी में कुंभा, बंगाल में कुम्ही, कुम्भी उड़िया में कुम्भ नाम से पुकारते हैं. वनस्पति नाम - कैरेया आर्बोरिया अंग्रेजी में केरिसट्री भाव प्रकाश निघंटु में कटभी नाम से पहचान बताई गई है. लातेहार के औषधीय वृक्ष के जानकार स्व एन.के.मिश्रा के अनुसार "स्वादुपुष्प" इस लिए कहा गया कि इसके पुष्प को खाने में उपयोग किया जाता था. पारंपरिक वैद्य गण पुष्प का चूर्ण बना कर रख लिया करते थे.

इसके फल का आकार कुंभ की तरह दिखते हैं. वीर्य नाशक होता है. कृमि, कफ, कुष्ठ, प्रमेह, बवासीर एवं ज्वर नाशक है. निंद्रा गांव के लोग इसका उपयोग अभी नही करते हैं लेकिन यह बताया गया कि इसके जल स्नान से ज्वर में आराम मिलता था और हमारे पूर्वज कभी कभी ज्वर में इसका उपयोग यदा-कदा करते थे.

एक लाख एकड़ वन प्रदेश में भ्रमण के दौरान इस वृक्ष का दूसरा पौधा देखने को नहीं मिला. अर्थात यह लगभग विलुप्त श्रेणी का पौधा है. मेरे व्यक्तिगत शोध अनुसार वन मंत्रालय भारत सरकार को वृक्ष रोपण कार्य नहीं करना चाहिए. विलुप्त होती प्रजातियों के लिए काम करने की आवश्यकता भारत को थी.

**(औषधीय पौधा के खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)**

**तस्वीर : अनिल कुमार पाठक**

# खौफनाक है फेयरनेस क्रीम का डार्कनेस

***फेयरनेस क्रीम के ग्लोबल मार्केट की बात करें तो यह वर्ष 2020 में आठ बिलियन डॉलर था जो वर्ष 2026 तक 11.8 बिलियन की ऊंचाई तक पहुंचने की उम्मीद है. विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह दावा है कि दुनिया में चार में से तीन महिलाएं बिना डॉक्टर की सलाह के ब्लीच और स्किन वाइटनिंग क्रीम का इस्तेमाल करती हैं. गोरेपन का दावा करने वाली ये क्रीम घातक सामग्रियों से तैयार होती हैं जिससे शरीर के कई अंगों को भारी नुकसान पहुंचता है. आइए फेयरनेस क्रीम के डार्क साइड से हों वाकिफ***



**डॉ सरोज राय**
डर्मेटोलॉजिस्ट
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

साल की शुरुआत में ही गोरे बनाने का दावा करने वाली क्रीम के नुकसान की खबर महाराष्ट्र से आई थी. एक महिला और एक पुरुष ने अलग-अलग मामलों में गोरा होने की क्रीम चेहरे पर लगाई जिसके बाद उसके शरीर में सूजन आ गई. जांच करने पर पता चला कि क्रीम से दोनों की किडनी खराब हो रही थी. दोनों मामले महाराष्ट्र के रायगड के थे. पहले केस में 24 साल का नम्रता ( बदला हुआ नाम) पिछले आठ महीने से किसी झोला छाप चिकित्सक की सलाह से फेयरनेस क्रीम चेहरे पर लगा रही थी, वहीं 56 साल के विक्रम (बदला हुआ नाम) भी पिछले 3-4 महीने से नाई की सलाह से फेयरनेस क्रीम लगा रहे थे. दोनों के ही क्रीम के लेबल में दावा था कि वे प्राकृतिक चीजों से तैयार हैं. क्रीम लगाने के बाद मरीजों के शरीर में सूजन होने लगी जिसके बाद वे नवी मुंबई के मेडिकोवर हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंचे. इसके साथ ही फेयरनेस क्रीम से जुड़े गंभीर साइड इफेक्ट से एक बार फिर जमाना वाकिफ हुआ. जांच रिपोर्ट के मुताबिक दोनों मरीजों के शरीर में सूजन आ गई है और उनके यूरिन में प्रोटीन की मात्रा ज्यादा है. पाया गया कि उनकी किडनी में खराबी है और एनईएलएल-1 एंटीजन भी पाया गया. किडनी में चेहरे के रंग को हल्का करने वाले जहरीले और हेवी मेटल्स भी पाए गए. दोनों मरीज के खून में मरकरी की मात्रा ज्यादा थी.

### हर महीने आते ऐसे केस

गोरे होने, त्वचा की रंगत की अपेक्षाकृत अधिक साफ नजर आने की चाहत किसी केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं. देश के हर राज्य में इसकी चाहत रखने वालों की कमी नहीं. झारखंड में इलाज के दौरान भी ऐसे केस मेरे पास प्रति महीने कम से कम दस तो आते ही हैं. छोटी-छोटी बच्ची को उनकी मांएं गोद में लेकर या अंगुली पकड़ कर लाती हैं कि बेटी का रंग थोड़ा गोरा कर दीजिए. नन्ही सी बच्ची के दिमाग में इस छोटी उम्र में ही गोरा-काला का कॉम्पलेक्स ऐसे ही घिर आता. विवाह योग्य लड़की को लेकर भी परिवार वाले आते रहते हैं जिनकी कम रंगत के कारण शादी में दिक्कत होती है. कुछ केस ऐसे भी आते हैं जिसमें शादी के बाद ससुराल वाले बहू के साथ आते हैं और पूछते हैं कि शादी के समय तो इसका रंग अधिक साफ था, अब कैसे ऐसा हो गया. अधिकांश स्थिति में मैं असमंजस की स्थिति में होती हूं और मना करने पर वे झोला छाप चिकित्सक या होमियोपैथ/आयुर्वेदिक दवाओं से गोरा कर देने का दावा करने वालों तक पहुंचते हैं. तय है कि अगर इन दवाओं/क्रीम का वे इस्तेमाल करते हैं तो कई तरह के स्वास्थ्य नुकसान झेलते हैं.



### इतना घातक हो सकती गोरे होने की चाहत

***नेशनल हेल्थ सर्विस के अनुसार त्वचा को हल्का करने वाली क्रीम के साइड इफेक्ट्स में शामिल हो सकते हैं :***

- त्वचा में जलन और सूजन
- लालिमा और एक प्रकार की चुभन का अनुभव
- खुजली और परतदार त्वचा
- त्वचा का काला पड़ना या बहुत हल्का होना
- त्वचा का पतला होना
- अनावश्यक निशान और दाग-धब्बे का होना
- किडनी, लिवर या नर्व डैमेज
- नवजात शिशु में असामान्यताएं (यदि गर्भावस्था के दौरान उपयोग की जाती हैं)

### हाइड्रोक्विनोन, स्टेरॉइड्स व कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स

कुदरत के रंग को बदलना संभव नहीं, अगर कोई दवा ऐसा करने का दावा करती है तो जाहिर है इसके बहुत गहरे साइड इफेक्ट होते हैं जिनमें अधिक काला हो जाना, त्वचा का बदरंग हो जाना यहां तक कि किडनी का फेल हो जाना भी शामिल हो सकता है. दरअसल फेयरनेस क्रीम में दो तरह के ब्लीचिंग एजेंट होते हैं- हाइड्रोक्विनोन या कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स. क्रीम में हाइड्रोक्विनोन का स्तर 4% से कम होना चाहिए. लेकिन नीम-हकीम द्वारा मनमाने ढंग से तैयार की गई क्रीम में इन मानदंडों का ध्यान कहां रखा जाता है. खुजली की समस्या से परेशान लोगों को कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स या टॉपिकल स्टेरॉइड्स दिए जाते हैं, लेकिन बहुत से लोग गोरेपन की चाहत में बिना चमड़ी की समस्या के ही इसे इस्तेमाल कर रहे हैं. स्टेरॉइड्स से चेहरे पर हेयर ग्रोथ हो सकते हैं. इन सामग्री से तैयार क्रीम को कितना, कहां और कब लगाए जैसे पहलु बेहद अहम होते हैं पर अक्सर इनकी अनदेखी होती है जिसका असर उपर के दोनों केस में नजर आया. जिन क्रीमों में हाइड्रोक्विनोन होता है, उन्हें दिन में दो बार से ज़्यादा नहीं लगाना चाहिए. इसे सिर्फ हाथ और पैर पर लगाया जाना चाहिए, चेहरे पर नहीं. ऐसे क्रीम को अधिकतम दो महीने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए. लेकिन अक्सर लोग इन क्रीमों को डॉक्टर की सलाह के बगैर ही लंबे समय तक लगाते रहते हैं. वे लोग इन क्रीमों को चेहरे और आंखों के आस-पास भी लगा लेते हैं, जिससे उन्हें इन हिस्सों में जलन हो सकती है. वहीं कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स वाली क्रीमों को नाज़ुक हिस्सो पर लगाया जा सकता है, क्योंकि ये क्रीम खुजली जैसी समस्या के लिए इस्तेमाल होती है. लेकिन ये देखना ज़रूरी है कि क्रीम में कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स के साथ और क्या-क्या मिलाया गया है. बेहतर हो कि अच्छे डर्मिटोलॉजिस्ट की सलाह से ही इन्हें लगाएं, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं.

### किडनी होती डैमेज

मेडिकल जर्नल किडनी इंटरनेशनल में प्रकाशित अध्ययन कहा गया है कि पारे की भारी मात्रा वाले फेयरनेस क्रीम के बढ़ते उपयोग से मेम्ब्रेन नेफ्रोपैथी (एम.एन.) के मामले बढ़ रहे हैं, यह एक ऐसी स्थिति है जो किडनी के छानने की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाती है और प्रोटीन रिसाव का कारण बनती है.

### धड़ल्ले से बिक रहा पारा वाला खतरनाक क्रीम

पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले दिल्ली के गैर सरकारी संगठन टाक्सिक लिंक ने अपने शोध में पाया है कि भारत में आयातित त्वचा को गोरा करने वाली क्रीमों में उच्च स्तर की जहरीली पारा सामग्री और न्यूरोटाक्सिन शामिल होता है. शोध का खुलासा टाक्सिक लिंक की नवीनतम रिपोर्ट "त्वचा को गोरा करने वाले क्रीमों का काला सच : उपस्थिति" में हुआ है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, पारा स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है. यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र, जठरांत्र प्रणाली और गुर्दों को नुकसान पहुंचा सकता है. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने भी इस तथ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लंबी अवधि के लिए इसका इस्तेमाल मस्तिष्क, हृदय, फेफड़ों और अजन्मे बच्चों तथा शिशुओं की प्रतिरक्षा प्रणाली को विशेष रूप से प्रभावित कर सकता है.

### ऐसे किया शोध

टाक्सिक लिंक ने देश के विभिन्न शहरों से 15 नामी ब्रांडों की क्रीम के नमूने लिए. पंद्रह में से छह नमूनों में पारा पाया गया. पांच नमूनों का स्तर खतरनाक यानी 4000 से 14000 पीपीएम के बीच था जबकि एक में पारा एक पीपीएम से नीचे यानी 0.3 पीपीएम था.

### यह है कानून

भारत में इसे रोकने के लिए ड्रग्स एंड कास्मेटिक्स रुल्स 2020 के तहत एक सख्त विनियमन है. सौंदर्य प्रसाधनों के निर्माण और आयात में पारा यौगिक पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं, अनजाने में एक पीपीएम तक की अनुमति है. लेकिन यह रिपोर्ट बताती है कि पारा युक्त उत्पाद अभी भी भारतीय बाजार में उपलब्ध हैं. इनमें पारे की मात्रा भी पीपीएम की वर्तमान अनुमेय सीमा से 1000 गुना है. हैरत की बात यह कि चीन, थाईलैंड, फिलीपींस और इंडोनेशिया जैसे देशों में निर्मित पारा युक्त क्रीम भी भारत में आसानी से उपलब्ध हैं और सख्त नियमों के बावजूद दुकानों पर आफलाइन च आनलाइन पोर्टल दोनों पर मिल रही हैं.

# तीखे हैं मौसम के तेवर, जरा संभल कर

***गर्मी प्रचंड अवस्था में आ चुकी है. बच्चे बड़े बूढ़े सभी इससे परेशान हैं. न घर में चैन न बाहर राहत. गर्मी के समय में लू लगना आम बात है. परंतु अगर ध्यान नहीं दिया जाए तो इससे मृत्यु तक हो जाती है. लू आखिर है क्या? यह शरीर की वैसी अवस्था है जिसमें शरीर का तापमान बढ़ कर 40 डिग्री सेल्सियस अर्थात 104 डिग्री फारेनहाइट के आसपास पहुंच जाता है. लंबे समय तक गर्म हवा, धूप के संपर्क में रहने से शरीर में नमी की कमी से लू लग जाता है.***



**डॉ रजनी शर्मा**
डीएमबीएस, बीएमबीएस

- **लू लगने के लक्षण**

ऐसी स्थिति में रोगी को सन स्ट्रोक के कारण त्वचा शुष्क लाल हो जाती है, सर दर्द या चक्कर आने लगता है. बुखार, नाड़ी तेज चलना, जी मिचलाना, कमजोरी, मुंह सूखना, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना, बेहोशी इत्यादि स्थितियां उत्पन्न होती हैं. जटिल अवस्था में लिवर काम करना बंद कर देता है. गर्म हवाओं के कारण शरीर पर ऐसा असर होता है कि वह जानलेवा स्थिति में पहुंच जाती है. लू लगने पर शरीर को गर्म हवा से बचाना अत्यंत आवश्यक होता है. इस स्थिति में शरीर में बाहरी तापमान तेजी से बढ़ता है और शरीर के तापमान उसके अनुकूल नहीं रहने के कारण लू लग जाता है. अत्यधिक तापमान के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है तथा सांस लेने में दिक्कत होने लगता है जिसके कारण मूर्छा आने लगती है. बेचैनी, भ्रम और चेतना की हानि होने की आशंका बढ़ जाती है.

- **लू से बचाव के तरीके तथा सावधानी**

लू लगने पर बॉडी डिहाइड्रेट हो जाता है इसलिए इससे बचाव के लिए खूब पानी, जूस, पुदीना की ठंडाई, आम पन्ना आदि पीना चाहिए. मौसमी फल, सलाद इत्यादि का इस्तेमाल गर्मी के दिनों में अधिकाधिक करना चाहिए. लू लगने पर आवश्यकता अनुसार मरीज को ठंडे और हवादार स्थान में रखना चाहिए. सूती, हल्के रंग के और ढ़ीले कपड़े पहनना चाहिए. सिर, चेहरे और शरीर को ढंक कर निकलें. सन स्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए. लू लगने पर अतिरिक्त कपड़े हटा कर ठंडी हवा का भांप देना चाहिए. गीले कपड़े से ढंके अथवा ठंडे पानी से स्पंज करें. चेहरे हथेलियों और पैर के तलवों पर कोल्ड पैक लगाना चाहिए. कोशिश करना चाहिए कि हीट स्ट्रोक के समय दिन में कम से कम बाहर निकलें. ठंडे पानी से स्नान करना चाहिए और प्यास लगे अथवा न लगे खूब पानी और ठंडे पेय पदार्थ का सेवन करना चाहिए.



- **लू लगने पर उपचार हेतु होम्योपैथी दवाएं**

लू से बचाव के लिए ग्लोनॉयिन का इस्तेमाल गर्मी में बाहर निकलने से पहले करने से लू नहीं लगता है. नेट्रम म्यूर, बेलाडोना, एपिस मेल, एसिड फॉस, ऐपोमॉर्फिया मैग्नीशियम फास्फोरिकम, फास्फोरस, जेल्सीमियम आदि दवाएं लक्षणों के आधार पर दी जाती है.

- **उपयोगी बायोकेमिक दवाएं**

नेट्रम म्यूर, काली फॉस, साइलीशिया, फेरम फॉस, मैग्नीशियम फॉस आदि महत्वपूर्ण दवाएं हैं. बुखार आने की स्थिति में बायोकेमिक कांबिनेशन 11 को देना चाहिए. दवा कुशल चिकित्सक के परामर्श से लें.

### सीटिंग जॉब वाले ऑफिस में ही करें यह व्यायाम

## मिलेगी कंधे और गर्दन दर्द से राहत

**सीटिंग जॉब की अपनी परेशानियां हैं. कई बार तो आठ-आठ घंटे एक ही पोजिशन में हम गुजार देते हैं. लैपटॉप व कंप्यूटरा से जूझते हुए लगातार स्क्रीन पर आंख गड़ाए. ऐसे में कई तरह की परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है. इनमें से कुछ हैं गर्दन में दर्द, कंधों में जकड़न व दर्द आदि का अनुभव. इनसे बचने के लिए आइए कुछ ऐसे आसन की चर्चा करें जो हम ऑफिस में ही काम से कुछ पल निकाल कर आराम से कर सकते हैं. इसके अभ्यास से तुरंत लाभ होता है. आइए कुछ ऐसे ही व्यायाम की करें चर्चा**

- **गर्दन के व्यायाम**

कंप्यूटर या टेबल पर काम करते-करते गर्दन के पीछे भाग में दर्द होने लगता है. मांसपेशियों में खिंचाव होता है तथा लंबे समय तक इसे नजरअंदाज किया जाए तो सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस भी हो जाता है. इससे बचने के लिए गर्दन के तीन व्यायाम किए जा सकते हैं-

1. गर्दन को दाएं और बाएं ओर मोड़ना. इस क्रिया को 5 से 10 बार कर सकते हैं. इससे आपको काफी राहत मिलेगी.
2. सिर को ऊपर पीछे की ओर ले जाना और सामने नीचे की ओर झुकाना. इस क्रिया को भी लगातार 5 से 10 बार कर सकते हैं. ऐसे हर 20 मिनट बाद करें.
3. अपने सिर को क्लॉक एवं एंटी क्लॉक गोलाकार घुमाते हैं. इसे भी 5 से 10 बार किया जा सकता है. इस व्यायाम को करने के लिए कुर्सी पर कमर और गर्दन को सीधा रख कर बैठें. यदि अभ्यास के दौरान चक्कर आते हो तो चिकित्सक के परामर्श पर ही ऐसे व्यायाम को करना चाहिए.

- **कंधों का व्यायाम**

लंबे समय तक एक ही पॉश्चर में बैठे रहने से गर्दन एवं कंधों में जकड़न एवं दर्द शुरू होता है. कंधे को ऊपर व नीचे ले जाएं. तीन सेकंड तक यह करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



# आईपीएल का महामुकाबला



## स्पोर्ट्स स्टार को दिए इंटरव्यू में अकरम बोले- भारत में धौनी जैसा क्रिकेटर आज तक हुआ ही नहीं, आगे बोले-

# धौनी अगर होते आरसीबी के कप्तान... वसीम अकरम ने किया अनोखा प्रिडिक्शन

*अकरम ने ये भी कहा कि भारत में धौनी जैसा क्रिकेटर आज तक हुआ ही नहीं है.*

**2024** से पहले धौनी ने कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया और सीएसके के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को कमान सौंप दी





**एजेंसी। नयी दिल्ली**

टीम इंडिया और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है. धौनी की कप्तानी में भारत ने तीन आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं और धौनी की ही कप्तानी में सीएसके ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं. इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले धौनी ने कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया और सीएसके के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को कमान सौंप दी. पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एक एकदम अनोखा प्रिडिक्शन किया है. अकरम का मानना है कि अगर धौनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान होते, तो ये फ्रेंचाइजी टीम अभी तक कम से कम तीन खिताब जीत चुकी होती.

इसके अलावा अकरम ने ये भी कहा कि भारत में धौनी जैसा क्रिकेटर आज तक हुआ ही नहीं है. स्पोर्ट्स स्टार को दिए इंटरव्यू में अकरम ने कहा, आरसीबी अभी तक तीन आईपीएल ट्रॉफी जीत चुका होता, अगर एमएस धौनी इस टीम के कप्तान होते. आरसीबी आज तक एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पायी है. उनके पास विराट कोहली जैसा मॉर्डन जमाने का महान खिलाड़ी है... लेकिन दुर्भाग्य से वो कोई खिताब जीत नहीं पाए हैं, लेकिन अगर धौनी आरसीबी में होते, तो वह इस टीम को ट्रॉफी दिला सकते थे. अकरम से जब स्पोर्ट्स स्टार की एंकर ने कहा कि जब भी धौनी के बारे में बात करते हैं, तो जेहन में सबसे पहले शोर आता है... दरअसल धौनी जहां भी खेलने जाते हैं, उनके समर्थक हर तरफ मौजूद रहते हैं. इस पर अकरम ने कहा, कहीं भी चले जाएं, किसी भी ग्राउंड पर चले जाएं, चाहे दिल्ली चले जाएं, कोलकाता चले जाएं, मुंबई चले जाएं या पंजाब चलें जाएं... हैदराबाद चले जाएं, लखनऊ, अहमदाबाद कहीं भी चले जाएं... स्टेडियम पागल हो जाता है, और होना भी चाहिए, इंडिया में ऐसा कप्तान, ऐसा क्रिकेटर आया ही नहीं है. जिसने फ्रंट से लीड किया, बैटिंग से, कप्तानी से और विकेट कीपिंग से भारत को मैच जिताया. तो अगर धौनी को इस तरह का स्वागत स्टेडियम में नहीं मिलेगा, तो किसको मिलेगा?

## ब्रीफ खबरें

### डोर्टमंड चैंपियंस लीग फाइनल में किया प्रवेश

**पेरिस।** मैट्स हुमेल्स के गोल से बोरूसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां सेमीफाइनल के दूसरे चरण में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया. मैच का एकमात्र गोल हुमेल्स ने 50वें मिनट में दागा. डोर्टमंड ने पहले चरण का मुकाबला भी 1-0 से जीता था और इस तरह 2-0 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल जीतकर फाइनल में जगह बनाई. इसके साथ ही स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबापे का सपना टूट गया जो पीएसजी के साथ अपने अंतिम सत्र में चैंपियन्स लीग खिताब जीतने में नाकाम रहे.

### 25 को विश्व फुटबॉल दिवस के रूप में मनेगा

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया. प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है, जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था. संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने राजनयिकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस की मौजूदगी में आम सहमति से प्रस्ताव को अपनाया. इसे 160 से अधिक देशों द्वारा सह प्रायोजित किया गया था.

### हेडन ने बल्लेबाजी की सराहना की

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन आईपीएल में संजू सैमसन के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने स्पिन तथा तेज गेंदबाजी दोनों का चतुराई से सामना करने के लिए टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने वाले इस पावर हिटर (आसानी से बड़े शॉट खेलने में सक्षम खिलाड़ी) की सराहना की है. सैमसन ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए 86 रन की शानदार पारी खेली लेकिन उनकी टीम को 20 रन से हार झेलनी पड़ी. वह मौजूदा सत्र में अब तक 11 मैच में 471 रन के साथ सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं. हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव पर कहा, संजू सैमसन एक सपने की तरह बल्लेबाजी कर रहे थे.

## हेड-अभिषेक के आतिशि बल्लेबाजी में उड़ी लखनऊ की टीम

# हैदराबाद ने 10 विकेट से जीता मैच

**एजेंसी। हैदराबाद**

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की तूफानी बैटिंग से सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने घर में लखनऊ सुपरजाइंट्स को 10 विकेट से हरा दिया. आईपीएल के इस सीजन में सनराइजर्स पहली टीम बनी है जिसने बिना कोई विकेट गंवाए मैच जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है. मैच में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था. पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ की टीम जैसे-तैसे 165 रन के स्कोर तक पहुंच पाई थी. इसके जवाब में सनराइजर्स ने बिना कोई विकेट गंवाए 9.4 ओवर में मैच को अपने नाम कर लिया. इस जीत के साथ ही अब सनराइजर्स के 14 अंक हो गए हैं वह पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है. लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने पहले ही ओवर से लखनऊ के गेंदबाजों की खबर लेनी शुरू कर दी.

इस दौरान ट्रेविस हेड ने सिर्फ 16 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की. ट्रेविस हेड 30 गेंद में 89 रन बनाकर नाबाद रहे. अपनी इस पारी में उन्होंने आठ छक्के और इतने ही चौके लगाए.सिर्फ ट्रेविस हेड ही नहीं, अभिषेक शर्मा ने भी अपनी तूफानी बैटिंग से कोहराम मचा दिया. अभिषेक शर्मा 28 गेंद में 75 रनों की धुआंधार पारी खेली. अभिषेक ने इस सीजन का अपना दूसरा अर्धशतक भी पूरा किया. अपनी इस नाबाद पारी में उन्होंने छह छक्के और 8 चौके लगाए. अभिषेक और ट्रेविस हेड की विस्फोटक बल्लेबाजी से सनराइजर्स की टीम ने पहली बार आईपीएल में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रही.




### मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल से बाहर हुई

हैदराबाद की इस जीत का मतलब है कि हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 में प्लेऑफ के रेस से बाहर हो गई है. इस सीजन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है. उसके 12 मैचों में आठ अंक हैं. टीम अधिकतम 12 अंक तक पहुंच सकती है. अंक तालिका में फिलहाल कोलकाता और राजस्थान के 16-16 अंक हैं. वहीं, हैदराबाद के 12 मैचों में 14 अंक, जबकि चेन्नई-दिल्ली और लखनऊ के 12-12 अंक हैं. चेन्नई ने 11, जबकि दिल्ली-लखनऊ ने 12-12 मैच खेले हैं. मुंबई का नेट रन रेट भी काफी कम है.

### अंक तालिका का हाल

इस जीत के साथ हैदराबाद की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है. उसके 12 मैचों के बाद सात जीत और पांच हार के साथ 14 अंक हैं. हैदराबाद का नेट रन रेट 0.406 है. वहीं, लखनऊ की यह 12वें मैच में छठी हार रही. टीम 12 अंक और -0.769 के नेट रन रेट के साथ छठे स्थान पर है. हैदराबाद का अगला मैच 16 मई को गुजरात टाइटंस और 19 मई को पंजाब किंग्स से है. यह दोनों मुकाबले हैदराबाद की टीम अपने होमग्राउंड पर खेलेगी. वहीं, लखनऊ की टीम 14 मई को दिल्ली से अरुण जेटली स्टेडियम में और 17 मई को मुंबई से वानखेडे. में भिड़ना है.

## टी20 : दोनों टीमों के लिए करो या मरो के हालात

# पंजाब के खिलाफ आरसीबी की नजरें चौथी जीत पर होंगी

**एजेंसी। धर्मशाला**

आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी. सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है. इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है. आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी. पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है. टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है.

इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी. सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है. दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली शीर्ष पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी ने पिछले मैच में उम्दा पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की. विल जैक्स ने भी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत के दौरान शतक जड़कर प्रभावित किया जबकि कैमरन ग्रीन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गेंद और बल्ले से योगदान देकर अपनी उपयोगिता साबित की. टीम के गेंदबाज भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल मोहम्मद सिराज अंततः लय में लौट आए हैं. यश दयाल और विजयकुमार विशाक ने भी टाइटंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया और आरसीबी को उनसे इस लय को जारी रखने की उम्मीद होगी. दूसरी तरफ चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम के घुटने टेकने के बाद पंजाब किंग्स का आत्मविश्वास कम होगा. पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया. उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया.पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा. टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सुपरकिंग्स को उन्हीं के मैदान पर हराकर अपनी क्षमता दिखाई. नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया. हालांकि उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है. उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता.आयोजन स्थल में बदलाव का भी टीम को फायदा नहीं मिला और उसे पिछले मैच में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में भी हार का सामना करना पड़ा. पंजाब की टीम अपने घरेलू मैदान पर शानदार ढंग से अभियान समाप्त करने की उम्मीद करेगी लेकिन ऐसा करने के लिए टीम को एकजुट होकर प्रदर्शन करना होगा.





मैच शाम 7 .30 बजे शुरू होगा

**पंजाब किंग्स :** सैम कुरेन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान.

# सैमसन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया

**संवाददाता। नयी दिल्ली**

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से मिली 20 रन की हार के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है. सैमसन के अपराध की जानकारी नहीं दी गई है लेकिन यह दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 86 रन की पारी के दौरान अंपायरों के साथ बहस करने के लिए हो सकता है. जब शाई होप ने 16वें ओवर में बाउंड्री पर उनका कैच लपका और उन्हें आउट दिया गया, तो उन्होंने अंपायरों के साथ बहस की. सवाल यह था कि क्या कैच लेते समय होप का पैर सीमा रेखा को छू गया था. तीसरे अंपायर ने सैमसन को आउट दिया, लेकिन रॉयल्स के कप्तान खुश नहीं थे. उन्होंने शुरुआत में पवेलियन की ओर चलना शुरू किया, लेकिन फिर बीच में लौट आए और मैदानी अंपायरों से कुछ बातचीत की.आईपीएल ने बयान में कहा, सैमसन ने आईपीएल की आचार संहिता के नियम 2.8 के तहत लेवल एक का अपराध किया है. उन्होंने अपराध और मैच रैफरी की सजा स्वीकार कर ली है. आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रैफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है.



### एशिया को अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की जरूरत

**नयी दिल्ली।** एशियाई टेनिस का चेहरा बदलने के लिए प्रतिबद्ध एशियाई टेनिस महासंघ (एटीएफ) के युवा अध्यक्ष यूरी पोलस्की चाहते हैं कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को विदेश में खेलने के बजाय एशियाई टूर्नामेंट में खेलने को तवज्जो देनी चाहिए. पोलस्की की निगाहें नेपाल, बांग्लादेश, म्यामां और सीरिया जैसे देशों में टेनिस खेल का विकास करने पर लगी हैं जहां यह खेल इतना लोकप्रिय नहीं है. 36 साल के पोलस्की पिछले साल दिसंबर एटीएफ अध्यक्ष चुनाव में जीते थे और वह इस खेल को उन देशों में लोकप्रिय कराना चाहते हैं जो इसमें जूझ रहे हैं. पोलस्की ने कहा, एशियाई टेनिस को एशियाई टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ एशियाई खिलाड़ियों की भागीदारी की जरूरत है क्योंकि अधिकतर वे यूरोप जाकर खेलना पसंद करते हैं.

# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज

**राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है**

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा. इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है. भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे. चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज़ ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा. हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे. चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था. इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था. वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने. उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था. चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया. यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है. उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है.



**नाराजगी** राजस्थान के पास प्लेऑफ में पहुंचने का पूरा मौका था

# दिल्ली के खिलाफ हमें मैच जीतना चाहिए था: संगकारा



**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का कहना है कि कप्तान संजू सैमसन के आउट होने के बाद टीम मुश्किल स्थिति में थी, लेकिन उसे फिर भी यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच जीतना चाहिए था.दिल्ली के 222 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 46 गेंद में 86 रन बनाकर पवेलियन लौटे. उनके आउट होने के बाद रॉयल्स को 27 गेंद पर 60 रन की दरकार थी, लेकिन टीम मंगलवार रात 20 रन से हार गई. रॉयल्स की टीम अगर जीत दर्ज करती तो प्ले ऑफ में उसकी जगह सुनिश्चित हो जाती जबकि दिल्ली की टीम नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो जाती. संगकारा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, उसके आउट होने के बावजूद हमें शायद यह मैच जीतना चाहिए था. उन्होंने कहा, हार मिलती है. सत्र की शुरुआत में हमने शानदार प्रदर्शन किया था. हमने इस मैच में शानदार गेंदबाजी की, विशेषकर अश्विन ने, लेकिन एक बार जब आप बहुत सारी सहज गलतियां करते हैं तो यह बहुत कठिन हो जाता है. आखिर यह योजनाओं को लागू करने से जुड़ा है. जब सैमसन आउट होकर पवेलियन लौटे वह खुश नहीं थे क्योंकि संदेह था कि शायद कैच पकड़ने वाले शाई होप का पैर सीमा रेखा से छुआ हो. निर्णय टीवी अंपायर के पास भेजा गया जिन्होंने सैमसन को आउट करार दिया लेकिन रॉयल्स के कप्तान ने वापस जाने से पहले मैदानी अंपायर से बहस करने का फैसला किया.संगकारा ने कहा कि कभी-कभी तीसरे अंपायर के लिए भी फैसला लेना मुश्किल होता है. संगकारा ने कहा, यह रीप्ले और कोण पर निर्भर करता है और कभी-कभी आपको लगता है कि पैर छू गया है. लेकिन तीसरे अंपायर के लिए इस पर फैसला करना मुश्किल था. मैच एक महत्वपूर्ण चरण में था, क्रिकेट में ऐसा होता है. उन्होंने कहा, हमारे पास इस पर अलग-अलग दृष्टिकोण हैं. दिन के अंत में आपको अंपायरों ने जो किया उसके संदर्भ में उस निर्णय पर कायम रहना होगा. यदि हमारे पास इस पर किसी अन्य प्रकार की राय है तो हम इसे अंपायर के साथ साझा करेंगे और समाधान निकालेंगे.

**222** रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 46 गेंद में 86 रन बनाकर पवेलियन लौटे

### माराडोना की विश्व कप गोल्डन बॉल ट्रॉफी नीलाम होगी

**पेरिस।** महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गयी है. अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी. माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था. उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया. उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की. इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद हैंड ऑफ गॉड गोल और सदी का सर्वश्रेष्ठ गोल किया था.

# टी20 विश्व कप में आयरलैंड की अगुआई करेंगे पॉल स्टर्लिंग

**एजेंसी। डबलिन**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया. स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है. आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा. ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है. आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है. टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया.



ब्रीफ खबरें

## गैस सिलेंडर से लगी आग में तीन लोग झुलसे

**नवादा ।** बुधवार को गैस सिलेंडर से लगी आग में तीन लोग झुलस गए हैं. इनमें महिला और उसके दो बच्चे शामिल हैं. तीनों को इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पड़ोसियों ने बताया कि गैस सिलेंडर लीकेज के कारण घर में आग लगने पूरा घर धू-धूकर जलने लगा. इस घटना में महिला और उसके बेटा-बेटी जख्मी हो गए हैं. सभी को ग्रामीणों ने इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद मां-बेटी को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है.

## सात किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** जिला पुलिस ने दरपा थाना क्षेत्र में नाकाबंदी कर सात किलो गांजा के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है. एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में दरपा थाना पुलिस ने तिनकोनी गांव में सघन वाहन जांच व छापेमारी के दौरान एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति को 5 किलोग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया. पकड़े गये दोनों अरविंद व बिक्की श्रीवास्तव है. जिनकी निशानदेही पर पर तिनकोनी गांव के शंकर सिंह के घर से 2 किलोग्राम गांजा और बरामद किया गया. साथ ही वहां से मिथलेश देवी नामक एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया.

## सरकारी कार्य में बाधा तीन पर एफआईआर

**किशनगंज ।** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड के पौआखाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पवना में खनन विभाग द्वारा अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध छापेमारी के क्रम में विभाग के टीम के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप कुछ लोगों पर लगा है साथ ही साथ जब्त किए गए ट्रैक्टर को जबरन बल पूर्वक छुड़ाने का भी आरोप लगा है. जिसको लेकर खनन विभाग के खान निरीक्षक सौरव गुप्ता ने पौआखाली थाना में आवेदन दिया है. मामले को लेकर खनन विभाग के खान निरीक्षक सौरव गुप्ता द्वारा आवेदन दिया गया है और तीन नामजद अभियुक्त के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

### भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी का लालू यादव पर तंज, कहा-

# अटल व आडवाणी ने पिछड़ों को न्याय देने का काम किया

**संवाददाता । पटना**



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लालू यादव के मंडल आयोग वाले बयान पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि लालू यादव झूठ बोलते हैं. लालू ने कहा कि मंडल आरक्षण जो है, उन्होंने ही लाया था. हमको लगता है वह बुजुर्ग भी हो गए हैं, बीमार भी हैं. उनको याद होना चाहिए कि उस वक्त वह बिहार के मुख्यमंत्री थे और केंद्र की बीपी सिंह सरकार को बीजेपी का समर्थन प्राप्त था. सम्राट चौधरी ने कहा, लालू जी आपको याद होना चाहिए. आप जनता दल के नेता जरूर थे, बीपी सिंह जी जब प्रधानमंत्री थे तो मात्र 146 सांसद ही जनता दल के पास था. उस वक्त बीजेपी के पास 86 सांसद थे और उनके समर्थन से सरकार बनी थी. अटल जी और आडवाणी जी ने इस देश में मंडल कमीशन को समर्थन करके पिछड़ों को न्याय देने का काम किया.

**मुख्यमंत्री भी बीजेपी के सहयोग से ही बने :**

सम्राट चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी एक दम सही प्रश्न उठा रहे हैं कि लालू जी सिर्फ एक जाति धर्म के लोगों को आरक्षण के पक्ष में रहते हैं. उन्होंने कहा कि हमारा स्पष्ट मानना है कि यदि 1990 में भारतीय जनता पार्टी ने समर्थन नहीं दिया होता तो ना मंडल खड़ा हुआ होता और ना लालू जी की उत्पत्ति होती और ना लालू जी मुख्यमंत्री भी नहीं बने होते. सम्राट ने कहा कि लालू यादव मुख्यमंत्री भी बीजेपी के सहयोग से ही बने. इसलिए वह गलतफहमी में मत रहें और वह बार-बार झूठ बोल रहे हैं. पता नहीं बीमारी के समय लोग आराम करते हैं. वह लगातार झूठ बोलने का काम करते हैं. फेसबुक पर ट्विटर पर लिखते हैं संविधान खतरे में है.

**पीएम मोदी ने 370 को उखाड़ फेंका :** उन्होंने कहा कि 10 साल हो गए और 10 साल में पीएम मोदी ने 370 को उखाड़ फेंका. गलत जो कानून बने होंगे उसके खिलाफ तो कार्रवाई होगी, लेकिन हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि पिछड़ों का आरक्षण, दलित का आरक्षण, अति पिछड़ों का आरक्षण और स्वर्ण के गरीबों के आरक्षण को पूर्ण रूप से भारत की नरेंद्र मोदी की सरकार सुरक्षित रखने का काम कर रही है. राजद के सीटों के दावों पर सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले राजद का खाता तो खोल लें. राजद का पहले खाता खुलेगा तब तो यह सपना देखना चाहिए. उससे पहले स्वस्थ हो लें. पिताजी स्वस्थ हो लें, अब बेटा भी स्वस्थ हो लें. तभी तो लड़ाई होगी, स्वस्थ ही नहीं है बेचारे लोग.

### चुनाव नतीजों को लेकर लालू यादव बोले-

## तीसरा चरण बीजेपी के लिए 'कोढ़ में खुजली'

**पटना ।** लालू यादव ने तीन चरणों के लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद बड़ी भविष्यवाणी की है. उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में कहा, तीसरा चरण बीजेपी के लिए कोढ़ में खुजली. उनका यह बयान लोकसभा के तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद आया है. 7 मई को हुए चुनाव में बिहार पांच लोकसभा सीटों पर मतदान हुए. वहीं देश में 11 राज्यों की 83 संसदीय सीटों पर मतदान हुआ है. इसके बाद ही लालू यादव ने चुनाव को लेकर भाजपा को निशाने पर लिया है. तीसरे चरण के चुनाव में अररिया, सुपौल, मधेपुरा, खगड़िया और झंझारपुर में मतदान हुए. राजद के उम्मीदवार चार सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों से मुकाबले में रहे हैं. वहीं झझारपुर में वीआईपी प्रत्याशी ने महागठबंधन की ओर से जदयू उम्मीदवार का मुकाबला किया.




**पटना ।** राजधानी पटना स्थित पुराने म्यूजियम में बुधवार को भीषण आग लग गई. आग लगने के बाद चारों तरफ धुआं भर गया. किसी तरह अंदर काम कर रहे मजदूरों को बाहर निकाला गया. सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया गया. सभी मजदूर सुरक्षित हैं. बताया जा रहा है कि यह आग शॉर्ट सर्किट से लगी है. पटना म्यूजियम के डायरेक्टर राहुल कुमार ने बताया कि म्यूजियम के निर्माणाधीन बिल्डिंग में ये आग लगी है. नए गैलेक्सी बिल्डिंग बनाये जा रहे हैं. ये गंगा गैलेक्सी और पाटली गैलेक्सी है, जहां आग लगी है. दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर आईं हैं, जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया है. डायरेक्टर ने कहा,बिल्डिंग में काम हो रहा था, इस वजह से किसी भी एंटिक्विटी या किसी भी वस्तु का नुकसान नहीं हुआ, किसी भी जान की क्षति नहीं हुई है. प्रथम दृष्टि में ये कहा जा सकता है कि शार्ट सर्किट से आग लगी है लेकिन ये जांच का मामला है.

## एसटीएफ और पुलिस ने एके-47 के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर ।** बिहार एसटीएफ और मुजफ्फरपुर जिला पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एके-47 एसॉल्ट राइफल सहित तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. बताते चले कि बिहार एसटीएफ को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थीं कि मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के पास कुछ अपराधकर्मी एक बड़े हथियार का कुछ सामान लेकर पहुंचे है. सूचना मिलते ही पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के पास से दो अपराधियों को एके 47 के बट और लेंस के साथ गिरफ्तार कर लिया. वही, गिरफ्तार दोनों अपराधी से टीम ने जब कड़ाई से पूछताछ शुरु किया तो गिरफ्तार अपराधी के निशानदेही पर टीम ने जिले के फकुली थाना क्षेत्र के मलकौनी रोड पर स्थित मुड़ घटिया के समीप स्थित पुल के समीप से फकुली थाना क्षेत्र के मलकौनी गांव निवासी देव मनी राय को बिना बट और लेंस के एके 47 के साथ गिरफ्तार कर लिया गया. मामले की जानकारी देते हुए मुजफ्फरपुर एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि एसटीएफ ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए तीन अपराधकर्मी को एके 47 एसॉल्ट राइफल के साथ गिरफ्तार किया गया है.

# पटना में जमकर हुई बारिश 11 जिलों में किया गया अलर्ट



- मध्यम दर्जे का मेघ गर्जन, वज्रपात, 30-40 किलोमीटर तक हवा की गति के साथ वर्षा होने की प्रबल संभावना है

### भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है

**संवाददाता । पटना**

मौसम विज्ञान केंद्र के अलर्ट के बाद बुधवार को राजधानी पटना में जोरदार बारिश हुई. तेज आंधी और बारिश होने से पटना का मौसम सुहाना हो गया. विभाग ने वैशाली, नालंदा, बांका, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिले के लिए भी अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में तेज आंधी-तूफान और बारिश की संभावना जतायी गयी है. इस दौरान ओलावृष्टि और वज्रपात की भी चेतावनी दी गयी है. भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को अब थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम विभाग के मुताबिक इन जिलों के कुछ भागों में मध्यम दर्जे का मेघ गर्जन, वज्रपात, 30-40 किलोमीटर तक हवा की गति के साथ वर्षा होने की प्रबल संभावना है. मौसम विभाग ने लोगों से आग्रह किया है कि वे सतर्क और सावधान रहें. यदि आप खुले में हो तो जल्द से जल्द किसी पक्के मकान की शरण लें. ऊंचे पेड़ और बिजली के खंभों से दूर रहें. किसान खेतों में ना जाएं एवं मौसम सामान्य होने का इंतजार करें.

## इस बार घटा है पीएम का भाव, नहीं जीत पाएंगे 40 सीटें : गोपाल मंडल

**भागलपुर ।** जदयू विधायक ने भागलपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी का भाव घटा है. एनडीए गठबंधन बिहार में 40 नहीं बल्कि 30 से 32 सीट लाएगा, 40 नहीं जाएगा. अगर मोदी जी देश के लिए अच्छा काम किये होंगे तो 40 में 40 सीट वो जीत जाएंगे. वहीं भागलपुर लोकसभा में अपने ही प्रत्याशी अजय मंडल पर बात करते हुए उन्होंने कहा की अजया ने हमको गाड़ी नहीं दिया. हम बैठे हुए थे. लेकिन न गाड़ी दिया न तेल दिया न कुछ दिया. हमसे बात करने आये थे. हम कह दिये थे. अजीत शर्मा के पास पैसा है आपको भी खर्च करना पड़ेगा.

### अनंत सिंह को पटना हाईकोर्ट ने दिया झटका

## 15 दिनों की पैरोल पर लगाया ब्रेक

**संवाददाता । पटना**

पांच मई की सुबह पैरोल पर बाहर आए अनंत सिंह को अब पटना हाईकोर्ट ने बुधवार को झटका दे दिया है. अनंत सिंह के पैरोल पर ब्रेक लगा दी है. दरअसल, अनंत सिंह ने जहां एक तरफ अपने जमीन जायदाद के बंटवारे को लेकर 15 दिनों की पैरोल की मांगी की थी, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने नियमित पैरोल की भी गुहार लगाई थी, जिसको लेकर पटना हाईकोर्ट ने उन्हें झटका दिया है. पटना हाईकोर्ट ने कहा कि जिस मामले में अनंत सिंह जेल में हैं वह मामला काफी संगीन है ऐसे में आपको नियमित पैरोल नहीं दी जा सकती. बता दें कि अनंत सिंह पैरोल पर बाहर आते ही सीधे अपने क्षेत्र मोकामा पहुंचे थे.

इन दिनों अनंत सिंह काफी सुर्खियों में हैं. अनंत सिंह ने खुले तौर पर जदयू को समर्थन दे दिया है. वहीं, अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मुलाकात के दौरान जदयू के सांसद और मुंगेर लोकसभा प्रत्याशी ललन सिंह के लिए वोट देने की बात कह रहे हैं. अनंत सिंह के साथ सैकड़ो की संख्या में उनके समर्थक चल रहे हैं. 15 दिनों के पैरोल के बाद अनंत सिंह को वापस पटना के बेऊर जेल जाना होगा.

## तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत, हड़कंप

**पूर्वी चंपारण।** जिले में कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के दोस्तियां गांव में बुधवार को तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक दोनों बच्चे मंगलवार की शाम से ही लापता थे. बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने तालाब में दोनों का शव देखा. जिसकी सूचना परिजनों को दी गयी. मृतक बच्चे की पहचान दोस्तियां गांव निवासी साबिर अख्तर के आठ वर्षीय पुत्र मो अयान और जाहिद अख्तर के दस वर्षीय पुत्र मो राशिद के रूप में हुई है. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. इस घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है.

---

**कारोबार**

## वारी एनर्जी ने अमित को किया नियुक्त

**नयी दिल्ली ।** वारी एनर्जीज ने अमित पैठणकर को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है. कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी. वारी में शामिल होने से पहले पैठणकर एमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक थे. वारी एनर्जीज भारत की सबसे बड़ी सोलर पीवी मॉड्यूल विनिर्माता कंपनियों में से एक है, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 12 गीगावाट से अधिक है.

## आईपीओ के लिए सेबी से मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली ।** संस्तर लिमिटेड को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है. बाजार नियामक ने यह जानकारी दी. कंपनी मक्का स्टार्च, तरल ग्लूकोज आदि जैसे पोषक उत्पाद बनाती है. आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में चार करोड़ नए शेयर जारी किए जाएंगे. इसके अलावा कंपनी के प्रवर्तकों तथा प्रवर्तक समूह द्वारा 80 लाख शेयरों तक की बिक्री पेशकश लाई जाएगी. आईपीओ का आकार 425-500 करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है.


## सुजई रैना बने भारत का 'कंट्री मैनेजर'

**नयी दिल्ली ।** डिजिटल भुगतान मंच वीज़ा ने सुजई रैना को भारत का 'कंट्री मैनेजर' नियुक्त किया है. वीजा ने एक बयान में कहा, इसके अलावा संदीप घोष भारत तथा दक्षिण एशिया के लिए ग्रुप कंट्री मैनेजर के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे. वह भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान और मालदीव सहित उपमहाद्वीप के अन्य बाजारों में परिचालन की देखरेख करेंगे. रैना भारतीय कारोबार के लिए जिम्मेदार होंगे. बाजार के लिए वीज़ा की रणनीतिक पहलों का नेतृत्व और क्रियान्वयन करेंगे. रैना 2020 में वीज़ा में जुड़े थे. उन्होंने कहा, मैं अपने ब्रांड की मजबूती और भारत में वीज़ा के विकास के अगले चरण को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं.

### भारतीय एयरलाइन कंपनियों की व्यावसायिक स्थिति और मजबूत होगी

# भारतीय एयरलाइन का हिस्सा 50% हो जाएगा

**भाषा । नयी दिल्ली**



**भारतीय एयरलाइन की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है**

परिवहन के मामले में दुनियाभर में यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. इससे एयरलाइन कंपनियों का कारोबार भी बढ़ रहा है. इसलिए इसमें नयी कंपनियां भी उतर रही हैं. साथ ही जो पुरानी कंपनियां हैं, वह आधारभूत संरचना की मजबूती पर फोकस कर यात्रियों को बेहतर सेवा देने पर जोर दे रही है. इस मामले में भारत की एयरलाइन कंपनियां आगे हैं. कोई अपने विमान बेड़े को बढ़ा रहा है तो कोई दूसरी कंपनियों के साथ हाथ मिलाकर कारोबार का विस्तार कर रहा है. इसमें कुल मिलाकर हवाई यातायात के क्षेत्र में भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी बढ़ रही है. इसे लेकर क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का अनुमान है कि भारतीय एयरलाइन कंपनियां वित्त वर्ष 2027-28 तक देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात की 50 प्रतिशत जरूरत को पूरा करने में सक्षम होंगी.

एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात में भारतीय एयरलाइन कंपनियों की हिस्सेदारी (जिसमें देश से होकर गुजरने वाला यातायात भी शामिल है) 2027-28 तक 50 प्रतिशत हो जाएगी. यह पिछले वित्त वर्ष में 43 प्रतिशत थी. क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यह सुधार भारतीय एयरलाइन द्वारा अतिरिक्त विमानों की तैनाती और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में नए मार्ग जोड़ने के साथ-साथ विदेशी एयरलाइन की तुलना में बेहतर घरेलू संपर्क के बल पर होगा. रिपोर्ट में कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय यातायात में उनकी बढ़ती हिस्सेदारी के चलते भारतीय एयरलाइन कंपनियों की व्यावसायिक स्थिति मजबूत होगी, जो घरेलू क्षेत्र की तुलना में अधिक लाभदायक है.

क्रिसिल के अनुसार, भारत का अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में करीब सात करोड़ तक बढ़ गया. यह वैश्विक महामारी से पहले के स्तर को पार कर गया है. वैश्विक महामारी से प्रभावित वित्त वर्ष 2020-21 में यह एक करोड़ के निचले स्तर पर आ गया था. इसमें कहा गया कि भारतीय एयरलाइन की हिस्सेदारी वैश्विक महामारी के बाद से तेजी से बढ़ी है.

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक मनीष गुप्ता ने कहा कि वैश्विक महामारी के बाद खर्च करने के तरीकों में काफी बदलाव आया है, जो कि भारतीयों के अवकाश के लिए विदेश जाने की इच्छाओं से स्पष्ट है. उन्होंने कहा कि बढ़ती खर्च योग्य आय, आसान वीजा पहुंच, हवाई अड्डों की बढ़ती संख्या और बेहतर हवाई यात्रा संपर्क से अंतरराष्ट्रीय यात्रा को बढ़ावा मिल रहा है. भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने पर सरकार के ध्यान देने से भी हवाई यातायात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय एयरलाइन ने पिछले 15 महीनों में 55 नए अंतरराष्ट्रीय मार्ग जोड़े हैं. इससे उनकी संख्या 300 से अधिक हो गई है. क्रिसिल के मुताबिक, इनमें अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के लोकप्रिय लंबी दूरी के डेस्टिनेशंस के लिए सीधी उड़ानें शामिल हैं. इससे उड़ान का समय प्रभावी रूप से कम हुआ और किसी अन्य देश में रुकने की आवश्यकता भी खत्म हुई है. जहां तक भारत के विमानन उद्योग की बात है तो चीन और अमेरिका के बाद दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते और सबसे बड़े उद्योगों में से एक माना जाता है.

**क्रिसिल रेटिंग्स**

- भारत का अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात सात करोड़ हुआ
- भारतीय एयरलाइन ने 55 नये अंतरराष्ट्रीय मार्ग जोड़े

# जयप्रकाश एसोसिएट्स ने 4,616 करोड़ रुपये का कर्ज नहीं चुकाया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

संकटग्रस्त जेपी समूह की प्रमुख कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स ने मूलधन व ब्याज राशि सहित 4,616 करोड़ रुपये के ऋण का भुगतान नहीं किया है. जेएएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी ने 30 अप्रैल को 1,751 करोड़ रुपये की मूल राशि और 2,865 करोड़ रुपये के ब्याज के भुगतान में चूक की है. कंपनी का कुल उधार (ब्याज सहित) 29,805 करोड़ रुपये है, जिसे 2037 तक चुकाया जाना है. इसमें से 30 अप्रैल 2024 तक 4,616 करोड़ रुपये बकाया था. ये ऋण विभिन्न बैंकों से लिया गया है. कंपनी ने कहा कि 29,805 करोड़ रुपये की कुल उधारी में से 18,955 करोड़ रुपये प्रस्तावित विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) को हस्तांतरित किए जाएंगे. इसके लिए सभी विधिवत अनुमोदित एक व्यवस्था योजना को हितधारकों की मंजूरी मिल गई है, हालांकि यह राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) की मंजूरी के लिए लंबित है. कंपनी ने कहा कि किसी भी स्थिति में संपूर्ण ऋण पुनर्गठन के अधीन है. जेएएल ने कहा, एक जिम्मेदार उधारकर्ता के तौर पर कंपनी उधारी को कम करने के लिए ठोस कदम उठा रही है. सीमेंट व्यवसाय के प्रस्तावित विनिवेश और विचाराधीन पुनर्गठन के बाद, संशोधित पुनर्गठन योजना के कार्यान्वयन पर उधारी लगभग शून्य हो जाएगी.

## सीजी पावर का शुद्ध लाभ 233.81 करोड़ रुपये हुआ

**चेन्नई ।** सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 233.81 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में मुनाफा 426.22 करोड़ रुपये रहा था. सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड का 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ 1,427.61 करोड़ रुपये रहा.

## टोल राजस्व संग्रह 29% बढ़ा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स का अप्रैल में टोल राजस्व संग्रह 29 प्रतिशत बढ़कर 503 करोड़ रुपये रहा. कंपनी ने पिछले वर्ष इसी महीने टोल संग्रह से 388 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया था.

आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स के उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमिताभ मुरारका ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में टोल संग्रह सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़ा. नए साल की शुरुआत में 29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि काफी आशाजनक लग रही है.

उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान बुनियादी ढांचे के विकास पर है, खासकर सड़कों तथा राजमार्गों के क्षेत्र पर. कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में टोल संग्रह की गति में तेजी आएगी.

**बाजार**

### सेंसेक्स-निफ्टी फ्लैट बंद पर एनर्जी ऑटो स्टॉक्स ने बाजार में भरा जोश

# निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में उछाल, 50036 अंकों पर हुआ बंद

**एजेंसी । मुंबई**



बुधवार को पूरे दिन भारी उठापटक देखने के बाद भारतीय शेयर बाजार फ्लैट बंद हुआ है. हालांकि पिछले दो सेशन से गिरावट के का सामना कर रहे मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में तेजी देखने को मिली है. बुधवार के सत्र में एनर्जी और ऑटो शेयरों में भी खरीदारी रही. इसके बावजूद बीएसई सेंसेक्स 46 अंकों की गिरावट के साथ 73,466 अंकों पर बंद हुआ है जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी फ्लैट बंद हुआ है. बुधवार को कारोबार में बाजार में तेजी रहने के चलते बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैपिटलाइजेशन 400 लाख करोड़ रुपये को पार करते हुए 400.85 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ है. जबकि पिछले कारोबारी सत्र में मार्केट कैप 398.43 लाख करोड़ रुपये था. यानि मार्केट कैप में 2.42 लाख करोड़ रुपये का उछाल देखने को मिला है. बाजार में जिन 3926 स्टॉक्स में ट्रेडिंग हुई उसमें 2133 शेयर्स गेती के साथ बंद हुए और 1661 शेयर्स में गिरावट रही.

**शेयर तेजी के साथ हुआ बंद :** बुधवार के कारोबार में ऑटो, एफएमसीजी, मेटल्स, र्यल एस्टेट, मीडिया, एनर्जी और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर तेजी के साथ बंद हुए जबकि बैंकिंग, आईटी, हेल्थकेयर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में बुधवार के सत्र में रौनक लौट आई. मिडकैप इंडेक्स 361 अंकों के उछाल के साथ 50 हजार के पार 50036 अंकों पर बंद हुआ है. जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 94 अंकों की तेजी के साथ क्लोज हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 15 स्टॉक्स तेजी के साथ और 15 गिरकर बंद हुए. वहीं टाटा मोटर्स का शेयर 2.43 फीसदी, पावर ग्रिड 2.25 फीसदी, एनटीपीसी 1.89 फीसदी, एलएंडटी 1.53 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.41 फीसदी, नेस्ले 1.19 फीसदी, रिलायंस 1.18 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है जबकि एशियन पेंट्स 2.31 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.76 फीसदी, एचयूएल 1.65 फीसदी की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है.

# हैप्पिएस्ट माइंड्स टेक का मुनाफा 24.83 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी । नयी दिल्ली**




सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 24.83 प्रतिशत बढ़कर 71.98 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 57.66 करोड़ रुपये रहा था. हैपिएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय सालाना अधार पर 10.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 417.29 करोड़ रुपये रही जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में यह 377.98 करोड़ रुपये थी. वार्षिक मुनाफा 7.53 प्रतिशत बढ़कर 248.39 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह 230.99 करोड़ रुपये था. वित्त वर्ष 2023-24 की परिचालन आय 13.66 प्रतिशत बढ़कर 1,624.66 करोड़ रुपये हो गई. वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1429.29 करोड़ रुपये थी. कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए दो रुपये प्रति शेयर पर 3.25 रुपये का अंतिम लाभांश की सिफारिश की है.

कई यात्रियों ने अंतिम समय में अपनी उड़ान रद्द होने के खिलाफ किया प्रदर्शन, कंपनी ने असुविधा के लिए जताया खेद

# एयर इंडिया की 80 उड़ानें रद्द, हवाई अड्डों पर अफरातफरी

एजेंसी। नयी दिल्ली/कोच्चि

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मंगलवार रात से अपनी 80 से अधिक उड़ान रद्द कर दी हैं क्योंकि टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कथित कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन के तौर पर बड़ी संख्या में चालक दल के वरिष्ठ सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है. सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. इसके बाद देश के अनेक हवाई अड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं. केरल के कुछ हवाईअड्डों पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के कई यात्रियों ने अंतिम समय में अपनी उड़ान रद्द होने के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे. कुछ यात्रियों ने दावा किया कि उन्हें सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद उड़ान निरस्त होने की सूचना दी गई. उड़ानें रद्द होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने को कहा और उससे उड़ानें रद्द होने पर रिपोर्ट मांगी है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ऐसा समझा जा रहा है कि एयरलाइन के कथित कुप्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के तौर पर चालक दल के 200 से अधिक सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी है. विमान कर्मियों की कमी की वजह से मंगलवार रात से अब तक 80 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं और बड़ी संख्या में उड़ानों में देरी हुई है. कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू समेत अनेक हवाई अड्डों पर कंपनी का विमान परिचालन अवरुद्ध हो गया है.

### खास बातें

- चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण उठाया कदम
- मंत्रालय ने प्रबंधन से समस्या का हल निकालने को कहा



### चालक दल सदस्यों से बातचीत कर रही कंपनी

एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी चालक दल के सदस्यों द्वारा बीमार होने की सूचना देने के संबंध में कारणों का पता लगाने के लिए उनसे बातचीत कर रही है. कंपनी ने उड़ानें रद्द होने या इनमें देरी के लिए खेद जताया. एयर इंडिया एक्सप्रेस में एआईएक्स कनेक्ट (पूर्ववर्ती एयरएशिया इंडिया) के विलय की प्रक्रिया चल रही है. विलय की प्रक्रिया शुरू होने के बाद से इसके चालक दल के कुछ सदस्यों में असंतोष व्याप्त है.

### कर्मियों के साथ समान बर्ताव नहीं : चालक दल संघ

एयर इंडिया एक्सप्रेस चालक दल के एक संघ ने पिछले महीने आरोप लगाया था कि विमानन कंपनी में कुप्रबंधन की स्थिति है. कर्मचारियों के साथ समान बर्ताव नहीं किया जा रहा. एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ एक पंजीकृत कर्मचारी संगठन है जो चालक दल के करीब 300 सदस्यों का प्रतिनिधित्व करता है जिनमें अधिकतर वरिष्ठ कर्मी हैं. संघ ने आरोप लगाया था कि कंपनी में कुप्रबंधन ने कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित किया है.

## भाजपा सरकार संकट में नहीं मजबूती से कर रही काम: सैनी

एजेंसी। चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीन निर्दलीय विधायकों के राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि उनकी सरकार संकट में नहीं है और मजबूती से काम कर रही है. निर्दलीय विधायक सोमबीर सांगवान (दादरी), रणधीर सिंह गोलन (पुंडरी) और धर्मपाल गोंदर (नीलोखेड़ी) ने मंगलवार को भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया और घोषणा की कि वे कांग्रेस का समर्थन करेंगे जिससे राज्य विधानसभा में सैनी सरकार अल्पमत में आ गयी है. सैनी ने निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर सिरसा में पत्रकारों से कहा, 'सरकार किसी संकट में नहीं है, वह मजबूती से काम कर रही है.' सैनी सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के लिए प्रचार कर रहे थे. हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में सदस्यों की मौजूदा संख्या 88 है. भाजपा सरकार के पास बहुमत से दो विधायक कम हैं. वर्तमान में भाजपा नीत सरकार को दो अन्य निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है.

## ब्रीफ खबरें

### बारिश के कारण दीवार गिरने से सात की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से चार साल के एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई. बाचूपल्ली पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार रात की है और इसमें मारे गए लोग ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रवासी श्रमिक थे. बुधवार सुबह खुदाई करने वाली मशीन की मदद से मलबे से उनके शव निकाले गए. हैदराबाद और तेलंगाना के अनेक हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया.

### हाथी के हमले में छायाकार की मौत

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ में बुधवार को जंगली हाथी के हमले में एक प्रमुख मलयालम समाचार चैनल के छायाकार की मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि 'मातृभूमि न्यूज' के लिए काम करने वाले ए.वी. मुकेश (34), कासाबा पुलिस थाना क्षेत्र में कन्जिकोदे के समीप पानमरक्काद में हाथी के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए थे. पुलिस ने बताया कि घटना के समय मुकेश ड्यूटी पर थे.बताया कि मुकेश को पास के अस्पताल ले जाया गया लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी.

### रूस ने यूक्रेन के सात स्थानों पर किये हमले

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि रूस ने बुधवार को देश में सात स्थानों को निशाना बनाकर 50 से अधिक मिसाइलों और ड्रोन से ऊर्जा इकाइयों पर हवाई हमले किए. अधिकारियों ने बताया कि रूस के कब्जे वाले क्षेत्र में नीपर नदी से किए गए हमलों में खेरसोन शहर में रेलवे स्टेशन और पटरियों को नुकसान हुआ है और कीव से लगे ब्रोवेरी में दो लोग घायल हो गए. रूस ने 27 अप्रैल को ऊर्जा इकाइयों पर बड़ा हवाई हमला किया था और उससे एक सप्ताह पहले एक और हमला किया था.

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर आदेश कल

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा. गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा, "हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे. गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी.''

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के विवादित बयान पर भड़के प्रधानमंत्री

# शहजादे के अंकल ने भारतीयों का किया अपमान : नरेंद्र मोदी

एजेंसी। हैदराबाद

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के भारतीयों के रंग को लेकर की गई टिप्पणी ने लोकसभा चुनाव में नया विवाद खड़ा कर दिया है. पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पित्रोदा के विवादित बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला. उन्होंने तेलंगाना में एक रैली के दौरान कहा कि अमेरिका में बैठे शहजादे के अंकल ने नया राज खोला है. बताया कि काले दिखने वाले लोग अफ्रीकी होते हैं. मैं बहुत गुस्से में हूं क्योंकि आज उन लोगों ने भारतीयों को इतनी बड़ी गाली दी है. इससे पहले इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने एक इंटरव्यू में यह कह कर नया विवाद खड़ा कर दिया था कि भारतीयों के रंग में काफी विविधता है, पूर्वोत्तर में रहनेवाले भारतीय चीनियों जैसे दिखते हैं, पश्चिम के भारतीय थोड़ा गोरे दिखते हैं.

**कांग्रेस ने बयान से किया किनारा :** उधर, सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस पार्टी ने खुद को अलग कर लिया है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत की विविधता को दर्शाने के लिए सैम पित्रोदा द्वारा भारतीयों को लेकर की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस बयान से खुद को पूरी तरह अलग करता है. लोकसभा चुनाव के दौरान पित्रोदा के नए विवादित बयान ने कांग्रेस की मुश्किल बढ़ा दी है. पीएम नरेंद्र मोदी ने इस बयान पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम न लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चमड़ी के रंग के आधार पर देश के कई लोगों का अपमान किया गया है.



### आखिर क्या बोले हैं सैम पित्रोदा

कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने एक मीडिया हाउस से बात करते हुए भारतीयों के रंग-रूप को लेकर नस्लीय टिप्पणी की है. उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में रहने वाले भारतीय लोग चीनी जैस नजर आती है. दक्षिण भारतीय तो अफ्रीकी जैसे दिखते हैं. उन्होंने आगे कहा कि उत्तर भारतीय कुछ हद तक गोरे हैं. भारत की विविधता की बात करते हुए सैम पित्रोदा की विवादित टिप्पणी से नया विवाद पैदा हो गया है. हालांकि सैम पित्रोदा का मकसद भारत की विविधता के बारे में समझाना था, लेकिन इसे पीएम मोदी ने तिल का ताड़ बना दिया है. सैम पित्रोदा ने कहा कि हम विविधता में एकता बनाए रखते है. बीते 75 सालों में हमने एक अच्छा माहौल तैयार किया है, जहां हर कोई रह सकता है. कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम भारत जैसे विविधता वाले देश को साथ रखते हैं. पूर्वी भारत में लोग चीन जैसे दिखते हैं. पश्चिम के लोग अरब जैसे हैं और उत्तर वाले गोरों की तरह और दक्षिण भारतीय तो अफ्रीकी जैसे नजर आते है. यह मायने नहीं रखता. हम सभी एक हैं और भाई-बहन हैं. सैम पित्रोदा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा हे.

### मतदाताओं ने गलती की तो राम मंदिर में लगा जायेगा 'बाबरी' नाम का ताला : शाह

**लखीमपुर खीरी ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की सरकार बनी तो अयोध्या के राम मंदिर पर 'बाबरी' नाम का ताला लगा दिया जाएगा. शाह ने खीरी सीट से भाजपा उम्मीदवार अजय मिश्रा 'टेनी' के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव के एक बयान का जिक्र किया और कहा, 'रामगोपाल यादव राम मंदिर को बेकार बताते हैं. मेरी बात याद रखना. जरा भी गलती की तो ये लोग राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगा देंगे.' उन्होंने कांग्रेस पर राम मंदिर के मुद्दे को 70 साल से लटका कर धोखा देने का आरोप लगाते हुए दावा किया, ' मोदी जी को आपने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया. उन्होंने पांच ही साल में केस भी जीता. भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा करके जय श्री राम कर दिया.'



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लगाया बड़ा आरोप

# पैसे देकर वोट खरीद रही है भाजपा

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोगों को पैसे देकर उनके वोट खरीद रही है. तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार मिताली बाग के समर्थन में आरामबाग में रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा वोट खरीदने के लिए लोगों को 5,000 रुपये, 10,000 रुपये और 15,000 रुपये तक दे रही है. उन्होंने कहा, 'इस समय के भाजपा नेता पुराने समय के माकपा वाले असामाजिक लोग जैसे ही हैं। यदि आप नहीं चाहते कि आतंक का राज कायम हो, तो भाजपा को वोट देने से बचें.' उन्होंने कहा, 'अगर इस बार मोदी जीत जाते हैं तो सबकुछ खत्म हो जाएगा. और भविष्य में कोई चुनाव भी नहीं होगा.' बनर्जी ने कहा कि यह चुनाव दिल्ली में सत्ता समीकरण बदलने के लिए है.

उन्होंने कहा, 'दिल्ली में इस सत्ता समीकरण को बदलना होगा और बदलाव लाना होगा.' तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की पश्चिम बंगाल के लोगों को बदनाम करने की आदत है. उन्होंने कहा, 'देखिए, उन्होंने किस तरह संदेशखालि की महिलाओं को दुष्कर्म के झूठे आरोप लगाने के लिए पैसे देकर उनका अपमान किया है.' ममता ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 26,000 शिक्षकों की नौकरी छीन ली. उन्होंने कहा, 'लेकिन सच सामने आ गया है. उच्चतम न्यायालय के कल के फैसले के बाद मैं वास्तव में संतुष्ट महसूस कर रही हूं कि कुछ समय के लिए नौकरियां बच गईं.' बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह से शाम तक झूठ बोलते रहते हैं. उन्होंने कहा, 'भाजपा सीएए और एनआरसी का इस्तेमाल करके लोगों को बाहर निकाल देगी. अगर मोदी फिर से सत्ता में आते हैं तो अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा.' ममता ने कहा, 'मोदी कहते हैं कि हमारी पार्टी ने 100 दिन के काम का पैसा हड़प लिया, जबकि 100 दिन के काम के तहत राज्य सरकार ने 24 करोड़ रुपये बचाए.'



■ कहा-अगर इस बार मोदी जीत जाते हैं तो सबकुछ खत्म हो जाएगा और भविष्य में कोई चुनाव भी नहीं होगा

मडिगा समुदाय को 'आरक्षण के अंदर आरक्षण'

## पीएम मोदी का वादा क्या केवल 'जुमला' है : कांग्रेस

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेलंगाना में चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस ने बुधवार को उनसे मडिगा जाति के लिए 'आरक्षण के अंदर आरक्षण' का वादा करने को लेकर पूछा कि क्या यह उनका एक और 'जुमला' साबित होगा. पार्टी ने पूछा कि इस वादे के बाद प्रधानमंत्री को जाति जनगणना पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी पूछा कि काजीपेट में वादा किया गया रेल कोच कारखाना कहां है और प्रधानमंत्री बयारम स्टील संयंत्र का वादा पूरा करने में विफल क्यों रहे. रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'तेलंगाना जाते समय प्रधानमंत्री से आज के प्रश्न : काजीपेट में रेल कोच कारखाना कहां है? प्रधानमंत्री बयारम स्टील संयंत्र और आईटीआईआर देने में क्यों विफल रहे? जनगणना या जाति जनगणना के बिना क्या प्रधानमंत्री का मडिगा समुदाय को 'आरक्षण के अंदर आरक्षण' का वादा सिर्फ एक जुमला है?' रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने हाल में मडिगा समुदाय को 'आरक्षण के अंदर आरक्षण' की उनकी लंबे समय से लंबित मांग पर 'जुबानी जमा खर्च' शुरू कर दिया है. उन्होंने कहा, 'सबसे अच्छा वादा जो वह (प्रधानमंत्री) कर सकते हैं वह यह है कि मांग पर गौर करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी, लेकिन उनके द्वारा पहली बार इस बाबत प्रतिबद्धता जताए जाने के बाद से पांच महीने गुजरने पर भी कुछ सार्थक नहीं हुआ है.



## एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोविड-19 टीके वापस मंगाए

एजेंसी। नयी दिल्ली/लंदन

ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं. कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है.

कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं. एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी. एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके विकसित करने के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी की थी. इन टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में 'वैक्सजेवरिया' के नाम से बेचा गया था. यूरोपीय संघ (ईयू) की औषधि नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि मार्च में एस्ट्राजेनेका द्वारा मंजूरी वापस लेने के बाद वैक्सजेवरिया अब ईयू के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल के लिए अधिकृत नहीं है.




### छग में नक्सलियों ने किया धारदार हथियार से हमला, एक गंभीर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में बुधवार को नक्सलियों ने धारदार हथियार से हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के रोहताड़ गांव के जंगल में नक्सलियों ने एक ग्रामीण गुड्डू के सिर पर तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया. बाद में जिला रिजर्व गार्ड के दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया तथा घायल ग्रामीण को अस्पताल पहुंचाया गया. घटनास्थल से माओवादियों का एक हस्तलिखित नोट बरामद हुआ है जिसमें उन्होंने दावा किया है कि वह व्यक्ति पुलिस मुखबिर के रूप में काम कर रहा था. बताया कि ग्रामीण के बारे में विवरण इकट्ठा किया जा रहा है.

## ईवीएम में छेड़छाड़ के लिए करोड़ों मांगने के आरोप में फौजी गिरफ्तार

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी मारुती धाकने (42) ने एक चिप के जरिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा कर उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे. आरोपी ने दावा किया कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है. पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया. वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता है. मंगलवार शाम करीब चार बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के समीप एक होटल में शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की.



### पुलिस आयुक्त ने पत्रकारों को बताया, आरोपी पर काफी कर्ज है

पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने पत्रकारों को बताया, आरोपी पर काफी कर्ज है. उसने अपना कर्ज उतारने के लिए यह चाल चली. वह मशीन के बारे में कुछ नहीं जानता. हमने उसे गिरफ्तार कर लिया है और यहां क्रांति चौक पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है. एक अन्य अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 511 (अपराध करने की कोशिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कोष में दिए पांच लाख डॉलर

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कोष में 5,00,000 डॉलर का योगदान दिया है जो आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में बहुपक्षीय प्रयासों को समर्थन देने की उसकी अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है. संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत रुचिरा कम्बोज ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को 'यूएन काउंटर-टेररिज्म ट्रस्ट फंड' में देश की ओर से पांच लाख डॉलर का स्वैच्छिक वित्तीय योगदान सौंपा. कम्बोज ने एक बयान में कहा, 'भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में आतंकवाद-रोधी कार्यालय के निर्णय व कार्यों को महत्व देता है.'

**छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का फैसला** मुस्लिम पिता और हिंदू माता से उत्पन्न बच्चे का संरक्षण पिता को देने से किया इनकार

# लिव इन रिलेशनशिप भारतीय संस्कृति के लिए कलंक

एजेंसी। बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप को भारतीय संस्कृति के लिए कलंक बताते हुए मुस्लिम पिता और हिंदू माता से उत्पन्न बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता को देने से इनकार कर दिया. हाईकोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस अग्रवाल की खंडपीठ ने पहले से विवाहित अब्दुल हमीद सिद्दीकी (43) और 36-वर्षीया एक हिंदू महिला के लिव इन रिलेशनशिप से जन्म लिये एक बच्चे के संरक्षण का अधिकार पिता (सिद्दीकी) को देने से इनकार कर दिया है. खंडपीठ ने कहा है, समाज के कुछ वर्गों में लिव इन रिलेशनशिप भारतीय संस्कृति में कलंक के रूप में जारी है. इस तरह का संबंध एक आयातित धारणा है, जो भारतीय रीति की सामान्य अपेक्षाओं के विपरीत है.

**क्या है पूरा मामला :** बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा जिले का निवासी अब्दुल हमीद सिद्दीकी तीन वर्ष से एक हिंदू महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था, जबकि उसकी (सिद्दीकी की) पहली पत्नी से तीन बच्चे भी हैं. उन्होंने बताया कि लिव-इन में रहते हुए हिंदू महिला ने अगस्त 2021 में एक बच्चे को जन्म दिया, लेकिन बाद में अचानक 10 अगस्त 2023 को महिला अपने बच्चे के साथ लापता हो गई. उन्होंने बताया कि अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने वर्ष 2023 में हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की, जिसकी सुनवाई के दौरान महिला अपने माता-पिता एवं बच्चे के साथ पेश हुई. महिला ने अदालत को बताया कि वह अपनी मर्जी से अपने माता-पिता के साथ रह रही है. इधर, बच्चे से नहीं मिलने देने पर सिद्दीकी ने कुटुम्ब अदालत, दंतेवाड़ा में अर्जी दायर की. उसने प्रार्थना की कि वह अपने बच्चे की परवरिश करने में सक्षम है, इसलिए उसे बच्चे को सौंप दिया जाए. कुटुम्ब अदालत ने उसकी अर्जी ख़ारिज कर दी. तब सिद्दीकी ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की. याचिका में दलील दी गयी थी कि उसने (सिद्दीकी ने) मुस्लिम कानून के तहत दूसरी शादी की है और उसका विवाह वैध है. साथ ही बच्चे के संरक्षण का अधिकार हासिल करने का भी अनुरोध अदालत से किया. अदालत में महिला की तरफ से दलील दी गयी कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह वैध नहीं है तथा लिव-इन संबंध उत्पन्न संतान पर उसका (सिद्दीकी का) हक नहीं बनता है.



### जानिए उच्च न्यायालय ने और क्या-क्या कहा

अदालत ने कहा, एक विवाहित व्यक्ति के लिए लिव इन रिलेशनशिप से बाहर आना बहुत आसान है और ऐसे मामलों में उक्त कष्टप्रद लिव इन रिलेशनशिप में धोखा खा चुकी महिला की वेदनीय स्थिति और उक्त रिश्ते से उत्पन्न संतानों के संबंध में अदालत अपनी आंखें बंद नहीं कर सकती है. हाईकोर्ट ने दो अलग-अलग धर्मावलंबियों के बीच के ऐसे रिश्ते की पृष्ठभूमि में स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत कानून के प्रावधानों को किसी भी अदालत के समक्ष तब तक वैध ठहराने की दलील नहीं दी जा सकती जब तक कि इसे (कानूनी) प्रथा के रूप में पेश और साबित नहीं किया जाता है. खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई के बाद 30 अप्रैल 2024 को फैसला सुनाया और कुटुम्ब अदालत के 13 दिसम्बर 2023 के निर्णय से सहमत होते हुए बच्चे के संरक्षण का अधिकार प्राप्त करने के लिए पेश हमीद की अपील ख़ारिज कर दी. अदालत ने टिप्पणी भी की कि लिव इन रिलेशनशिप जैसी आयातित धारणा अब भी भारतीय संस्कृति में कलंक के तरह ही है.

## गाजा में मानवीय सहायता के लिए अहम क्रॉसिंग फिर खुली

एजेंसी। यरुशलम

इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसने गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अहम केरेम शालोम क्रॉसिंग को फिर से खोल दिया है. क्रॉसिंग के समीप हमास के एक रॉकेट हमले में चार इजराइली सैनिकों के मारे जाने के बाद इसे रविवार को बंद कर दिया गया था. एक इजराइली टैंक ब्रिगेड ने मंगलवार की सुबह रफह क्रॉसिंग पर कब्जा कर लिया और यह क्रॉसिंग बंद है. एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने रातभर इलाके में विस्फोट और गोलीबारी की आवाजें सुनीं. इसमें बुधवार को सुबह हुए दो विस्फोट भी शामिल थे. युद्ध की शुरुआत से ही रफह मानवीय सहायता का एक महत्वपूर्ण माध्यम रहा है और यह इकलौता राज्य है जहां से लोग गाजा में आ और जा सकते हैं. करीब दो दशक पहले क्षेत्र से सैनिकों की वापसी के बाद से पहली बार गाजा सीमा की सभी क्रॉसिंग पर इजराइल का कब्जा है. गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि चिकित्सीय इलाज के लिए जाने वाले कम से कम 46 मरीज और घायल फंस गए हैं. संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और सहायता समूहों ने हाल के सप्ताहों में मानवीय सहायता बढ़ा दी है क्योंकि इज़राइल ने अपने निकटतम सहयोगी अमेरिका के दबाव में कुछ प्रतिबंध हटा दिए हैं और उत्तर में एक अतिरिक्त क्रॉसिंग खोल दी है.



मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)